✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 181 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 28 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



झारखंड के मधुपुर में बुढ़ैई नवान्न मेला सह वार्षिक पूजा में उमड़ा आस्था का जन सैलाब


मंईयां सम्मान ₹2500

अधिवक्ताओं और राज्यकर्मियों के लिए स्वास्थ्य बीमा

झारखण्ड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग का गठन

रांची में हाईटेक फ्लाईओवर

झारखण्ड फ़्लाईंग इंस्टिट्यूट शुरु

520 बेड बहुमंजिला छात्रावास का निर्माण शुरु

महिला महाविद्यालय, डिग्री कॉलेज एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति

पहले मिल्क पाउडर प्लांट की आधारशिला

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से 40 हजार महिलाओं को करोड़ों रुपए की मदद

2 लाख 80 हजार से अधिक SHGs को ₹17,374 Cr क्रेडिट लिंकेज

हजारों स्टूडेंट्स को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ

पलाश ब्रांड से ₹56.47 Cr का व्यापार

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं रजत पर्व पर भव्य आयोजन

राजस्व निरीक्षक, स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायकों, स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, चिकित्सा पदाधिकारियों, विधि सहायक आदि अंतर्गत विभिन्न विभागों में हजारों नियुक्तियां

मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना

खूंटी, चाईबासा एवं चांडिल में BAR COUNCIL BULIDING का शिलान्यास

मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना

स्कूलों में STEM एवं SCIENCE लैब की स्थापना

राज्य में नए 800 MW बिजली का उत्पादन

इको टूरिज्म को बढ़ावा

4th SAAF CHAMPIONSHIP 2025 का आयोजन

झारखण्ड 25 अनंत संभावनाओं की ओर

## हेमन्त सरकार के

# प्रथम वर्षगांठ

## पर चयनित हजारों अभ्यर्थियों का

# नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

28 नवंबर, 2025

अपराह्न 12:15 बजे से

मोरहाबादी मैदान, रांची

स्कैन करें और इस समारोह के सहभागी बनें!

अध्यक्षता

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सम्मानित अतिथि

श्री राधा कृष्ण किशोर — माननीय मंत्री
श्री दीपक बिरुवा — माननीय मंत्री
श्री चमरा लिण्डा — माननीय मंत्री
श्री संजय प्रसाद यादव — माननीय मंत्री
श्री इरफान अंसारी — माननीय मंत्री
श्री हफीज़ुल हसन — माननीय मंत्री
श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह — माननीय मंत्री
श्री योगेन्द्र प्रसाद — माननीय मंत्री
श्री सुदिव्य कुमार — माननीय मंत्री
श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की — माननीय मंत्री



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR-367263 (IPRD) 25-26

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## मुख्यमंत्री ने मीठापुर-महुली-पुनपुन पथ एवं सर्विस पथ का किया निरीक्षण

# अधिकारियों को निर्माण में तेजी लाकर कार्य पूर्ण करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर-महुली-पुनपुन पथ फेज- 2 के तहत सिपारा गुमटी पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य तथा सिपारा से मीठापुर एलिवेटेड 2.1 किलोमीटर निर्माणाधीन पथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने मीठापुर फ्लाईओवर, सिपारा गुमटी एवं बाईपास के निकट निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। ज्ञातव्य है कि मीठापुर-महुली-पुनपुन पथ की कुल लंबाई 11.90 किलोमीटर है जिसमें 5.20 किलोमीटर एलिवेटेड (4-लेन) पथ तथा 6.70 किलोमीटर एटग्रेड (4-लेन) पथ शामिल है। इसमें भूपतिपुर से महुली एलिवेटेड पथ



का निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए चालू कर दिया गया है। साथ ही महुली से पुनपुन एटग्रेड पथ का भी निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है जिसका उद्घाटन 16.06.2025 को मुख्यमंत्री द्वारा किया जा चुका है। वर्तमान में फेज-2 के तहत सिपारा गुमटी पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्य तथा सिपारा से मीठापुर एलिवेटेड 2.1 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य जारी है जिसे अगस्त-2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इस 4-लेन पथ का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी तथा पटना शहर में जाम की समस्या से निजात मिलेगी। यह 4 लेन सड़क पुनपुन में पटना-गयाजी नेशनल हाइवे पथ से जुड़ने के कारण पटना से गयाजी आवागमन में लोगों को काफी सुविधा होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मीठापुर फ्लाईओवर से चिरैयाटांड़ फ्लाईओवर को जोड़ने हेतु पहुंच पथ एवं सर्विस पथ के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ज्ञातव्य है कि मीठापुर-चिरैयाटांड़-करबिगहिया फ्लाईओवर पथ, पटना शहर स्थित मीठापुर फ्लाईओवर से चिरैयाटांड़ फ्लाईओवर (भाया करबिगहिया) को जोड़ने हेतु पहुंच पथ एवं सर्विस पथ (दोनों तरफ) का निर्माण कार्य जारी है। इस पथ की चौड़ाई 15.50 मीटर तथा लम्बाई 1.73 किलोमीटर है जिसे जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूर्ण होने से करबिगहिया स्टेशन के समीप ट्रैफिक जाम की समस्या समाप्त होगी। यह फ्लाईओवर आर-ब्लॉक गोलम्बर, जीपीओ गोलम्बर, मीठापुर गोलम्बर करबिगहिया स्टेशन होते हुए कंकड़बाग इलाके से जुड़ेगा। साथ ही यह फ्लाईओवर मीठापुर गोलम्बर से निर्माणाधीन नए महुली-मीठापुर फ्लाईओवर तथा मीठापुर गोलम्बर से एन0एच0-31 न्यू बाईपास से भी जुड़ेगा। इस फ्लाईओवर के बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी तथा पटना शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या में कमी आयेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पथ निर्माण विभाग के सचिव डॉ. संदीप कुमार आर. पुदकलकट्टी, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य साक्षरता और संवाद ही है महिला सशक्तिकरण की कुंजी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में इक्विटी फाउंडेशन के सहयोग से महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण और निवारक स्वास्थ्य देखभाल जैसे विषयों पर जागरूक करना था। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि 'महिला स्वास्थ्य के लिए प्रारंभिक जागरूकता, स्वास्थ्य साक्षरता और खुला संवाद अत्यंत आवश्यक है। यही महिला सशक्तिकरण की वास्तविक कुंजी है।' मुख्य वक्ता डॉ. निमिषा अग्रवाल ने मनोदैहिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और पोषण पर छात्राओं के साथ संवादात्मक चर्चा की। इक्विटी फाउंडेशन की संस्थापक सदस्य नीना श्रीवास्तव भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। संस्था के प्रतिनिधियों ने महिलाओं के स्वास्थ्य संवर्धन और सामाजिक कलंकों को दूर करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन विशाल विजय (एन.एस.एस.) ने किया और धन्यवाद ज्ञापन नीतू तिवारी ने प्रस्तुत किया।

## कृषि मंत्री ने किया सोनपुर मेला में कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन

### फसल अवशेषों को खेतों में न जलाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा आज विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष, राज्य किसान आयोग रूप नारायण मेहता प्रधान सचिव, कृषि पंकज कुमार, विशेष सचिव वीरेन्द्र प्रसाद यादव, प्रबंध निदेशक, बी0आर0बी0एन0 डॉ0 स्पर्श गुप्ता, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार सहित सारण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के पदाधिकारीगण एवं किसानगण उपस्थित थे। मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि हरिहर क्षेत्र के इस पावन धरती पर विश्व प्रसिद्ध मेला में कृषि प्रदर्शनी



का शुभारम्भ करते हुए मुझे हर्ष एवं गर्व महसूस हो रहा है। सोनपुर वह पावन धरती है जहां पौराणिक काल में कभी गज एवं ग्राह की लड़ाई हुई थी। गज अपने को असुरक्षित महसूस कर भगवान से मदद की गुहार लगाया था एवं भगवान असहाय गज की पुकार सुन स्वयं प्रकट होकर ग्राह से गज की रक्षा की थी। यहां बाबा हरिहरनाथ जी का भव्य पौराणिक मंदिर भी है। प्राचीन हरिहरनाथ मंदिर हिन्दुओं का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है जहां वर्षों से कार्तिक पूर्णिमा से एक महीने तक के लिए विश्व प्रसिद्ध मेला का आयोजन किया जाता रहा है।

# गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस का इज्जतनगर (बरेली) तक विस्तार

### अश्विनी वैष्णव और जितिन प्रसाद ने किया रेल भवन, नई दिल्ली से विस्तार का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** लंबे वक्त से चली आ रही जनता की मांग को पूरा करते हुए केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के साथ, रेल भवन, नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस के इज्जतनगर (बरेली) तक विस्तार को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन पहले लखीमपुर और गोरखपुर के बीच चलती थी और कुछ महीने पहले ही इसकी सेवा पीलीभीत



तक बढ़ाई गई थी। अब इसे बरेली तक बढ़ा दिया गया है। यह पहल उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में संपर्क को मजबूत करने और इसे विकास की मुख्यधारा से और अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ने की दिशा में भारतीय रेलवे द्वारा उठाया गया एक बड़ा कदम है। इज्जतनगर (बरेली) तक सेवा के विस्तार की सेवा का इंतजार स्थानीय निवासियों को लंबे समय से था। अब इसके होने से इस क्षेत्र को दूरगामी लाभ होने की उम्मीद है। इससे कृषि और वन उत्पादों के लिए बेहतर बाजार पहुंच मुमकिन होगी, लोगों की आवागमन संबंधी जरूरतें पूरी होंगी और तराई क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी तेजी आएगी। बेहतर संपर्क के चलते पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे जिससे समग्र क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 2014 से उत्तर प्रदेश में हुए रेलवे के अभूतपूर्व विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य में 5,272 किलोमीटर नए ट्रैक बनाए गए हैं, जो स्विट्जरलैंड के पूरे रेल नेटवर्क से भी ज्यादा है। इसके साथ ही राज्य ने अपने रेल मार्गों का 100% विद्युतीकरण भी हासिल कर लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवधि के दौरान पूरे उत्तर प्रदेश में 1,660 फ्लाईओवर और रोड अंडरब्रिज बनाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि यात्रियों हेतु सुविधा बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों पर 154 लिफ्ट और 156 एस्केलेटर लगाए हैं और अब उत्तर प्रदेश के 771 स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान में 34 वंदे भारत एक्सप्रेस और 26 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं जिससे मुसाफिरों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले यात्रा विकल्पों में खासा सुधार हुआ है।

## बिहार में बसपा को बड़ा झटका, प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने दिया इस्तीफा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को एक बड़ा सियासी झटका लगा है। पार्टी के बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसके पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है। उनके इस अचानक फैसले से बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और पार्टी संगठन में भी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। अपने त्यागपत्र में अनिल कुमार ने पार्टी



अध्यक्ष मायावती को संबोधित करते हुए लिखा कि वे वर्तमान में अपरिहार्य निजी कारणों के चलते पार्टी के कार्यों में अपना पूरा समय और योगदान देने में असमर्थ हैं। इसी वजह से वे स्वेच्छा से बिहार प्रदेश प्रभारी पद के साथ-साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे रहे हैं।

## रेल मुख्यालय हाजीपुर में 'हरिवंश राय बच्चन' की जयंती मनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में 'हरिवंश राय बच्चन' की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हरिवंश राय बच्चन हिंदी के वैसे साहित्यकार रहे हैं जिन्होंने हिंदी के प्रचार-प्रसार में अभूतपूर्व योगदान दिया है। 27 नवंबर, 1907 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के बाबूपट्टी नामक गांव में इनका जन्म हुआ था और इन्होंने 'मधुशाला', 'बुद्ध और नाच घर' आदि कई प्रसिद्ध काव्य संग्रहों




को रचते हुए हिंदी साहित्य में एक नए वाद जिसे हम हालावाद के नाम से जानते हैं, उसे जन्म दिया। इनकी आत्मकथा 'क्या भूलूं क्या याद करूं', 'नीड़ का निर्माण फिर', 'बसेरे से दूर' एवं 'दशद्वार से सोपान तक' हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर है। इन आत्मकथाओं में समकालीन साहित्य-संस्कृति के साथ सामाजिक, राजनैतिक संदर्भ हैं जिन्हें हमें जरूर पढ़ना चाहिये। मौके पर आमंत्रित वक्ता प्रियदर्शी सुजीत, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (दावा) ने बचपन की यादों को साझा करते हुए हरिवंश राय बच्चन की कविताओं की मार्मिकता और उसकी व्यापकता को बड़े ही प्रभावी तरीके से श्रोताओं के समक्ष रखा। इसी के साथ अपने वक्तव्य में संतोष कुमार गुप्ता, उप विसमुलेधि (सामान्य) ने बच्चन जी के जीवन और साहित्य पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि बच्चन जी की कविताएं भारतीय परंपरा की उत्सवधर्मिता को व्यक्त करती हैं। यह उत्सव जीवन जगत के तमाम चुनौतियों से जूझते हुए ही मनाया जा सकता है।

## पटना में रोटरी फाउंडेशन डिस्ट्रिक्ट सेमिनार कल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की ओर से 'उपहार-द रोटरी फाउंडेशन डिस्ट्रिक्ट सेमिनार' का आयोजन 29 नवंबर 2025 को होटल पनाश में किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन दानापुर के विधायक रामकृपाल यादव द्वारा किया जाएगा। सेमिनार में रोटरी फाउंडेशन की गतिविधियों, सेवा परियोजनाओं और सामुदायिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। इस अवसर पर रोटरी वर्ष 2025-26 के लिए जिला गवर्नर रोटेरियन नम्रता सहित कई वरिष्ठ रोटेरियन भी उपस्थित रहेंगे। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की ओर से कार्यक्रम की चेयरपर्सन सोनल जैन और प्रेसिडेंट अमिताभ बंका ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि यह फाउंडेशन सेमिनार सामाजिक कार्यों को नई गति देने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। रोटरी पदाधिकारियों ने सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## श्रमिक चौपाल में श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार श्रम मंत्रालय दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से खुसरूपुर प्रखण्ड के मोसिमपुर में श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय निदेशक विनोद जोशी ने बताया कि श्रमिकों के कल्याण के लिए दर्जनों योजनाओं का संचालन कर रही है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए ई श्रम कार्ड, आभा कार्ड और लेबर कार्ड मिल का पत्थर साबित हो रहा है। श्रमिकों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक गांव में श्रमिक चौपाल लगाया जा रहा है। सैकड़ों लोगों को निःशुल्क आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ई




श्रम कार्ड, लेबर कार्ड बनाया गया। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुजीत कुमार ने कहा कि फाउंडेशन श्रमिकों के हितों के रक्षा के लिए संकल्पित है। श्रमिकों को जन्म से मृत्यु तक के लिए सरकार कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है, लेकिन जागरूकता के अभाव में श्रमिक इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। फाउंडेशन लगातार जन चेतना अभियान चलायेगा। चौपाल में गोपी कुमार, अशोक दास समेत सैकड़ों श्रमिक शामिल हुये।

## युवाओं की आंखों को सुरक्षित रखने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मातानंद वेलफेयर फाउंडेशन और स्ट्रैबिस्मस एंड पीडियाट्रिक ऑफ्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (एसपीओएसआई) के सहयोग से एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने राष्ट्रीय मायोपिया सप्ताह 2025 का समर्थन किया गया। यह राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान एक हफ्ते यानि 14 से 20 नवंबर, 2025 तक चला। (ऑपरेशन मायोपिया)-युवा आंखों की सुरक्षा के लिए मिशन थीम वाली इस पहल का उद्देश्य प्रिवेंटिव एजुकेशन (निवारक शिक्षा), विजन स्क्रीनिंग (दृष्टि जांच) कार्यक्रमों और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी के जरिए पूरे भारत में बच्चों और युवाओं में मायोपिया की बढ़ती घटनाओं को कम करना था। बाल दिवस से शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य नियमित आंखों की जांच, बाहर खेलने और स्क्रीन के संपर्क को कम करने पर जोर देना था, ताकि भारत में बच्चों में बढ़ती ''मायोपिया महामारी'' को रोका जा सके। एंटोड फार्मास्यूटिकल्स का उद्देश्य जमीनी और डिजिटल जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जनता तक पहुंचाना और उन्हें शिक्षित करना था, ताकि उन्हें आंखों के स्वास्थ्य और जल्दी हस्तक्षेप के महत्व के बारे में व्यावहारिक जानकारी मिल सके। इस साल के अभियान का एक प्रमुख आकर्षण 'मायोपिया प्रतिज्ञा-राष्ट्रीय मायोपिया सप्ताह 2025' था।

## दानापुर मंडल के पटना जंक्शन पर 'रहें सदा सतर्क' नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर मंडल ट्रेनों के परिचालन के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में समाज कल्याण से जुड़ी गतिविधियों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी क्रम में दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा मंडल संस्कृतिक संघ की प्रस्तुति नुक्कड़ नाटक रहे सदा सतर्क का पटना जंक्शन पर मंचन किया गया। अरुण कुमार द्वारा निर्देशित इस नाटक में रेलवे में नौकरी के नाम की जाने वाली ठगी से बचने के लिए एवं आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से बहुत रोचक ढंग से नाटक



की प्रस्तुति की गई। इसमें यह बताया गया कि कैसे नौकरी के नाम पर होने वाले फर्जीवाड़ा से सावधान रहना चाहिए तथा उचित तरीके से नौकरी पाने को प्रयास किया जाना चाहिए। नाटक में शिव कुमार पासवान, अरुण कुमार, रंजन कुमार सिंह, राजेश कुमार, चंदन शर्मा, पवन कुमार, गोपाल चंद्र वर्मा, रूबी कुमारी ने अपने अभिनय से आकर्षित किया। वही ढोलक पर विजय कुमार थे। आगे भी दानापुर मंडल के द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर इस प्रकार के नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## ए.एन. कॉलेज के सभागार में 'मंथन- रोजगार संवाद' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और मेधा लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ए.एन. कॉलेज के सभागार में 'मंथन-रोजगार संवाद' विषय पर एक दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के एनइपी इंटर्नशिप कोऑर्डिनेटर, बिहार की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभिन्न उद्योगों के नियोक्ता एवं अनेक महाविद्यालयों के एनईपी कोऑर्डिनेटर शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, डॉ अबू




बकर ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम उद्योग क्षेत्र और शिक्षा जगत की वर्तमान आवश्यकताओं को समझने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि एनइपी2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव दिलाने और पाठ्यक्रम आधारित इंटर्नशिप उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा संस्थानों एवं उद्योगों के बीच घनिष्ठ सहयोग आवश्यक है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण एवं सार्थक पहल के लिए मेधा लर्निंग फाउंडेशन के प्रति आभार जताया। पीपीयू के डीएसडबल्यू प्रो. राजीव रंजन ने उद्योगों को यूनिवर्सिटी के साथ-साथ सहयोग के लिए आमंत्रित किया और आगे इस प्रोग्राम को एकेडमिक सत्र की शुरूआत में ही करवाने की बात की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ए.एन. कॉलेज की प्राचार्य, प्रो. रेखा रानी ने की। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम महाविद्यालयों को यह समझने में अत्यंत सहायक हैं कि विद्यार्थियों को वर्तमान उद्योग आवश्यकताओं के अनुरूप कौन-कौन से कौशल सिखाए जाएं। ताकि वे योग्य, सक्षम और इम्पलॉयबल बन सकें। ए. एन. कॉलेज के एनईपी कोऑर्डिनेटर प्रो. के. एन मिश्रा ने इंडस्ट्री और एकेडमिया के बीच तारतम्यता और इंटर्नशिप की उद्देश्यों पर अपनी बात रखी। मेधा के बिहार प्रोग्राम लीड चंद्र भूषण जी ने इस मंथन कार्यक्रम की जरूरत और कार्यक्रम की रूपरेखा पर अपनी बात रखी।

## मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी ने कराया दस मरीजों का नि:शुल्क फेको विधि से ऑपरेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा दस मरीजों का निःशुल्क फेको विधि से मोतियाबिंद का आपरेशन कराया गया। मरीजों के मोतियाबिंद का यह आपरेशन डॉ अभिषेक केडिया द्वारा किया गया। जानकारी देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि मरीजों का चयन रविवार 23 नवम्बर को हुए नेत्र जांच शिविर में किया गया था। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि सभी मरीजों को आपरेशन के बाद दवा एवं चश्मा भी दिया गया। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि सोसाइटी द्वारा रविवार 30 नवम्बर



को सर्वाइकल कैंसर का दूसरा डोज 30 लड़कियों को दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त करीब तीस अन्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर का प्रथम डोज भी दिया जाएगा। मीडिया प्रभारी एम पी जैन ने बताया कि आज के इस कैम्प को सफल बनाने में महावीर अग्रवाल, राधेश्याम बंसल, दिनेश अग्रवाल, हनुमान गोयल, विनोद अग्रवाल, संजय भलोटिया, सुजीत सिंघानिया सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। मौके पर संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल ने बताया कि आगामी रविवार 30 नवम्बर को समिति द्वारा सर्वाइकल कैंसर वैक्सिनेशन का दूसरा डोज प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्रवण कुमार एवं डॉ उषा अग्रवाल, डॉ चारु मोदी तथा डॉ निमिषा अग्रवाल की देख रेख में किशोरियों को लगाया जाएगा।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



मीठापुर-महुली-पुनपुन पथ एवं मीठापुर फ्लाईओवर से चिरैयाटांड़ फ्लाईओवर को जोड़ने हेतु पहुंच पथ एवं सर्विस पथ का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 181 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 28 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना : बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन ने आइआइएम, बोधगया के साथ किया एमओयू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में गुरुवार को बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम), बोधगया के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता मुख्यमंत्री फ़ेलोशिप योजना का हिस्सा है और इसका उद्देश्य प्रशासनिक सुधार, क्षमता निर्माण और नवाचार में पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि यह एमओयू बिहार के प्रशासनिक ढांचे में सुधार लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक स्तर पर युवा और अनुभवी विषय विशेषज्ञों को जोड़कर नीति निर्माण, कार्यान्वयन और निर्णय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। मुख्य सचिव ने आगे कहा कि यह योजना 9 सितम्बर 2025 को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित की गई थी और इसका कार्यान्वयन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आइआइएम, बोधगया के सहयोग से बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के माध्यम से किया जाएगा। इस एमओयू का कार्यान्वयन तीन वर्षों तक होगा, जिसे आपसी सहमति से दो-दो वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है। इस एमओयू के तहत बिहार राज्य के विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर उच्च-गुणवत्ता वाले, अनुभवी विषय विशेषज्ञों को दो वर्षों की अवधि के लिए जोड़ने की योजना है। इस योजना में चयनित फ़ेलो को सरकारी



विभागों में नीति निर्माण और कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करने का अवसर मिलेगा। चयनित फ़ेलो को एक निश्चित मासिक मानदेय मिलेगा, और दो वर्षों की सफल सेवा के बाद उन्हें आइआइएम, बोधगया से सार्वजनिक नीति और गुड गवर्नेंस में प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। यह योजना विशेष रूप से बिहार राज्य के मूल निवासियों के लिए है और राज्य सरकार के प्रचलित आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव डॉ प्रतिमा ने कहा कि यह योजना बिहार के युवाओं को न केवल शासन व्यवस्था को समझने का अवसर देती है बल्कि उन्हें राज्य सरकार की नीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन में भी सक्रिय भागीदार बना रही है। आईआईएम, बोधगया की निदेशक डॉ. विनिता सहाय ने इस अवसर पर कहा कि यह एक अभूतपूर्व अवसर है, जहां बिहार के युवा अपनी कौशल को न केवल राज्य सरकार में बल्कि देशभर में एक नई पहचान दे सकेंगे। बिहार की आगामी पीढ़ी की प्रतिभाएं आईआईएम, बोधगया के साथ मिलकर अपने राज्य और देश के लिए एक नई दिशा तय करेंगी। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कार्यक्रम के समापन पर कहा कि यह योजना केवल एक विचार से शुरू हुई थी और आज हम इसे वास्तविकता में देख रहे हैं। मैं उन सभी टीमों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस योजना को साकार किया। बिहार उन अग्रणी राज्यों में से एक है जिन्होंने ऐसी पहल शुरू की है। यह एक नई सोच, नवाचार और दक्षताओं का प्रतीक है। इस योजना के माध्यम से हम बिहार के युवाओं को शासन के महत्वपूर्ण पहलुओं में न केवल प्रशिक्षित करेंगे बल्कि उन्हें प्रशासनिक और नीति कार्यान्वयन में भी एक अहम भूमिका देंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का प्रभाव बिहार के प्रशासनिक ढांचे को एक नई दिशा देगा और राज्य में विकास के लिए गति प्रदान करेगा। अगले साल अप्रैल से फ़ेलो हमारे साथ जुड़ेंगे और बिहार की प्रशासनिक प्रणाली को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाथ-पैर बांध युवक की गोली मारकर हत्या

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** गुरुवार सुबह ददरेजी बाजार से करीब एक किलोमीटर दूर बिजहार बधार के पास अफ़ेयर में एक शख्स की हाथ-पैर बांधकर कनपट्टी और गर्दन में गोली मार कर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान संजय कुमार(18) के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि संजय को उसकी प्रेमिका ने फोन कर मिलने बुलाया था। जैसे ही संजय प्रेमिका के बताए जगह पर पहुंचे उसे कुछ लोगों ने पकड़ लिया। उसके हाथ-पैर को रस्सी से बांधने के बाद पहले उसकी पिटाई की, फिर गोली मारकर सभी फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में गर्लफ्रेंड को हिरासत में ले लिया है।

### बसपा के बिहार प्रभारी का इस्तीफा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद बसपा को एक बड़ा झटका लगा है। पार्टी के बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसके पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है। उनके इस अचानक फैसले से बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गयी है और पार्टी संगठन में भी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। बता दें कि अनिल कुमार ने मंगलवार को आकाश आनांद के मौजूदगी में आरोप लगाया था कि सत्ता पक्ष उनके इकलौते विधायक को तोड़ने की कोशिश कर रही है।

### गया जंक्शन पर कई ट्रेनों के बदलेंगे रूट

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व मध्य रेल के गया जंक्शन को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने का काम तेजी से चल रहा है। गया जंक्शन पर एक्स्ट्रा मजदूर लगाकर काम किया जा रहा है। 2026 में गया जंक्शन को वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। नवंबर के अंतिम सप्ताह में गया जंक्शन के दो और तीन नंबर प्लेटफॉर्म पर मेगा ब्लॉक लेकर प्लेटफॉर्म की ऊंचाई, लंबाई और विस्तार का काम होगा। मेगा ब्लॉक शुरू होने के बाद 10 प्रतिशत ट्रेनों के रूट में बदलाव होगा। कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द भी किया जायेगा।

### मेधा दिवस पर सम्मानित होंगे इंटर व मैट्रिक के टॉपर्स

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस के अवसर पर 'मेधा दिवस' समारोह 2025 का आयोजन तीन दिसंबर को किया जायेगा। इस मौके पर इंटर व मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2025 के 151 मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया जायेगा। अब टॉपर को एक लाख की जगह दो लाख रुपये मिलेंगे। इंटर के तीनों संकाय में टॉप फाइव में 28 स्टूडेंट्स व मैट्रिक के टॉप 10 में 123 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इसमें इंटर में साइंस में टॉप फाइव में आठ, कॉमर्स में टॉप फाइव में सात व आर्ट्स के टॉप फाइव में 13 स्टूडेंट्स शामिल हैं।

## युवाओं को सक्षम व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता रही है। सात निश्चय-2 के तहत 2020 से 2025 के बीच राज्य में 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार का अवसर दिया गया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर कही। श्री कुमार ने कहा कि अगले 5 वर्षों (2025-30) के लिए सरकार ने एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार प्रदान करने का बड़ा लक्ष्य तय किया है। सीएम नीतीश ने पोस्ट में आगे कहा कि नई सरकार बनने के बाद से ही रोजगार सृजन और सरकारी नियुक्तियों को गति देने के लिए तेजी से कार्य शुरू कर दिया गया है। रिक्त पदों को तेजी से भरने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। सभी प्रशासी विभागों, प्रमंडलीय आयुक्तों, पुलिस मुख्यालय और डीएम को निर्देश दिया गया है कि वे 31 दिसंबर 2025 तक सभी रिक्तियों से संबंधित जानकारी सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध करा दें। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग



जांच कर उन्हें संबंधित नियुक्ति आयोगों को भेजेगा। सीएम ने कहा कि सभी नियुक्ति आयोगों और चयन एजेंसियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि जनवरी 2026 में पूरे वर्ष की भर्ती प्रक्रिया का कैलेंडर जारी करें, जिसमें विज्ञापन जारी करने की तिथि, परीक्षा की संभावित अवधि और अंतिम परिणाम घोषित करने की समयसीमा स्पष्ट रूप से दर्ज हो। किसी भी परिस्थिति में विज्ञापन से परिणाम तक की पूरी प्रक्रिया एक वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। सीएम नीतीश ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आयोजित करने पर विशेष जोर दिया गया है। किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी और उन्हें फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से दंडित कराया जाएगा। इसके अलावा, ऑनलाइन सीबीटी परीक्षा के लिए बिहार में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया है ताकि परीक्षाएं समय पर और सुचारू रूप से आयोजित हो सकें। सीएम ने कहा कि सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। अधिक से अधिक रोजगार देने, सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने और बिहार के युवाओं को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## अगले वर्ष होने वाले बिहार पंचायत चुनाव में होगा बड़ा फेरबदल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

■ **सामान्य सीटें आरक्षित और आरक्षित सीटें बनेंगी सामान्य**

**पटना।** बिहार में अगले साल 2026 में होने वाले त्रि-स्तरीय पंचायत आम चुनाव में आरक्षण के सभी पदों का चक्र पूरी तरह बदल जायेगा। पंचायती राज अधिनियम के प्रावधान के अनुसार लगातार दो आम चुनावों के बाद आरक्षण रोस्टर में अनिवार्य परिवर्तन किया जायेगा। 2016 और 2021 के पंचायत चुनाव में जिन पदों पर किसी विशेष कोटि (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं महिला) के लिए आरक्षण लागू था अब उन पदों पर वह आरक्षण समाप्त होगा। 2011 के जनगणना के आंकड़ों के आधार पर नये सिरे से पदों का रोस्टर तैयार होगा। आरक्षित कोटि में इस बड़े बदलाव से ग्रामीण राजनीति में नया समीकरण बनेगा और कई दिग्गजों की सीटें प्रभावित होंगी। राज्य निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बताया कि 2006 में पहली बार पंचायत पदों का पूर्ण आरक्षण लागू किया गया था। उस चक्र का प्रभाव 2011 तक रहा। इसके बाद 2016 और 2021 में एक ही रोस्टर के तहत लगातार दो बार एक ही कोटि के प्रत्याशियों को लाभ मिला। अब 2026 में तीसरी बार पूरे राज्य में आरक्षण चक्र बदलेगा। इससे हजारों ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषदों के पदों पर आरक्षित कोटि बदल जायेगी। कई जगहों पर जहां पिछले दस साल से एक ही वर्ग को आरक्षण मिल रहा था वहां सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी और जहां सामान्य वर्ग की सीट थी वहां पर आरक्षित वर्ग के प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतर सकेंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिलेगा। यदि किसी चुनाव क्षेत्र में एससी या एसटी की आबादी 25 प्रतिशत है तो वहां 25 प्रतिशत पद उसी कोटि के लिए आरक्षित होंगे।

## हलका कर्मचारी घूस लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में निगरानी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। करायपरसुराय अंचल कार्यालय में तैनात हलका कर्मचारी संजय कुमार को घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जमीन का म्यूटेशन के लिए 4500 रुपए की रिश्वत ले रहा था। करायपरसुराय प्रखंड निवासी शिकायतकर्ता रमेश कुमार ने बताया कि सांध पंचायत के सलेमपुर गांव स्थित डेढ़ कट्ठा जमीन का म्यूटेशन करवाना था। कुल 80,000 रुपए की जमीन के लिए कर्मचारी संजय कुमार ने 5000 रुपए की डिमांड की थी। बुधवार को पहली किस्त के तौर पर 500 रुपए दिया था। गुरुवार को 4500 रुपए देना था। मैंने निगरानी विभाग की मदद से इस भ्रष्टाचार को उजागर करने का निर्णय लिया। पीड़ित ने जब पटना स्थित



निगरानी विभाग के कार्यालय में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई, तो विभाग ने तत्काल मामले की गंभीरता को समझते हुए एक विशेष टीम का गठन किया। निगरानी दल ने पूरी योजना बनाकर कार्रवाई को अंजाम दिया। डियावां गांव के पुल पर टीम ने घूस के लेन-देन की पूरी व्यवस्था की निगरानी की। जैसे ही हलका कर्मचारी संजय कुमार ने 4500 रुपए अपने हाथ में लिए, टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम आरोपी कर्मचारी को हिरासत में लेकर पटना के लिए रवाना हो गई है। वहां पूछताछ और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## सुशासन व पारदर्शिता के साथ सरकार की योजनाओं को लागू करें : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को 1 अण्णे मार्ग स्थित 'संकल्प में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं निगरानी विभाग के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं निगरानी विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग के कार्यों की अद्यतन एवं विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं निगरानी विभाग के कार्यों को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। सरकार की जो प्राथमिकतायें हैं उसके आधार पर कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार



को समाप्त करने में निगरानी विभाग कारगर, संवदेनशील एवं अपनी गतिशील भूमिका निभा रहा है। हमलोगों का उद्देश्य न्याय के साथ विकास करते हुये जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण कर राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि सुशासन और पारदर्शिता के साथ सरकार की योजनाओं को लागू करें ताकि आम जन को उसका सीधा और त्वरित लाभ मिल सके। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं निगरानी विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव निलेश रामचन्द्र देवरे एवं मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव अरविंद कुमार वर्मा उपस्थित थे।

## ज्वेलरी शॉप से पांच मिनट में 30 लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** बिहार में अपराधियों ने नई सरकार को चुनौती दी है। सीवान के रघुनाथपुर में गुरुवार को ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े 30 लाख की लूट हुई है। बताया जा रहा है कि शॉप खुलने के थोड़ी देर बाद 2 बाइक से 6 अपराधी आए। सभी ने चेहरा को ढंक रखा था। दुकान में घुसते ही मालिक पर पिस्टल तान दी। इसके बाद कैश और ज्वेलरी लूटकर भाग निकले। भागने के दौरान अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग भी की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि पहली बाइक पर तीन बदमाश बैठे हैं। ये पिस्टल निकाल कर फायरिंग कर रहे हैं। उनके पीछे एक और बाइक खड़ी है। इस बाइक पर दो लोग बैठे हैं। ये पिस्टल निकालकर लोगों से पीछे हटने को कह रहे हैं और फायरिंग भी कर रहे हैं। छठा बदमाश लूट की ज्वेलरी बोरे में लिए सड़क पर पिस्टल लिए खड़ा है। वो भी पिस्टल लहरा रहा है। इसके साथ बाइक से इसके पास आते हैं। वो बोरी लेकर बाइक पर बैठता फिर ये सभी फायरिंग करते हुए निकल जाते हैं। सीवान के एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। इलाके के सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। जल्द ही बदमाशों की पहचान कर ली जाएगी। सभी की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी की गई है। दुकान के मालिक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि 2 बाइक से 6 अपराधी आए थे। दुकान में घुसे लूट की और भागने लगे। सभी का चेहरा ढंका था।

## जब्त होगी माफियाओं की संपत्ति : डीजीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार जल्द ही राज्य के माफियाओं की संपत्ति जब्त करने जा रही है। सरकार की ओर से इसके लिए प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। दिल्ली जाने के क्रम में पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि सरकार ने करीब 400 माफियाओं की सूची तैयार की है। 400 माफियाओं में भू माफिया है। इनमें बालू माफिया हैं। इनमें बड़े अपराधी लोग हैं। डीजीपी ने कहा कि यह सूची न्यायालय को सौंप दी गयी है। कोर्ट से आदेश मिलते ही इनकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जायेगी। डीजीपी ने कहा कि इतना ही नहीं 1208 लोगों की एक और लिस्ट बनाई जा रही है जिनमें भू माफिया, अपराधी और बालू माफिया है। उनकी भी पूरे कागजात को न्यायालय को सौप जाएगा। न्यायालय का आदेश होगा तो इन लोगों की भी संपत्ति जब्त की जायेगी। आईएफ टीचिंग स्क्वाड के गठन पर बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि निश्चित तौर पर इसका फैसला



हो गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल कॉलेज के बाहर किसी हालत में छेड़खानी ना हो इसको लेकर के हम लोग 2000 स्कूटी खरीदने जा रहे हैं। इन पर जो पुलिसकर्मी होंगे। उनका यही काम रहेगा कि वह कॉलेज स्कूल के आसपास तैनात रहेंगे और जो लोग इस तरह का घटना करेंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में बड़ा फैसला यह भी लिया गया कि किसी भी परिस्थिति में अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा। माफियाओं का राज खत्म किया जाएगा। कानून व्यवस्था को लेकर जो भी कुछ करना हो वह किया जाएगा। पुलिस स्कूटी से स्कूलों-कॉलेजों के बाहर गश्त करेंगे और ये सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी हाल में छेड़खानी की शिकायत नहीं आए। बिहार में नई सरकार के बनने के साथ बुलडोजर चलना शुरू हो गया है। किशनगंज पुलिस ने बुधवार को स्मैक के अवैध कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शहर के खगड़ा मेला ग्राउंड इलाके में स्मैक के 12 से अधिक अवैध अड्डों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई बिहार के डिप्टी एख्र और गृह मंत्री सम्राट चौधरी के अपराध से कमाई गई अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चलाने के ऐलान के बाद हुई है। एसपी सागर कुमार के निर्देश पर सदर थानाध्यक्ष अभिषेक रंजन के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई से पहले उन ठिकानों को चिह्नित किया गया था, जहां स्मैक बेची और पी जाती थी। इसके बाद एक-एक कर सभी अवैध ढांचों को जमींदोज कर दिया गया।

## महिला को कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में हत्यारोपित एक मां को अदालत ने फांसी की सजा सुनायी है। इस तरह के मामले को रेयर ऑफ द रेयरेस्ट माना गया। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा है कि आरोपित मां को फांसी लगाकर तब तक लटकाया जाये, जब तक उसकी मृत्यु न हो जाये। जानकारी के अनुसार स्पीडी ट्रायल के तहत न्यायमंडल अररिया के एडीजे 04 रवि कुमार की अदालत ने आरोपित मां को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखने की बात पर मां द्वारा राज छुपाने के नीयत से अपनी 10 वर्षीय बेटी शिवानी कुमारी की निर्मम तरीके से हत्या करने का मामला प्रमाणित होने पर जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के रामपुर कोसकापुर वार्ड संख्या 05 की रहने वाली 35 वर्षीय निर्दयी मां पूनम देवी पति चंदन सिंह को फांसी की सजा सुनायी गयी है। न्यायाधीश रवि कुमार ने अपने आदेश में स्पष्ट दर्शाया है कि आरोपित मां के गर्दन में फांसी लगाकर तब तक लटकाया जाये, जब तक उसकी मृत्यु न हो जाये। इसके अलावा न्यायालय के न्यायाधीश रवि कुमार ने विभिन्न धाराओं में 60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। सरकार की ओर से एपीपी प्रभा कुमारी मंडल ने बताया कि यह सजा एसटी 582/2023 में सुनायी गयी है।

C M Y K

# नसबंदी पखवारा को लेकर समीक्षा बैठक, सभी विभागों को निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले पुरुष नसबंदी पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा एवं जिला स्तरीय अभिसरण की बैठक आयोजित की गई।

पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पी.एफ.आई.) से नवीन कुमार पांडे ने पीपीटी के माध्यम से पखवाड़े की संपूर्ण कार्ययोजना, गतिविधियां और विभागीय दायित्वों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।बैठक में पखवाड़ा अवधि के दौरान सेवा उपलब्धता, जागरूकता कार्यक्रम, विभागीय समन्वय और समुदाय तक पहुंच सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

सिविल सर्जन विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि जिले के सभी पी.एच.सी. एवं सी.एच.सी. में पुरुष नसबंदी के लिए निश्चित दिवस स्थैतिक सेवा (फिक्स्ड डे स्टैटिक – एफ.डी.एस.) उपलब्ध रहेगी। इसके लिए प्रशिक्षित सर्जन टीम, दवाओं एवं उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है। आशा और ए.एन.एम. को पात्र दम्पत्तियों की पहचान, परामर्श एवं रेफरल के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में महिला बंध्याकरण हेतु 1760 तथा पुरुष नसबंदी हेतु 160 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। एफ.पी.एल.एम.आई.एस. पर समय पर भंडार एवं प्रतिवेदन अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में विभिन्न विभागों की भूमिका भी स्पष्ट की गई। आई.सी.डी.एस. द्वारा वी.एच.एस.एन.डी. और माता समूह बैठकों में परिवार नियोजन जागरूकता प्रसार किया जाएगा। जीविका अपने एस.एच.जी./वी.ओ./सी.एल.एफ. मंचों के माध्यम से समुदाय में फैली भ्रांतियों को दूर करने पर कार्य करेगी। शिक्षा विभाग किशोर स्वास्थ्य गतिविधियों एवं रैली के माध्यम से संदेश प्रसारित करेगा, जबकि पंचायती राज विभाग ग्राम सभा और पंचायत स्तर पर आई.ई.सी. प्रचार में सहयोग करेगा।पखवाड़े के दौरान जिले में रैली, पुरुष संवाद कार्यक्रम, स्वास्थ्य मेले, सारथी मोबाइल वाहन प्रचार, पोस्टर-पम्पलेट वितरण और दीवार लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उच्च फोकस गांवों (हाई फोकस विलेजेज) में विशेष परामर्श अभियान चलाया जाएगा।

सिविल सर्जन कहा कि पुरुष नसबंदी सुरक्षित, सरल और प्रभावी परिवार नियोजन विधि है, और अभियान के दौरान समुदाय में फैले भ्रमों को दूर करने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सिविल सर्जन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध निःशुल्क परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ अवश्य लें।

# अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए चलाया अभियान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शहर की भीड़भाड़ और जाम से राहत दिलाने को लेकर गुरुवार को बिहारशरीफ नगर निगम ने एक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान हॉस्पिटल मोड़ से एतवारी बाजार तक चलाया गया। जहां सड़क किनारे फैलते अवैध कब्जों ने आम लोगों की आवाजाही को मुश्किल बना दिया था। अभियान से पहले नगर निगम की ओर से पूरे क्षेत्र में माइकिंग करके दुकानदारों और मकान मालिकों को चेतावनी दी गई थी कि वे स्वेच्छा से अवैध संरचनाओं को हटा लें। बावजूद इसके कई स्थानों पर निर्देशों का पालन नहीं किया गया, जिसके बाद निगम टीम ने सख्त कदम उठाए। कार्रवाई के दौरान लगभग 20 अवैध पहुची अष्टि और अस्थायी ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया। सफाई शाखा ने जेसीबी और अन्य उपकरणों की मदद से सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को पूरी तरह हटाया। इसके अलावा अतिक्रमणकारियों से कुल 25,700 रुपये का दंड शुल्क भी वसूला गया। अभियान का नेतृत्व उप नगर आयुक्त शम्स रज़ा ने किया। उनके साथ नगर प्रबंधक, सहायक लोक अपशिष्ट एवं स्वच्छता पदाधिकारी, पुलिस बल तथा सफाई शाखा की टीम मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर के मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करना प्राथमिकता है और इस दिशा में लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम ने दोबारा चेतावनी जारी की है कि सार्वजनिक मार्गों पर अवैध कब्जा करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान को लेकर स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली है, क्योंकि इन क्षेत्रों में जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही थी।

# लाभुकों को दी गई बैटरी चालित साइकिल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में स्थित सभागार भवन के पास दिव्यांगजनों को बैटरी चालित साइकिल दी गई। बीडीओ डॉ पंकज ने बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण संबल योजना के तहत दिव्यांगजनों को बैटरी वाली तिपहिया साइकिलें वितरित की गईं। इस मौके पर कुल 24 लोगों को साइकिल दी गई, जिससे उन्हें चलने-फिरने और रोजमर्रा के काम करने में आसानी होगी। यह वितरण वित्तीय वर्ष 2025-26 की तृतीय और चतुर्थ स्क्रीनिंग में चुने गए लोगों के बीच किया गया। उन्होंने कहा कि योजना का मकसद दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाना और उनकी जिंदगी आसान बनाना है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को अभी तक साइकिल नहीं मिली, उनके लिए अलग कैंप लगाकर उन्हें ट्राई साइकिल और जरूरी उपकरण दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम में प्रखंड लिपिक कौशल कुमार , सामाजिक सुरक्षा के डीइओ पवन कुमार समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 27 नवंबर 2025 को जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, नवादा द्वारा डीआरडीए सभागार, नवादा में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने बाल विवाह की सामाजिक बुराई, इसके दुष्परिणामों तथा इससे बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों एवं प्रतिभागियों को बाल विवाह उन्मूलन हेतु सामूहिक प्रयास करने की अपील की।

इस अवसर पर सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# रजौली के बुनियाद केन्द्र में मनाया गया वृद्धजन दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियाद केन्द्र में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, जिसकी अध्यक्षता बुनियाद केन्द्र की जिला प्रबंधक उपमा रानी ने की। इस दौरान क्षेत्र के वृद्धजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया एवं स्थानीय सरकारी विद्यालयों के बच्चों के बीच पेंटिंग,निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**प्रतियोगिता में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

पेंटिंग प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय रजौली के छात्र निर्भय कुमार को पहला स्थान,उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र प्रिंस कुमार को दूसरा स्थान एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय घसियाडीह के छात्र जॉनसन कुमार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय घसियाडीह की छात्रा स्वीटी कुमारी को पहला स्थान, कन्या मध्य विद्यालय रजौली की छात्रा आरती कुमारी को दूसरा स्थान एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय महसई के छात्र दिलखुश कुमार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही बताया कि निबंध प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय के छात्र अभिराज कुमार को पहला स्थान, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीच बाजार की छात्रा नेहा कुमारी को दूसरा स्थान एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय महसई की छात्रा वर्षा कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदाधिकारियों द्वारा शिल्ड,मेडल एवं अन्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

# खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट लीग में 120 छात्राओं ने लिया हिस्सा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सोहसराय स्थित किसान कॉलेज परिसर में खेल भावना और उत्साह से गूंज उठा, जब यहां खेलो इंडिया अस्मिता पेंचक सिलाट लीग का सफल आयोजन किया गया। यह लीग खेल प्राधिकरण भारत सरकार, खेल मंत्रालय, इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन, पेंचक सिलाट एसोसिएशन ऑफ बिहार और पेंचक सिलाट एसोसिएशन ऑफ नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। जिले सहित अन्य जिलों से कुल 120 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. दिवांशु कुमार, प्रो. डॉ. सतेंद्र कुमार सिन्हा, एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. रविचंद कुमार, महासचिव रेन्सी राकेश राज, कोषाध्यक्ष ऋषिकेश कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार रंजन, संयुक्त सचिव दिव्या भारती, अभिषेक राज, स्वर्ण किरण प्रसाद, खेल कार्यालय के सुशांत कुमार, विपिन कुमार, सूरज कुमार, इनरवेल क्लब की अध्यक्ष रश्मि रानी, प्रशांत गुप्ता, आर.के. किरण, शशि भूषण कुमार एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव संजय कुशवाहा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला खेल पदाधिकारी शालिनी प्रकाश ने कहा कि नालंदा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। यह लीग नई प्रतिभाओं को निखारने में मील का पत्थर साबित होगी। प्राचार्य डॉ. दिवांशु कुमार ने कहा कि किसान कॉलेज शिक्षा के साथ खेल के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष डॉ. रविचंद कुमार ने बताया कि एसोसिएशन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और मंच उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। महासचिव रेन्सी राकेश राज ने कहा कि यह लीग खिलाड़ियों को अपनी क्षमता साबित करने का शानदार अवसर देती है। प्रतियोगिता के परिणाम में ओवरऑल चैंपियनः डैफोडिल पब्लिक स्कूल – 22 स्वर्ण, द्वितीय स्थानः उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरावां – 11 स्वर्ण, ग्लोबल पब्लिक स्कूल और चाणक्य कॉन्वेंट स्कूल को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस मिला। इस प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका संध्या रानी, निशांत कुमार, रौशन कुमार, विवेक कुमार तथा ऋषिकेश कुमार ने निभाई। प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिवेंद्र कुमार, शुभम राज, सूरज कुमार, निर्भय, प्रांजल स्वराज और प्रियांशु वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हेल्थ कार्ड वितरण समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 27 नवंबर 2025 को जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार, नवादा में लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम–2011 तथा लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम–2015 के अंतर्गत कार्यरत आईटी प्रबंधक, आइटी सहायक एवं कार्यालय सहायकों को बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, बिहार, पटना द्वारा संचालित समूह स्वास्थ्य बीमा योजना से संबंधित हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना तथा आवश्यकता पड़ने पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा आर्थिक संरक्षण सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी,श्री शम्भू शरण पांडेय के द्वारा वितरित किए जा रहे हेल्थ कार्ड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह बीमा सुविधा एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत ग्रुप मेडिक्लेम पॉलिसी लागू है। इस पॉलिसी में प्रत्येक कर्मचारी को 5,00,000 (पांच लाख रुपये) तक का व्यक्तिगत बीमा कवर उपलब्ध कराया गया है। इस योजना में परिवार की परिभाषा "केवल कर्मचारी" के रूप में निर्धारित है। हेल्थ कार्ड के कवरेज संबंधी जानकारी में बताया गया कि योजना के अंतर्गत सेक्शन–ए में मूल कवरेज में रोगी के रूप में भर्ती उपचार, अंग दान व्यय, डे-केयर उपचार, भर्ती होने से पूर्व एवं पश्चात चिकित्सा व्यय, आधुनिक उपचार, वैकल्पिक चिकित्सा के अंतर्गत भर्ती उपचार, डोमिसिलरी हॉस्पिटलाइज़ेशन तथा बेरियाट्रिक सर्जरी शामिल हैं। वहीं, सेक्शन–B में वैकल्पिक कवरेज के रूप में मातृत्व व्यय, आपातकालीन ग्राउंड एम्बुलेंस, डोमिसिलरी हॉस्पिटलाइज़ेशन में संशोधन तथा बाह्य जन्मजात विकृतियां सम्मिलित हैं।

कार्यक्रम में कुल 83 हेल्थ कार्ड वितरित किए गए, जिसमें 01 आईटी प्रबंधक, 14 आईटी सहायक तथा 68 कार्यालय सहायक शामिल रहे।

इस अवसर पर सीनियर डिप्टी कलेक्टर -सह-प्रभारी गोपनीय शाखा, राजीव कुमार,सीनियर डिप्टी कलेक्टर- सह-प्रभारी जनसम्पर्क पदाधिकारी, अमरनाथ कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

# स्नातक निर्वाचन के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए कुल 377 प्रपत्र जमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** पटना स्नातक निर्वाचन व शिक्षक निर्वाचन का आम चुनाव होना है। इसके लिए प्रशासनिक तैयारी चल रही है। इसके लिए मतदाता सूची तैयार की जा रही है। नारदीगंज प्रखंड कार्यालय में पटना स्नातक निर्वाचन और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता सूची में नाम दर्ज करने का कार्य गुरुवार को भी जारी रहा है। बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने बताया मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आनलाइन और आफलाइन कार्य हो रहा है। यहां स्नातक और शिक्षक मतदाताओं से आफलाइन प्रपत्र जमा लिया जा रहा है। कहा गया 27 नवम्बर 2025 तक स्नातक निर्वाचन के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए कुल 377 प्रपत्र जमा हुआ है। जिसमे आफ़लाइन में 199 और आनलाइन में 178 प्रपत्र आये हैं। इसके अलावा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 83 मतदाताओं ने आफलाइन प्रपत्र जमा किया है। आगामी 10 दिसम्बर 2025 तक मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। उसके बाद दावा आपत्ति ली जाएगी।

# दो पिस्टौल व नौ कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** चिकसौरा थाना पुलिस ने बुधवार को बेचुविगहा गांव में गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक व्यक्ति को दबोच लिया। टीम ने मौके से दो देसी कट्टा और नौ जिंदा कारतूस बरामद की है। थानाध्यक्ष गौरव सिंधु को सूचना मिली थी कि गांव में एक व्यक्ति किसी आपराधिक वारदात की तैयारी में जुटा हुआ है और अपने घर में हथियार छिपाकर रखे हुए है। इसी आधार पर पुलिस दल ने गांव में घेराबंदी करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान आरोपी मिथलेश प्रसाद, पिता स्व. सागर प्रसाद, निवासी बेचुविगहा के घर की तलाशी ली गई, जहाँ से अवैध हथियारों का जखीरा मिला। पुलिस ने बरामद हथियारों को जब्त कर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में चिकसौरा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया जाएगा। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष गौरव सिंधु, पुअनि राहुल कुमार सिंह, परि. पुअनि अनुज कुमार, सअनि राजकुमार, पीटीसी सीमांचल कुमार, सिपाही सौरभ सुमन, प्रवीण कुमार व सुरभी कुमारी शामिल थे।

# बीडीओ ने बालिकाओं को अच्छी पुस्तक पढ़ने की दी सलाह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नरहट (नवादा)।** जिला प्रशासन के सौजन्य से गुरुवार को प्रखंड सभा कक्ष में सीडीपीओ ज्योति सिन्हा की अध्यक्षता में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सीडीपीओ ज्योति सिन्हा, बीडीओ प्रशांत कुमार, डीपीएम, महिला विकास निगम, सीएससी से हेल्थ एजुकेटर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत की गई। इस अवसर पर बालिकाओं के साथ वाद संवाद प्रतियोगिता एवं मनोरंजन के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीपीओ ने कहा कि मैं खुद भी एक राष्ट्रीय लेवल की खिलाड़ी रह चुकी हूं। इसलिए उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ आप अपना खेल भी अच्छा खेल कर स्पोर्ट कोटा में जॉब सुरक्षित कर सकते हैं। हमारे समय में यह सुविधा नहीं थी लेकिन अब करियर के बहुत विकल्प हैं। बीडीओ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करियर बनाने पर जोर दिया। बाल शोषण से जुड़े मामलों में तुरंत ब्लॉक ऑफिस में शिकायत दर्ज करने को कहा गया। बीडीओ ने बालिकाओं को अच्छी किताबें पढ़ने उन्हें जीवन में अमल करने और मोबाइल के सदुपयोग की सलाह दी। कार्यक्रम में 30 बालिकाओं को शर्ट कैप एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रेरणादायक पुस्तक भेंट की गई। प्रतियोगिता में फर्स्ट, सेकंड और थर्ड लाने वाले बालिकाओं को बीडीओ एवं सीडीपीओ ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन द्वारा बाल संरक्षण, अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया एवं बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाया गया। इस दौरान सभी महिला सुप्रभाईजर, ब्लॉक कोडिनेटर सोनुमल एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थे।

## एक नजर

### युवक की ईंट से कूच कर हत्या

**नवादा।** जिले के अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत नेमदारगंज थानाक्षेत्र के डेरमा मुसहरी गांव की है। मृतक की पहचान अकबरपुर प्रखंड के चंदौली ग्राम निवासी रवींद्र यादव उर्फ कैलु यादव है, जिनकी उम्र 40 वर्ष बताया गया है। स्थानीय बैजू गोप ने बताया कि यह घटना बुधवार की रात्रि लगभग 09 बजे की है। बताया जा रहा है कि युवक को किसी ने फोन कर घर से बुलाया और ईंट से सिर पर वार कर हत्या कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि हत्यारे की टोपी और बाइक की चाभी भी घटनास्थल पर से बरामद हुई है। हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नेमदारगंज थाने को दिया, जिसके बाद रजौली डीएसपी गुलशन कुमार दल -बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच किया। उन्होंने परिजनों को समझबूझा और कार्रवाई करने के आश्वासन देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में रजौली डीएसपी गुलशन कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर जांच किया गया और परिजन के निशानदेही पर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### आरोपित समेत चार गिरफ्तार

**रजौली/नबिटा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के करमा कला गांव से पुलिस बलों ने एक मारपीट के अभियुक्त एवं मोहनपुर,महियारा व अमावां गांव से तीन वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि बीते 4 जुलाई को केंदुआ गांव निवासी रिंटू कुमार ने थाने को लिखित आवेदन बताया कि करमा कला गांव के कैलाश चौधरी के पुत्र बिनोद चौधरी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर बंधक बनाकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के आलोक में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आलोक में बीते बुधवार की रात्रि को करमा कला गांव के बिनोद चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं दूसरी ओर न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में वांछित तीन अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान मोहनपुर गांव निवासी रामेश्वर प्रसाद यादव के पुत्र गणेश प्रसाद यादव,महियारा गांव निवासी प्रहलाद सिंह के पुत्र उत्तम कुमार एवं अमावां गांव निवासी यूसुफ मियां के पुत्र राजू मियां के रूप में हुई है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार चारों लोगों को गुरुवार को अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग जख्मी

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के राजगीर बोधगया सड़क मार्ग में सादिकपुर गांव के समीप दो बाइक की टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार दो लोग जख्मी हो गये। जख्मी की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के संगोवर निवासी कुलदीप यादव का 30 वर्षीय पुत्र मुकेश यादव और हिसुआ थाना के पाली पंचायत के देवरा बेलदारी निवासी अखिलेश चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र अभिराज कुमार के रुप में किया गया। जख्मी हालत में इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में दाखिल कराया गया। जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए संगोवर निवासी मुकेश यादव को स्थान्तरण कर दिया। वही देवरा बेलदारी निवासी अभिराज कुमार आंशिक तौर पर चोटिल बताये गये हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई, और दुर्घटना ग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया। जख्मी हालत में संगोवर निवासी मुकेश यादव ने बताया हिसुआ की ओर पेट्रोल पंप से तेल लेकर बाइक से लौट रहे थे, तभी सादिकपुर गांव के समीप दोनों की बाइक में टक्कर हो गई। इस घटना में हम दोनों जख्मी हुए हैं।

### पैक्स प्रबंधक पद के लिए एकमात्र आवेदन

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के मसौढ़ा पैक्स में पैक्स प्रबंधक पद की बहाली होना है। पैक्स अध्यक्ष सिधेश्वर यादव ने कहा इस पद की बहाली के लिए इच्छुक उम्मीदवार आगामी 25 नवम्बर 2025 तक पैक्स अध्यक्ष के यहां आवेदन जमा करना था। उन्होंने कहा इस पद के लिए एकमात्र आवेदक मसौढ़ा पंचायत के भदौर निवासी कौशल किशोर ने बहाली के लिए आवेदन पत्र जमा किये हैं। उनके प्रमाण पत्रों के जांचोपरांत बहाली की जाएगी।

### अनियंत्रित ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन पशुओं की मौत

**रजौली/नबिटा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से महज 300 मीटर दूर गुरुवार की अहले सुबह लगभग 4 बजे एक अनियंत्रित ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में गौशाला में बंधे तीन मवेशियों के ट्रक के नीचे आने से मौत हो गई है,जबकि एक मवेशी घायल है। गौपालक चितरकोली निवासी मुसाफिर यादव ने बताया कि उनका घर सड़क के किनारे है और वे अपने गौशाला में मवेशियों को बांध कर रखा करते हैं।अहले सुबह एक धमाकेदार आवाज के साथ उनकी नींद खुली और जब वे बाहर आकर देखे, तो सेब से भरा ट्रक संख्या जेके02बीयू 5817 उनके गौशाला के ऊपर गिरा पड़ा था। दुर्घटनाग्रस्त के सभी चक्के ऊपर हवा में घूम रहे थे और ट्रक के नीचे एक गाय और दो भैंस दबकर मर चुका था एवं एक बैल घायल है। गौपालक ने बताया कि ट्रक में सवार तीनों लोग सुरक्षित हैं। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में सवार जम्मू के अरविंद शर्मा ने बताया कि वे कश्मीर से कोलकात्ता जा रहे थे, इसी बीच वे मुजफ्फरपुर से रास्ता भटक गए और वे नवादा कोडरमा होते हुए कोलकात्ता जा रहे थे। वहीं जांच चौकी को पार करने के दौरान सामने से आ रही अज्ञात ट्रक द्वारा चकमा दिए जाने से वे दुर्घटनाग्रस्त हो गए। ट्रक में अरविंद के अलावे और दो लोग सवार थे, जो सुरक्षित हैं।

इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिली है। पुलिस बलों को घटनास्थल पर भेजा गया है। क्रेन के सहारे ट्रक के नीचे दबे मवेशियों को निकाला जाएगा। उसके बाद अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 400 बच्चे शामिल

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार नवादा में गुरुवार को विशेष जागरूकता सह स्वास्थ्य जांच कैम्प आयोजित की गई। कार्यक्रम का उदघाटन प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर संदीप कुमार पांडेय, प्राचार्य रामानंद तिवारी, डॉक्टर गौरव कुमार एवं डॉ. सकलदेव प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि उत्थान शिक्षा समिति को एसबीआई फाउंडेशन मुम्बई द्वारा सीएसआर अंतर्गत बिहार राज्य के नवादा जिला के पकरीबरावां प्रखण्ड के 20 गांवों में संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील का कार्यान्वयन के लिए चयनित किया गया है। उसी के तहत यह कार्यक्रम कराया गया है। प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर ने बताया बच्चों को जानकारी दी कि पोषण और जीवनशैली आपस में जुड़े हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद और धूम्रपान से परहेज आदि जरूरी है। कहा कि आहार में फलों, सब्जियों, साबुत अनाज आदि को शामिल किया जाना चाहिए। एक स्वस्थ जीवनशैली रोगों की रोकथाम और दीर्घायु की आधारशिला है। जागरूकता कार्यक्रम में डॉक्टर गौरव कुमार ने ग़ैरसंचारी रोगों की जानकारी दी। इससे बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में विद्यालय के 400 छात्र- छात्राएं शामिल हुए।

### साल भर में बनाएंगे बाल विवाह मुक्त नवादा

**नवादा//नबिटा ब्यूरो।** पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित गैरसरकारी संगठन तटवासी समाज न्यास ने कहा कि वह नवादा जिला को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करेगा। '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' जिसे बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर पूरे देश में शुरू किया गया है, ने एक लक्षित रणनीति तय की है। इसमें स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बच्चों के खिलाफ इस सदियों पुराने अपराध का अंत सुनिश्चित किया जा सके। तटवासी समाज न्यास देश में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश के 451 जिलों में बाल विवाह के खात्मे के लिए जमीन पर काम कर रहे हैं। पिछले एक वर्ष में ही इस नेटवर्क ने देश में एक लाख से ज्यादा बाल विवाह रोके हैं।

# किसान सम्मान निधि योजना ने करोड़ों किसानों को प्रदान की आर्थिक सुरक्षा

## गया टाउन विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने किसान मोर्चा द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में लिया भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेता सह गया टाउन विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने आज रामशिला स्थित जेपी पैलेस में भाजपा गया जिला पूर्वी किसान मोर्चा द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की एनडीए सरकार द्वारा किसानों के कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना ने देशभर के करोड़ों किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। अब तक किसानों को सीधे उनके खाते में मिलने वाली वार्षिक सहायता ने खेती-किसानी की लागत को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. कुमार ने कहा कि किसान भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और सरकार का उद्देश्य उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जैविक खेती भविष्य की आवश्यकता है, इससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादन प्राप्त होता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों के हित में सरकार लगातार कार्य कर रही है और आगे भी किसान हित सर्वोपरि रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने सरकार की नीतियों पर विश्वास व्यक्त किया और डॉ. कुमार का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शंभू यादव ने की। मंच संचालन राजनंदन गांधी ने की। धन्यवाद ज्ञापन शिवनारायण चंद्रवंशी ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनील सिन्हा, पार्षद राहुल शर्मा, विक्की शर्मा, अनिल गुप्ता, जेपी यादव, राकेश आईटी, सपना पटवा, मालती देवी, अन्नू वर्णवाल, डॉ राज कुमार, गुंजन मिश्रा, श्याम सिंह, शंभू चंद्रवंशी, शिवा मांझी, जितेंद्र जी सहित अन्य मौजूद रहे।

# मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर कुलपति ने नवनिर्वाचित सरकार के गठन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विश्वविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान कुलपति प्रो. शाही ने मुख्यमंत्री को मगध विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों, सुधारात्मक कदमों तथा आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान कार्यों और आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विश्वविद्यालय के विकास हेतु सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

# प्रेम प्रसंग में युवक की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के ददरेजी बाजार से करीब एक किलोमीटर पश्चिम बिजहरा मार्ग पर गुरुवार सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया। मृतक की पहचान संजय कुमार (26 वर्ष) पिता विनेशी यादव, ग्राम काजी बिगहा, थाना टेकारी निवासी के रूप में हुई है। वह ददरेजी में अपने भाई के बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर रहकर काम करता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक के दोनों पैर रस्सी से बंधे हुए थे तथा उसे बेल्ट से पीटने के बाद सिर में गोली मारी गई। सूचना मिलते ही कोंच पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल संजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच ले जाया गया जहां से स्थिति नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान दोपहर में उसकी मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि युवक का थाना क्षेत्र की एक लड़की से प्रेम संबंध था और एक माह पूर्व वह उसे भगा ले गया था। बाद में युवती वापस लौट आई थी। परिजनों ने बताया कि प्रेम प्रकरण को लेकर उसे कई बार मना भी किया गया था जिसके बाद हत्या की आशंका प्रेम प्रसंग को लेकर जताई जा रही है। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत ग्राम स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** महिला एवं बाल विकास निगम गया और प्रयास जैक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गया जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों, विभिन्न पंचायतों और गांवों में व्यापक ग्राम-स्तरीय जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 27 नवंबर 2024 को राष्ट्रव्यापी स्तर पर लॉन्च किया गया था। प्रयास जैक सोसाइटी इस अभियान को जस्ट राइटस फोर चिल्ड्रेन के साथ साझेदारी में गया जिले में सशक्त रूप से आगे बढ़ा रहा है और जमीनी स्तर पर बाल विवाह रोकथाम के लिए समुदाय-आधारित नेतृत्व तैयार कर रहा है। अभियान के दौरान शपथ, प्रतिज्ञा कार्यक्रम सबसे प्रमुख और प्रभावशाली रहे। इन कार्यक्रमों में बच्चों, किशोरियों, अभिभावकों, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों और समुदाय के अन्य सदस्यों ने बाल विवाह को समाप्त करने का सामूहिक संकल्प लिया है। इन प्रतिज्ञा कार्यक्रमों ने अभियान को एक मजबूत दिशा दी और समाज में यह स्पष्ट संदेश स्थापित किया कि बाल विवाह के विरुद्ध लड़ाई अब एक साझा जिम्मेदारी है। इसके अलावे गांवों में बैठक एवं कैंडल मार्च के द्वारा भी जनमानस को बाल विवाह न करने हेतु संदेश दिया गया है। ज्ञात हो कि प्रयास जैक सोसाइटी ने इस अभियान से पहले गया जिले में विभिन्न धर्मों के आस्था-आधारित नेताओं के साथ मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और अन्य पूजा स्थलों पर विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया था । इन पहलुओं ने समुदाय में सकारात्मक माहौल तैयार किया जिससे वर्तमान अभियान को एक मजबूत सामाजिक और नैतिक आधार मिला है। प्रयास संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत का संदेश हर घर, हर मोहल्ले और हर गांव तक पहुंचे इसके लिए सम्बंधित हितधारकों से लगातार समन्वय स्थापित किया जाता है।

संस्था का उद्देश्य है कि गया जिला इस अभियान में अग्रणी बनकर उभरे और बच्चों–विशेषकर बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और अधिकार संरक्षण के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, निगम के सुशांत आनंद, विशाल कुमार के अलावे प्रयास संस्था के गौतम परमार, प्रियंका कुमारी, अजीत कुमार, विनोद कुमार और मो. अलमगीर ने सक्रिय भूमिका निभाया।

# पोखर में डूबे व्यक्ति का शव दूसरे दिन बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के ददनापुर गांव के पोखर में डूबा व्यक्ति संजीव चंद्रवंशी पिता जयराम मिस्त्री उर्फ जयराम चंद्रवंशी का शव एसडीआरएफ टीम द्वारा गुरूवार की शाम को पोखर से बरामद कर लिया गया। गौरतलब है कि मृतक संजीव चंद्रवंशी के बहनोई अजीत चंद्रवंशी ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब छः बजे मृतक संजीव चंद्रवंशी बोतल में पानी लेकर अपने गांव मथुरापुर डीह से ददनापुर गांव की ओर शौचालय के लिए गया था। करीब दो-तीन घंटा के बाद भी घर नहीं लौटने पर परिवार के सदस्यों ने पता लगाया तो जानकारी मिली कि पोखर में नहाने के लिए सारा कपड़ा खोल कर कूदा था। परिजन जब पोखर पर गये तो देखे कि सारा कपड़ा सहित चप्पल पोखर के पीण्ड पर रखा है। ग्रामीणों के मदद से पोखर में जाल फेंका गया एवं कई प्रयत्न करने के उपरान्त भी जब कोई अता-पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई और थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार द्वारा एसडीआरएफ टीम को बुला कर मृतक संजीव चंद्रवंशी के शव को ढूंढने का प्रयास किया गया, परन्तु बुधवार को शव का पता नहीं लग सका। पुनः गुरूवार की सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम द्वारा प्रयास किया जाने लगा। इसके लिए पोखर के पानी को सुखाया गया और अंततः गुरूवार को देर दोपहर मृतक का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि करीब चौंतीस वर्षीय संजीव चंद्रवंशी को दो नाबालिग पुत्र है। परिवार को रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# इनर व्हील क्लब सनराइज ने किया यूनाइट वीथ ग्लोबल औरेंज जागरुकता रैली का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गयाजी।** 'यूनाइट वीथ ग्लोबल औरेंज' अभियान के अंतर्गत गया के गांधी मैदान में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली सुबह 7:30 बजे गांधी मैदान से प्रारंभ होकर लगभग दो किलोमीटर के क्षेत्र को कवर करते हुए मुख्य सड़क तक गयी और वापस मैदान में समाप्त हुई। इस ऐतिहासिक आयोजन में गया के सभी 5 प्रमुख इनर ह्वील क्लब्स ने एकजुट होकर भाग लिया। कुल 100 से अधिक सदस्यों ने रैली में भाग लिया है। सभी सदस्यों ने ऑरेंज टी-शर्ट, पोस्टर्स और नारों के माध्यम से महिलाओं और समाज की सुरक्षा के प्रति अपने संदेश को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाया है। रैली के दौरान हजारों मॉर्निंग वॉकर्स तथा आम जनता का ध्यान इस अभियान की ओर आकर्षित हुआ और हजारों लोगों ने इसे देखा और सराहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित सम्मानित सदस्य एवं पदाधिकारी थे-अध्यक्ष डॉ. निब्हा जायेन, पूर्व अध्यक्ष डॉ. तेजस्वी नंदन, इनर व्हील आइ एस ओ डॉ. सोनम, संपादक डॉ. लवली, डॉ. शिखा, डॉ. मोनिका एवं भारती। क्लब की अध्यक्ष डॉ निभा जैन ने कहा कि 'यह रैली केवल एक आयोजन नहीं बल्कि समाज को यह संदेश है कि जब महिलाएं एकजुट होती हैं तो जागरूकता और बदलाव बड़ी ताकत बन जाता है।' इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 325 के मार्गदर्शन में इस आयोजन ने अपने उद्देश्य को पूर्ण रूप से सार्थक किया।

# नीलांजना नदी में ट्रक चालक की डूबने से मौत, 45 घंटे बाद मिला शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** गया जिले के डोभी प्रखंड अंतर्गत नीलांजना नदी में स्नान करने गए एक ट्रक चालक की डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर घोराघाट बालू घाट पर हुई। पानी के तेज बहाव और गहराई के कारण चालक नदी में बह गया जिसका शव लगभग 45 घंटे बाद गुरुवार सुबह बरामद किया गया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के बामी गांव निवासी सैनुद्दीन खान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह मंगलवार दोपहर नीलांजना नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान चप्पल पकड़ने की कोशिश में वह अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा बड़ा थाना पुलिस को दी गई जिसके बाद एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने बुधवार सुबह से लगातार खोज अभियान चलाया, लेकिन नदी की गहराई और तेज धारा के कारण काफी मशक्कत करनी पड़ी। अंततः गुरुवार की अहले सुबह एसडीआरएफ जवानों ने नदी की सतह के पास से शव को बरामद कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। बड़ा थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने मृतक की पहचान की पुष्टि करते हुए बताया कि यह हादसा घोराघाट बालू घाट पर स्नान के दौरान हुआ।

# 'गीत कवन गाईं हम?' के लिए सूर्य प्रकाश उपाध्याय सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** युवा साहित्यकार एवं समीक्षक मुकेश कुमार सिन्हा के पिता जी की स्मृति में दिये जाने वाले रविनेश कुमार वर्मा स्मृति सम्मान से इस बार मंगरांव (नासरीगंज, रोहतास) के सूर्य प्रकाश उपाध्याय को सम्मानित किया गया। साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान एवं पुस्तक 'गीत कवन गाईं हम?' (गीत संग्रह) के लिए षष्टम रविनेश कुमार वर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित सूर्य प्रकाश उपाध्याय भोजपुरी और हिन्दी साहित्य के संवर्द्धन में प्रयासरत हैं। स्मृति सम्मान के संयोजक जुगेश कुमार सिन्हा एवं सह-संयोजक राकेश कुमार ने बताया है कि युवा साहित्यकार सूर्य प्रकाश उपाध्याय को सम्मान पत्र एवं दो हजार एक सौ रुपये का चेक सम्मानस्वरूप दिया जा रहा है। गत छह वर्षों से रविनेश कुमार वर्मा स्मृति सम्मान दिया जा रहा है जिसका उद्देश्य युवा साहित्यकारों को प्रोत्साहित करना है। संयोजक श्री सिन्हा एवं सह-संयोजक श्री कुमार ने बताया है कि वर्ष 2020 में मधुयंका राज (नवादा) को 'नन्ही चिड़िया भी कुछ कहना चाहती है' (कविता संग्रह), वर्ष 2021 में आस्था दीपाली (मुजफ्फरपुर) को 'जादू की छड़ी' (बाल कविता संग्रह), वर्ष 2022 में कुमार गौरव अजीतेन्दु (दानापुर, पटना) को 'मुक्त उड़ान' (हायकू संग्रह), वर्ष 2023 में मुकेश कुमार, ऋषि वर्मा (आगरा) को 'काव्य दीप' (काव्य संग्रह) एवं वर्ष 2024 में सत्यम भारती (वनद्वार, बेगूसराय) को 'सुनो सदानीरा' (गजल संग्रह) पुस्तक के लिए रविनेश कुमार वर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

# फरार आरोपित महिला गिरफ्तार, गयी जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के घुज्जी गांव में डायन का आरोप लगाकर हुए आपसी विवाद मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रही आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार महिला की पहचान घुज्जी गांव निवासी मैरून देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांव में कुछ दिनों पूर्व आपसी विवाद के दौरान मैरून देवी ने किसी महिला पर डायन होने का आरोप लगाया गया था इसके बाद गाली-गलौज और मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। मामले के तूल पकड़ने के बाद पीड़ित पक्ष द्वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जांच के क्रम में आरोपित महिला फरार चल रही थी। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि डायन प्रथा के मामले में फरार महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह समाज के लिए अभिशाप है और इस तरह के आरोप सामाजिक कुरीति को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति पर अंधविश्वास के आधार पर आरोप लगाने या हिंसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में फरार चल रही आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## बिजली विभाग की छापेमारी में दो उपभोक्ताओं पर जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** बिजली विभाग की टीम ने डुबर पंचायत में दो अलग-अलग स्थानों पर की गई छापेमारी में अवैध बिजली उपयोग के दो मामले पकड़े गये। गुरारू विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनिष्ठ अभियंता संजय चौधरी के नेतृत्व में बनी टीम ने पहले डुबर गांव में उपभोक्ता किशोरी साव के घर छापेमारी की जहां बिना कनेक्शन मुख्य एलटी लाइन से टोका लगाकर बिजली उपयोग किया जा रहा था। परिसर में 0.087 किलोवाट का अवैध विद्युत भार पाया गया जिससे विभाग को 10,566 की हानि का आकलन किया गया। टीम ने दूसरी कार्रवाई उपभोक्ता राजेश पाल के घर की जहां घरेलू कनेक्शन के ऊर्जा मीटर को बाईपास कर बिजली की चोरी की जा रही थी।

# शेरघाटी में अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज

## नयाबाजार थाना मोड़ सहित कई क्षेत्रों में कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान गुरुवार को तेज गति से जारी रहा। प्रशासन की टीम ने नयाबाजार थाना मोड़, मुख्य सड़क और अन्य व्यस्त इलाकों में विशेष अभियान चलाकर फुटपाथों और सड़कों पर किए गए कब्जों को हटाया। कार्रवाई के दौरान फुटपाथी दुकानदारों द्वारा सड़क तक फैला दिए गए सामानों को हटवाया गया जिससे अवरुद्ध हो रही राह को सुचारू कराया जा सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से फुटपाथों पर अवैध तरीके से दुकानें सजा लेने के कारण पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार राहगीरों को वाहनों के बीच से होकर गुजरना पड़ता था जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती थी। वहीं सड़क पर रखे सामानों की वजह से ऑटो, बाइक और चारपहिया वाहनों को भी जाम की स्थिति से जूझना पड़ता था। अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकानदारों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि पुनः अतिक्रमण करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि शहर में सुचारू यातायात और पैदल यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान नगर परिषद कर्मियों ने भी अभियान में सहयोग दिया और कई जगहों पर अतिक्रमण हटाकर सड़क को साफ कराया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना की और उम्मीद जताई कि शहर में नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जाएं। ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुधरी रहे और आम जनता को राहत मिल सके।

# थानाध्यक्ष चंदन राम को लाइन क्लोज कर अजय कुमार को पुरा थाना की कमान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** पुरा थाना में पदस्थापित थानाध्यक्ष चंदन राम को लाइन क्लोज करते हुए अजय कुमार को पुरा थाना की कमान सौंपी गई है। थाना में ही पदस्थापित महिला सिपाही के साथ कमरे से निकलने का वीडियो सामने आने के बाद चंदन राम को लाइन क्लोज किया गया। अजय कुमार ने बुधवार को एसएचओ का प्रभार ग्रहण किया। जानकारी हो कि वीडियो सामने आने के बाद एसएसपी आनंद कुमार ने टिकारी एसडीपीओ को जांच के आदेश दिये थे। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच रिपोर्ट में महिला सिपाही के साथ संबंध सामने आने के बाद चंदन राम पर उक्त कार्रवाई की गई। चंदन राम के तबादला के बाद पुलिसकर्मियों में चर्चा का बाजार और गरम हो गया। एक पुलिस कर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पुरा थाना परिसर में थानाध्यक्ष का महिला सिपाही के साथ प्रेम संबंध आम बात हो गई थी। चंदन राम जब से आये थे तब से महिला सिपाही का सम्बंध उनसे है व देर रात उनके कमरे में जाना भी आम बात है।

**महिला सिपाही को भी हटाने की गार्ड प्रभारी ने की थी मांग**

संबंधित महिला सिपाही के व्यवहार को लेकर पूर्व में भी पुलिसकर्मियों ने आक्रोश जताया है। पुरा थाना के तत्कालीन गार्ड प्रभारी मो. मुस्तकीम खान द्वारा एसएसपी को पत्र लिख सम्बंधित महिला सिपाही की बदली करने की मांग की गई थी, लेकिन उक्त शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नही हो सकी थी।

# युवती के साथ छेड़छाड़, मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रौना पंचायत के एक गांव में 20 वर्षीय युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। वादिनि द्वारा थाने में दिए गए आवेदन में बताया गया है कि 24 नवंबर को उसकी पुत्री घर के पीछे खेत में गई थी। उसी दौरान गांव के ही एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर मारपीट भी की। पीड़िता के परिजनों ने तत्क्षण इसकी लिखित शिकायत कोंच थाना में दर्ज कराई। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने गुरुवार सुबह 9 बजे जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपित के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

COMFED
TENDER NOTICE

Magadh Dugdh Utpadak Sahkari Sangh Ltd. invites tenders from eligible tenderers for becoming distributors of milk products such as curd, paneer, lassi, peda and other Sudha brand sweets, along with various other allied products, in Gaya city of Bihar.

Tender documents, tender form and terms & conditions of the tender will be available on the website www.magadhmilkunion.in as well as at the union office at office time

The undersigned reserves the right to reject or cancel any or all tenders without assigning any reason.

Managing Director

C M Y K

संपादकीय

# ब्लाइंड बेटियों को कोरी बधाइयां !

खेलों में भारत की बेटियां लगातार कमाल कर रही हैं। इसमें ताजा कड़ी भारतीय महिला नेत्रहीन टीम द्वारा पहला टी-20 विश्व कप जीतना है। भारतीय बेटियों की इस कामयाबी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित सभी लोगों ने बधाइयां दीं। लेकिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तरह इस ब्लाइंड वीमेन टीम को किसी ने नकद पुरस्कार देने का ऐलान नहीं किया। यहां तक कि बीसीसीआई ने भी अभी तक ऐसी कोई घोषणा नहीं की। यह सही है कि भारतीय ब्लाइंट वीमेन क्रिकेट एसोसिएशन बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त नहीं है, लेकिन बीबीसीआई बेटियों के हक में अतिरिक्त उदारता दिखा सकती है। यही नहीं भारत सरकार ने भी अभी तक इन बेटियों की हौसला अफजाई के किसी तरह की सौगात का ऐलान नहीं किया। कुल मिलाकर टीम की इस वैश्विक सफलता पर कोरी बधाइयां ही मिल रही हैं। अलबत्ता इस टीम के स्वदेश लौटने पर बेंगलुरू में जोरदार स्वागत किया गया। गौरतलब है कि श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित पहले ब्लाइंड वीमेन टी 20 वर्ल्ड कप को भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने फाइनल में नेपाल को हराकर पहला वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया। इस रोमांचक फाइनल में भारत ने नेपाल को सात विकेट से हराया। खास बात यह रही कि पूरे टूर्नामेंट में भारत ने एक भी मैच नहीं गंवाया और सभी मैचों को जीतकर टूर्नामेंट में अपना दबदबा भी साबित किया। भारत ने टॉस जीतकर नेपाल को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया था। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 114 रन बनाए थे। भारत ने यह लक्ष्य 12.1 ओवर में ही 47 गेंद रहते हासिल कर लिया। भारत की ओर से खुला शरीर ने 27 गेंद पर चार चौकों की मदद से नाबाद 44 रन बनाए। 20 दिन पहले मुंबई में भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीकी टीम को नवी मुंबई में हराकर महिला क्रिकेट के नए अध्याय की शुरुआत की थी। अब तीन हफ्तों के अंदर ही भारतीय महिला ब्लाइंड टीम भी वर्ल्ड कप का खिताब उठाकर ब्लाइंड क्रिकेट की नई तकदीर लिखने की कोशिश की है। बीते एक माह में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने यह तीसरा विश्व कप जीता है। ब्लाइंड वीमेन कप के पहले महिला कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल ढाका में भारत और चीनी ताइपे के बीच खेला गया था। खिताबी मुकाबले में भारत की बेटियों ने कमाल कर दिया और चीनी ताइपे को हरा कर वर्ल्ड कप अपने नाम किया। इसमें दुनिया भर की 11 टीमों ने भाग लिया था। इस बीच कोलंबो में हुए टी 20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय कप्तान दीपिका ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमें भारत को खिताब जिताकर बेहद खुशी है। पूरी टीम ने एकसाथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया है। इन खिलाड़ियों ने अपनी जिंदगी में काफी मेहनत की है। यह हमारे लिए गर्व का पल है। हम जल्द ही प्रधानमंत्री मोदी से मिलना चाहेंगे। उल्लेखनीय है कि दृष्टि बाधित क्रिकेट सामान्य क्रिकेट से अलग होता है। इसमें ग्यारह खिलाड़ी एक दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम बनाते हैं और यह एक सफ़ेद प्लास्टिक की गेंद से खेला जाता है, जिसमें बॉल बेयरिंग लगे होते हैं जो लुढ़कते समय खड़खड़ाते हैं, जिससे खिलाड़ी उसकी आवाज़ सुन सकते हैं। ब्लाइंड क्रिकेट में बल्ले से गेंद को अधिकतम हिट करने के लिए 'स्वीप शॉट' का व्यापक उपयोग किया जाता है। इस क्रिकेट में खास सुरक्षात्मक उपकरण इस्तेमाल किया जाते हैं। भारत में भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ दृष्टिबाधित क्रिकेट का आयोजन और संचालन करने वाली सर्वोच्च संस्था है। अगर कामयाबी को नापें तो दृष्टिबाधित क्रिकेट कप जीतना सामान्य महिला टीम की सफलता से भी कहीं ज्यादा कठिन और चुनौतीपूर्ण है। ऐसा क्रिकेट जिसमें स्पर्श और संवेदना ही सबकुछ है।

# तर्कसम्मत बातें रखने के सियासी मायने

**अल्पसंख्यक 'दलित बौद्ध' सम्प्रदाय से आने वाले निवर्तमान प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई ने जाते-जाते एक नया वैचारिक-वैधानिक विचार विस्फोट कर गए, जिसके दूरगामी न्यायिक और सियासी असर होंगे। इसलिए इसके कुछेक मायने अहम हैं। बताते चलें कि फॉर्मर चीफ जस्टिस गवई ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के ल कॉलेजियम प्रणाली का गत रविवार को पुरजोर बचाव किया, साथ ही अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी-एसटी) कोटा से क्रीमी लेयर यानी संपन्न लोगों को बाहर रखने का समर्थन किया। वहीं, शीर्ष अदालत में अपने कार्यकाल कदौरान किसी भी महिला न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं करने पर खेद व्यक्त किया।**

**कमलेश पांडे**

दरअसल, अपने आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के जागरूक पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में 52वें प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि वह संस्था को ''पूर्ण संतुष्टि और संतोष की भावना के साथ'' छोड़ रहे हैं और सेवानिवृत्ति के बाद कोई भी कार्यभार स्वीकार नहीं करने के अपने संकल्प पर कायम रहेंगे। उल्लेखनीय है कि वह पहले बौद्ध सीजेआई होने के अलावा के. जी. बालकृष्णन के बाद भारतीय न्यायपालिका का नेतृत्व करने वाले दूसरे दलित हैं। इसलिए जाते जाते उन्होंने जो कुछ भी टिप्पणी की है, उससे निकट भविष्य में न्यायपालिका और सियासत दोनों के प्रभावित होने की अटकलें तेज हो चुकी हैं। जब निवर्तमान प्रधान न्यायाधीश ने यह कहा कि, ''मैंने पदभार ग्रहण करते समय ही स्पष्ट कर दिया था कि मैं सेवानिवृत्ति के बाद कोई भी आधिकारिक कार्यभार स्वीकार नहीं करूंगा। अगले 9 से 10 दिन 'कूलिंग ऑफ' अवधि है। उसके बाद एक नयी पारी शुरू करूँगा।''

सीजेआई गवई ने एससी-एसटी आरक्षण में भी क्रीमी लेयर का सिद्धांत लागू करने के वकालत की। उन्होंने ओबीसी आरक्षण में क्रीमी लेयर के सिद्धांत के लागू होने और एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर के लागू नहीं हो पाने की सियासी वजहों और व्यक्तिगत न्यायिक दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए कहा कि वह खुद एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर की अवधारणा को लागू करने के पक्षधर हैं। इससे जरूरतमंदों को फायदा पहुंचेगा।

मसलन, अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी चीफ जस्टिस बीआर गवई ने आरक्षण से जुड़े उस महत्वपूर्ण मामले को उठाया, जिस पर वह बोलते रहे हैं। उन्होंने अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) में भी क्रीमीलेयर लागू करने की वकालत की। देखा जाए तो चीफ जस्टिस गवई ने इस मुद्दे से जुड़े जिन पहलुओं को उठाया, वे अपनी जगह पर बिल्कुल सही है और हमारे राजनीतिक नेतृत्व द्वारा उन पर गम्भीरता पूर्वक गौर किया जाना चाहिए। अनुसूचित जातियों के संपन्न लोगों को आरक्षण के लाभों से वंचित करने के लिए क्रीमी लेयर की अवधारणा लागू करने पर अपने विचारों का पुरज़ोर बचाव करते हुए



उन्होंने कहा, ''अगर ये लाभ बार-बार एक ही परिवार को मिलते रहेंगे, तो वर्ग के भीतर वर्ग उभर आएगा। आरक्षण उन लोगों तक पहुंचना चाहिए जिन्हें इसकी सचमुच ज़रूरत है।'' उन्होंने सवाल किया, ''अगर किसी मुख्य सचिव के बेटे या गांव में काम करने वाले भूमिहीन मज़दूर के बच्चे को... किसी आईएएस या आईपीएस अधिकारी के बेटे से प्रतिस्पर्धा करनी पड़े... तो क्या यह समान स्तर पर होगा?'' न्यायमूर्ति गवई ने आगाह किया कि इस तरह के कदम उठाये बिना, आरक्षण का लाभ पीढ़ी दर पीढ़ी कुछ परिवारों द्वारा हथिया लिया जाता है, जिससे ''वर्ग के भीतर वर्ग'' का निर्माण होता है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय ''सरकार और संसद को लेना है।'' आरक्षण के जनहितकारी उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए चीफ जस्टिस गवई ने कहा कि रिजर्वेशन उसी को मिलना चाहिए, जो जरूरतमंद है। क्योंकि आरक्षण का उद्देश्य भी सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना और ऐतिहासिक रूप से पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ने के लिए समान अवसर प्रदान करना है। लेकिन पिछड़े वर्गों के भीतर भी जो आगे बढ़ चुके हैं, उन्हे हमेशा के लिए यह लाभ नहीं मिलना चाहिए।

कहना न होगा कि आरक्षण में क्रीमी लेयर का सवाल बहुत ही पुराना मुद्दा है यानी क्रीमीलेयर का सवाल बिल्कुल नया नहीं है। बल्कि तमिलनाडु सरकार ने 1969 में पिछड़े वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए सत्तनाथन कमिशन का गठन किया था, जिसने क्रीमीलेयर का कॉन्सेप्ट पेश किया। वहीं, 1986 में कर्नाटक सरकार से जुड़े एक मुकदमे में शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्य सरकार को आर्थिक आधार पर जांच लागू करनी चाहिए ताकि सही लोगों को आरक्षण का लाभ मिल सके।

यही वजह है कि सीजेआई ने क्रीमी लेयर के मसले पर अपनी दो टूक राय रखी, क्योंकि यह ओबीसी आरक्षण में पहले से ही लागू है। इस मामले में इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ का मुकदमा नजीर बन चुका है। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं रखने और ओबीसी में क्रीमीलेयर लागू करने का फैसला दिया था। इसके बाद केंद्र ने एक आयोग गठित किया, ताकि क्रीमीलेयर परिभाषित हो सके।

सवाल है कि जब एक वर्ग में प्रशासनिक क्राइटेरिया तय है, तो इसे दूसरे वर्गों में भी आजमाने में दिक्कत नहीं आनी चाहिए। ताकि सभी तक फायदा पहुंचे। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अगस्त 2024 में ही एससी-एसटी कैटिगरी के भीतर सब-कैटिगरी को मंजूरी दी थी। इसका मकसद यही था कि वर्ग के भीतर मौजूद हर जाति तक आरक्षण का फायदा पहुंचे और कोई खास तबका ही लाभान्वित न होता रहे।

सच कहा जाए तो क्रीमीलेयर भी इसी मकसद के लिए जरूरी है। 50 साल पहले जस्टिस कृष्ण अय्यर ने आरक्षण की इसी खामी की ओर ध्यान दिलाया था कि चूंकि समाज का ऊपरी तबका सारे लाभ ले जाता है। इसलिए सभी के लिए मौका सुनिश्चित करने की संसदीय पहल अविलंब शुरू की जानी चाहिए। इस अहम मुद्दे पर दलगत भावना से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए।

चूंकि पूरे देश में इस समय आरक्षण की सीमा को लेकर चर्चा है। यह एक बड़ी मांग है कि 50 प्रतिशत लिमिट नहीं होनी चाहिए। लेकिन, अगर जरूरतमंदों को फायदा नहीं मिल रहा, तो कोई भी लिमिट आरक्षण के उद्देश्य को पूरा नही कर सकती है। इसलिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में जो लोग आरक्षण का लाभ लेकर आगे बढ़ चुके है, उन्हें दूसरों का रास्ता रोकने के बजाय, आगे से हटकर पीछे वालों को रास्ता देना चाहिए। आखिर सांसद, विधायक, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी, न्यायधीशों के पुत्र-पुत्रियां या उनके आश्रित जब पुनः आरक्षण का लाभ लेते हैं तो यह आरक्षण के सिद्धांत का दुरुपयोग है। विगत लगभग 8 दशकों से जारी इस पक्षपात पर खामोश विधायिका को अब कठघरे में खड़ा करने का वक्त आ गया है। इस पर कुतर्क गढ़ रहे बुद्धिजीवियों की नकेल भी कसनी चाहिए। इसी में भारतीय समाज का हित निहित है। तभी तो अपने कार्यकाल के अंतिम दिन न्यायमूर्ति गवई ने लगभग सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की, जिनमें जूता फेंके जाने की घटना, लंबित मामले, राष्ट्रपति के राय मांगे जाने पर उनके फैसले की आलोचना, अनुसूचित जातियों में क्रीमी लेयर को आरक्षण के लाभ से बाहर रखने पर उनके विवादास्पद विचार तथा उच्च न्यायपालिका में महिलाओं का कम प्रतिनिधित्व शामिल थे।

वहीं, कॉलेजियम प्रणाली का पुरजोर बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि यह ''न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखने'' में मदद करती है। यह स्वीकार करते हुए कि कोई भी व्यवस्था पूर्णतः परिपूर्ण नहीं होती, उन्होंने कहा कि यह न्यायाधीशों के ''चयन के लिए बेहतर है'' क्योंकि वकील ''प्रधानमंत्री या कानून मंत्री के सामने आकर बहस नहीं करते।'' उन्होंने कहा, ''इस बात की आलोचना होती है कि न्यायाधीश स्वयं नियुक्ति करते हैं। लेकिन इससे स्वतंत्रता सुनिश्चित होती है। हम खुफिया ब्यूरो की जानकारी और सरकार के विचारों पर भी राय जाहिर करते हैं, लेकिन अंतिम निर्णय कॉलेजियम का होता है।''

वहीं, विधेयकों पर राज्यपालों के निर्णयों से जुड़ी समय-सीमा के मुद्दे पर न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''संविधान न्यायालय को ऐसी समय-सीमा की व्याख्या करने की अनुमति नहीं देता जहां कोई समय-सीमा मौजूद ही न हो। लेकिन हमने कहा है कि राज्यपाल अनिश्चित काल तक विधेयक को रोक कर नहीं रख सकते। अत्यधिक विलंब होने पर न्यायिक समीक्षा का विकल्प उपलब्ध है।'' उन्होंने ''शक्तियों के पृथक्करण'' का हवाला दिया और कहा कि जबकि राज्यपाल ''अंतहीन समय तक विधेयक को रोक कर नहीं रख सकते'' और सीमित न्यायिक समीक्षा उपलब्ध है, न्यायपालिका संविधान में कुछ ऐसी व्याख्या नहीं कर सकती जो संविधान में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि राजनीतिक कार्यकर्ता रामकृष्ण एस. गवई के पुत्र, न्यायमूर्ति गवई ने सामाजिक कार्य शुरू करने के बारे में कहा कि यह ''उनके खून में'' है और वह अपने गृह जिले अमरावती में आदिवासी कल्याण के लिए काम करते हुए समय बिताना चाहते हैं।

अध्यात्म

## संस्कार क्या है?



एक राजा के पास सुन्दर घोड़ी थी। कई बार युद्ध में इस घोड़ी ने राजा के प्राण बचाये और घोड़ी राजा के लिए पूरी वफादार थी। कुछ दिनों के बाद इस घोड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया, बच्चा काना पैदा हुआ, पर शरीर हष्ट पुष्ट व सुडौल था। बच्चा बड़ा हुआ, बच्चे ने माँ से पूछाः माँ मैं बहुत बलवान हूँ, पर काना हूँ, यह कैसे हो गया? इस पर घोड़ी बोलीः बेटा जब में गर्भवती थी, तू पेट में था तब राजा ने मेरे ऊपर सवारी करते समय मुझे एक कोड़ा मार दिया, जिसके कारण तू काना हो गया। यह बात सुनकर बच्चे को राजा पर गुस्सा आया और माँ से बोलाः माँ मैं इसका बदला लूंगा। माँ ने कहा राजा ने हमारा पालन-पोषण किया है, तू जो स्वस्थ है, सुन्दर है, उसी के पोषण से तो है, यदि राजा को एक बार गुस्सा आ गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि हम उसे क्षति पहुचाये, पर उस बच्चे के समझ में कुछ नहीं आया, उसने मन ही मन राजा से बदला लेने की सोच ली।

एक दिन यह मौका घोड़े को मिल गया राजा उसे युद्ध पर ले गया। युद्ध लड़ते-लड़ते राजा एक जगह घायल हो गया, घोड़ा उसे तुरन्त उठाकर वापस महल ले आया। इस पर घोड़े को ताज्जुब हुआ और माँ से पूछाः माँ आज राजा से बदला लेने का अच्छा मौका था, पर युद्ध के मैदान में बदला लेने का ख्याल ही नहीं आया और न ही ले पाया, मन ने गवारा नहीं किया। इस पर घोडी हंस कर बोलीः बेटा तेरे खून में और तेरे संस्कार में धोखा है ही नहीं, तू जानकर तो धोखा दे ही नहीं सकता है। तुझ से नमक हरामी हो नहीं सकती, क्योंकि तेरी नस्ल में तेरी माँ का ही तो अंश है। यह सत्य है कि जैसे हमारे संस्कार होते है, वैसा ही हमारे मन का व्यवहार होता है, हमारे पारिवारिक संस्कार अवचेतन मस्तिष्क में गहरे बैठ जाते हैं, माता-पिता जिस संस्कार के होते हैं, उनके बच्चे भी उसी संस्कारों को लेकर पैदा होते हैं। हमारे कर्म ही संस्?कार बनते हैं और संस्कार ही प्रारब्धों का लेते हैं! यदि हम कर्मों को सही व बेहतर दिशा दे दें तो संस्कार अच्छे बनेगें और संस्कार अच्छे बनेंगे तो जो प्रारब्ध का फल बनेगा, वह मीठा व स्वादिष्ट होगा।

# अवसाद की छाया में घिरता जा रहा बचपन

**देश में बच्चों और किशोरों से संबंधित आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं कई सवालों पर सोचने के लिए मजबूर करती हैं। सबसे पहला सवाल तो यह है कि आखिर बच्चे इस तरह का जानलेवा कदम उठाने को क्यों मजबूर हो रहे हैं? दूसरा, हम अपने बच्चों को कैसी शिक्षा व्यवस्था और परिवेश में ढाल रहे हैं। तीसरा और सबसे अहम सवाल है कि आखिर बच्चे मानसिक रूप से इतने कमजोर क्यों हो रहे हैं? ये सभी पहलू आपस में एक-दूसरे से गहरे तक जुड़े हुए हैं।**

**अमित बैजनाथ गर्ग**

असल में आज के दौर में बच्चे मानसिक स्वास्थ्य विकार और अवसाद से ग्रस्त हो रहे हैं। बच्चों में आत्महत्या के प्रयास अक्सर आवेगपूर्ण होते हैं। ये प्रयास उदासी, भ्रम, क्रोध और अति सक्रियता संबंधी समस्याओं से जुड़े हो सकते हैं। उन पर पढ़ाई और परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन का दबाव भी बना रहता है। यह दबाव इतना गहरा हो जाता है कि वे अवसाद का शिकार हो जाते हैं और पढ़ाई का बोझ सहन नहीं कर पाते। यह कहना गलत नहीं होगा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था और आसपास का माहौल नौनिहालों के जीवन पर भारी पड़ रहा है।

पिछले दिनों जयपुर के एक स्कूल की छठी कक्षा की छात्रा ने विद्यालय भवन की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद मध्य प्रदेश के रीवा में एक स्कूली छात्रा ने खुदकुशी कर ली थी। इसी तरह दिल्ली के एक स्कूल के छात्र ने मेट्रो प्लेटफार्म से कूदकर अपनी जान दे दी। इस तरह की घटनाएं समाज को झकझोर देने वाली हैं। सवाल है कि इन विद्यार्थियों के मन में पनपती पीड़ा को आखिर कोई क्यों नहीं समझ पाया, जो उनकी मौत का कारण बन गया। दरअसल, बच्चों से लेकर युवाओं तक में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति एक गंभीर समस्या बनती जा रही है।

एक अनुमान के अनुसार, 15 से 24 वर्ष की आयु के किशोरों और वयस्कों में आत्महत्या मृत्यु का एक बड़ा कारण है। खुदकुशी के प्रयास तनाव, आत्म-संदेह, सफलता का दबाव, वित्तीय अनिश्चितता, निराशा और नुकसान की भावनाओं से जुड़े हो सकते हैं। इसके अलावा, स्कूल में शिक्षकों या सहपाठियों का अनुचित व्यवहार, पारिवारिक कलह, हिंसा के संपर्क में आना, आवेगशीलता, आक्रामकता, अस्वीकृति और लाचारी की भावनाएं भी आत्महत्या के विचार को गहरा कर सकती हैं।

मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक, अगर थोड़ी सी सतर्कता बरती जाए तो बच्चों और किशोरों की कुछ खास अभिव्यक्तियों से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके भीतर आत्महत्या के विचार पनप रहे हैं। जैसे- वे अक्सर खुद को नुकसान पहुंचाने वाली टिप्पणियां कर सकते हैं या किसी छोटी-सी बात पर अचानक आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। इसके अलावा चेतावनी के अन्य संकेतों में खाने या सोने की आदतों में बदलाव, उदास मन, दोस्तों-परिवार और नियमित गतिविधियों से दूरी तथा शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता में गिरावट देखी जा सकती है।

आत्महत्या के बारे में सोचने वाले भविष्य की योजना बनाने या उसके संबंध में बात करना भी बंद कर सकते हैं। असल में अवसाद और आत्महत्या की भावनाएं मानसिक विकार हैं, जिनका इलाज संभव है। बच्चे या किशोर की बीमारी की पहचान कर उचित उपचार किया जा सकता है। अक्सर देखा गया है कि आत्महत्या के बारे में बात करने में लोग असहज महसूस करते हैं। हालांकि अपने बच्चों से यह पूछना मददगार हो सकता है कि क्या वह अवसादग्रस्त है या



आत्महत्या के बारे में सोच रहा है। इस तरह के प्रश्न बच्चे को यह आश्वासन दे सकते हैं कि कोई उसकी परवाह करता है और ऐसे में बच्चे अपनी समस्याओं के बारे में खुल कर बात कर सकते हैं।

बच्चों के साथ संवाद की कमी भी एक बड़ी समस्या है। असल में आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में माता-पिता अपने बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं। कामकाजी परिवारों में यह समस्या सबसे ज्यादा है, जहां एकल परिवारों में पति और पत्नी दोनों काम कर रहे हैं। ऐसे परिवारों के बच्चों में अवसाद सबसे ज्यादा घर कर रहा है। इन बच्चों को लगता है कि माता-पिता के पास उनके लिए समय नहीं है। ये बच्चे अपने मन की बात किससे कहें? मनोचिकित्सकों का मानना है कि आजकल छोटे बच्चे भी अवसाद और चिंता का शिकार हो रहे हैं। इसकी दो बड़ी वजह हैं। पहली, बच्चों को लगता है कि दुनिया में उनका कोई नहीं है, उनकी किसी को परवाह नहीं है। दूसरी, उन पर पढ़ाई का बोझ सबसे ज्यादा है। बेहतर प्रदर्शन की दौड़ में पिछड़ने का डर उनके मन में इस कदर बैठा दिया गया है कि वे किताबों से आगे कुछ सोच ही नहीं पाते।

राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2022 में देश में 13,044 बच्चों ने आत्महत्या की। इन मामलों में 2,248 विद्यार्थियों ने परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर यह कदम उठाया। वहीं एनसीआरबी के वर्ष 2001 के आंकड़े के मुताबिक, देश भर में 5,425 बच्चों ने आत्महत्या की थी। ये आंकड़े बताते हैं कि विद्यार्थियों की आत्महत्या की घटनाओं में कितनी तेजी से इजाफा हो रहा है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, देश में अवसाद से जूझ रहे 40 से 90 फीसद किशोर कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। वे मानसिक चुनौतियां की वजह से मादक पदार्थों का सेवन तक करने लगते हैं। आइसीएमआर का सर्वेक्षण बताता है कि देश में बारह से तेरह फीसद विद्यार्थी मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और व्यवहार संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। 'द लांसेट' पत्रिका का एक अध्ययन बताता है कि दुनिया का हर बारह में से एक बच्चा कभी न कभी आत्महत्या के विचार अपने मन में लाता है।

अवसाद, चिंता, अकेलापन और दोस्तों या घर-परिवार से किसी तरह का समर्थन नहीं मिलने के कारण बच्चों में आत्महत्या के विचार पनपने लगते हैं। बच्चों के काम करने के तरीके, उनके व्यवहार में आ रहा बदलाव, उनकी खामोशी या फिर गुस्सा और चिड़चिड़ापन जैसी व्यवहारगत आदतें सबसे पहले माता-पिता को पता चलती हैं, इसलिए उन्हें सतर्क रहने की जरूरत है। इसके अलावा स्कूल में शिक्षकों और दोस्तों को भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आत्महत्या के विचार या योजना बनाने वाले बच्चे या किशोर को तुरंत किसी अच्छे मनोचिकित्सक के पास ले जाकर उपचार किया जा सकता है।

बच्चों और किशोरों की आत्महत्या की घटनाएं बढ़ना न केवल हमारी शिक्षा व्यवस्था पर सवाल है, बल्कि हमारे घर-परिवार और समाज की उदासीनता एवं लापरवाही को भी उजागर करता है। आखिर क्यों हम अपने बच्चों को समझ नहीं पा रहे हैं? क्यों हम उनके मन को पढ़ नहीं पा रहे हैं? चूक कहां हो रही है? इस पर गंभीरता से विचार करना होगा कि कहीं हमने पैसे कमाने की होड़ में अपने बच्चों को अकेले घुटने के लिए तो नहीं छोड़ दिया है? पढ़ाई में अव्वल आने की दौड़ में उन्हें जीवन जीने या यों कहिए कि बचपन से दूर तो नहीं कर दिया है? हमें सोचना होगा कि आखिर जिंदगी बड़ी है या किताबी सफलता। सवाल बहुत हैं, जिनके जवाब हम सबको मिलकर तलाशने होंगे, ताकि बच्चों और किशोरों के जीवन को सुरक्षित और खुशहाल बनाया जा सके।

## आज का कार्टून

पश्चिम बंगाल में SIR पर नया बवाल, बीएलओ एसोसिएशन की चुनाव आयोग से शिकायत, एक-एक व्यक्ति के दस-दस बाप




## राशिफल

**मेष**
नये सम्बन्धों को लेकर परेशानी हो सकती है। सन्तान के कार्यों पर नजर बनाकर रखें। सहकर्मियों के माध्यम से गम्भीर समस्याओं का निराकरण कर लेंगे।

**वृषभ**
परिवार में कलह उत्पन्न हो सकता है। अजनबी व्यक्तियों पर अधिक विश्वास न करें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**मिथुन**
पुरानी डील में लाभ मिलने की सम्भावना है। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। किसी दुविधा का समाधान मिल सकता है।

**कर्क**
आय के साथ-साथ आपके खर्च भी बढ़ेंगे। गैस-चूल्हा और बिजली के प्रयोग में सावधानी रखें। व्यापार में नये साझेदार बन सकते हैं।

**सिंह**
सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। दूसरों के विवादों में आपको नहीं फँसना चाहिये। बच्चों की परवरिश का आपको ध्यान रखना चाहिये।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में अकस्मात परिवर्तन आ सकते हैं। दुष्टजन आपको हानि पहुँचाने का प्रयास करेंगे। व्यवसाय में बड़ा परिवर्तन करने से आपको बचना चाहिये।

**तुला**
आपका उत्साह बढ़ेगा। घरेलू खर्च को लेकर बजट का ध्यान रखें। सहकर्मी आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। व्यापार में पार्टनर्स का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक**
राजनीति से जुड़े लोगों को सोच-समझकर दान करना चाहिये। उधार चुकाने के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। वाहन का प्रयोग सावधानी से करें।

**धनु**
घर का वातावरण शान्तिपूर्ण रहेगा। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। ज्ञानवर्धक साहित्य का अध्ययन करें।

**मकर**
विदेश यात्रा में आ रही बाधा दूर होगी। परिवार में कलह-क्लेश का वातावरण हो सकता है। घर के लिये खरीदारी कर सकते हैं। वायरल से पीड़ित लोगों को सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिये।

**कुंभ**
जीवनसाथी की सहायता से आपको करियर में लाभ मिलेगा। बच्चों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। कुछ कड़े और महत्वपूर्ण निर्णय आज आपको लेने पड़ सकते हैं।

**मीन**
आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। प्रियजनों के साथ हर्षोल्लास में समय व्यतीत होगा। अपनी प्रतिभा को पुनर्विकसित करने का अवसर मिल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिनदहाड़े झोला काटकर महिला के रुपयों की चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन बाजार बाजितपुर रोड में उचक्को ने ऑटो से उतरी महिला का बैग काटकर 5500 रुपए चोरी कर लिये। इस संबंध में वार्ड नंबर 9 काजीचक निवासी निर्मला देवी ने अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध थाने में केस दर्ज कराया है ।महिला ने बताया कि वह सामान खरीदने के लिए मछली मार्केट के पास ऑटो से नीचे उतरी। इसी दौरान बदमाशों ने हाथ की सफाई दिखा दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मारपीट के आरोप में दो दर्जन पर केस

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दाहौर गांव में छोटन ठाकुर और उमाकांत शर्मा के परिजनों के बीच जमीन पर कब्जा करने को लेकर मारपीट हुई। तोड़फोड़ के दौरान करकट का मकान ध्वस्त कर दिया गया। इस संबंध में छोटन ठाकुर और सीमा देवी के द्वारा थाने में एक दूसरे पर केस दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वन विभाग का पौधा क्षतिग्रस्त, तीस बांस की जाली चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहरी गांव में स्थित पोखर के किनारे वन विभाग द्वारा लगाये गये करीब 42 पौधों को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं दूसरी तरफ पौधों की सुरक्षा को लेकर लगाए गए 30 बांस की जाली गैबियन की भी चोरी कर ली। इस संबंध में बाढ़ के फॉरेस्ट रेंजर ऑफिसर सत्य प्रकाश गौतम ने थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है ।अधिकारी ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया था जिसके अंतर्गत करीब 1000 पौधे लगाए गए थे। इसके पूर्व भी असामाजिक तत्वों ने बड़े पैमाने पर वन विभाग द्वारा लगाई गई बांस की जाली को गायब कर दिया था।

### फरार तीन अभियुक्तों के घर पर साटा गया इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना के पभेडा गांव के चैतुनाथ हत्याकांड के फरार तीन अभीयुक्तों के घर पर धनरूआ पुलिस ने बुधवार को विधिवत रूप से इश्तेहार साटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। दरअसल यह घटना 10 8.2025 को धनरूआ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव के समीप घटना घटी थी, जहां तकरीबन 9:00 बजे रात को चैतूनाथ सपेरा को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी सुनैना देवी ने सन्नी कुमार पर गोली मार कर हत्या करने समेत तीन लोगों पर हत्या का प्राथमिकी दर्ज किया था और इस घटना का कारण गरमजरूआ जमीन का विवाद बताया था। इस मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों के घर पर विधवत रूप से धनरूआ पुलिस ने इश्तेहार साट कर सरेंडर की चेतावनी दी हैं। जिसमें दुखन सपेरा पिता समुद्र सपेरा चीकसौरा नालंदा निवासी, वही राजमोहन यादव पिता स्व सुखमल यादव,सन्नी कुमार, पिता राजामोहन यादव के घर पर इश्तेहार साटा गया है।

### दो लाख नकदी समेत लाखों के आभूषण की चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी के शिवशंकर नगर स्थित शिवनाथ केसरी के बंद घर का ताला तोड़कर बदमाशों ने बीते रात दो लाख रुपये नकदी समेत लाखों का आभूषण लेकर फरेर हो गये. बताया जाता है कि घर के सभी सदस्य घर मे ताला बंद कर किसी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह मे भाग लेने गये हुये थे. सुबह जब गृहस्वामी वापस घर लौटे और घर के अंदर सभी कमरे का ताला टूटा हुआ पाया व सारा सामान बिखरा पड़ा देखा. बाद में उनके द्वारा इसकी सूचना मसौढ़ी पुलिस को दी गयी. सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंचकर छानबीन की. इस संबंध मे शिवनाथ केसरी के पुत्र नागेन्द्र प्रसाद ने अप्राकृतिक बदमाशों के बिरूध मामला दर्ज कराया है. घटना के विषय मे बताया जाता है कै नागेन्द्र प्रसाद पूरे परिवार के साथ घर मे ताला बंदकर शादी समारोह मे भाग लेने एक रिश्तेदार के घर गये थे. आरोप है कि बंद घर का फायदा उठाते हुये बदमाशों ने बीते रात घर में किसी तरह प्रवेश कर घर के अंदर चेर कमरे के तेरे तोड़कर कमरे मे प्रवेश कर गये और कमरे मे रखा आलमीरा ल बक्से को तोड उसमे रखा दो लाख नकद समेत लाखों का आभूषण लेकर फरार हो गये. इधर पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है.

### मोबाइल में मिली थी कट्टा की तस्वीर, निशान देही पर घर से बरामद हुआ एक देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थानांतर्गत पटना-गया मुख्य मार्ग पर रघुनाथपुर मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर उसके मोबाइल की जांच की गई। जहाँ मोबाइल में अवैध देशी हथियार का



फोटो मिलने पर पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गई। पूछताछ के पश्चात युवक की निशानदेही पर उसके घर से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम रंजन कुमार उम्र करीब 25 वर्ष पे. अवधेश प्रसाद सा.-पथरहट है। गिरफ्तार युवक रंजन कुमार से फोटो के बारे में पूछताछ किया उसके द्वारा बताया गया कि देशी कट्टा अपने घर में छुपाकर रखे हये हैं।रंजन कुमार के निशानदेही पर उसके स घर से एक देशी कट्टा बरामद किया गया , इसके अलावा पूछताछ के क्रम में बताया गया कि यह देसी कट्टा जहानाबाद से एक युवक से खरीदे हैं। पुलिस अवैध हथियार सप्लायर से संबंधित तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल में जुटी है।छापेमारी टीम में पुअनि सह थानाध्यक्ष आलोक कुमार, पुअनि अंकित कुमार, पुअनि राहुल कुमार शाह आदी शामिल रहे।

### छापेमारी कर घर से 10 बोतल विदेशी शराब जप्त

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के केलाबगान गांव से एक घर से पुलिस ने 10 बोतल विदेशी शराब को जप्त किया है। इस मामले में पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि केला बागान गांव से लगातार सूचना मिल रही थी कि एक व्यक्ति अपने घर से विदेशी शराब की बिक्री कर रहा है। ऐसे में सूचना सत्यापन करते हुए गुरुवार को उसके घर पर छापेमारी की गई जहां कल्लु चौधरी पे. नरेश चौधरी के घर से 750 का 10 बोतल अंग्रेजी शाराब जप्त किया गया है।हलांकि छापेमारी के दौरान कल्लू चौधरी भागने में सफल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है।

### चार देसी शराब की भट्ठियों को पुलिस ने किया ध्वस्त

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के चौरासी-सुअरमरवा के पास सूचना पर पुलिस ने शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कर देसी शराब की भठ्ठियों को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान अर्ध निर्मित करीब 10000 लीटर से ज्यादा शराबों को नष्ट किया है। शराब की भठ्ठियों को ध्वस्त करने का नेतृत्व मनेर थाना के एसआई अफसर अली ने किया। मौके पर मनेर थाना के एएसआई राम सुरेश प्रसाद सिंह, मुन्ना चौधरी, अभय कुमार और



चौकीदार धर्मेंद्र कुमार, गौरव कुमार सहित कई लोग शामिल थे। इस संबंध में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान शराब की भट्ठियों को ध्वस्त और अर्ध निर्मित शराबों को नष्ट किया गया है। इसके अलावा पूरे मनेर इलाके में विशेष रूप टीम तैयार कर अभियान शराब के खिलाफ चलाया जाएगा।

### शादी हॉल कैंपस से दिनदहाड़े बाइक हुई चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे मे कैद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी शहर में एक बार फिर से बाइक चोरी की घटना होने लगी है। बीते 25. 11.2025 को तकरीबन 11.51 बजे दिनदहाड़े मसौढी थाना क्षेत्र के मधुर मिलन उत्सव हॉल के कैंपस से एक शिक्षक की बाइक को चोरों ने बड़ी आसानी से चलाकर ले भागे हैं। इस पूरी घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं, जहां तस्वीरों में साफ दिख रहा है की उत्सव हॉल के कैंपस से बाइक पर तिन सवार युवकों ने किस तरह से बडे आसानी से बाइक चुरा कर लेकर भाग रहे हैं।जो इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि भगवानगंज थाना क्षेत्र के शिवचक के रहने वाले अमरेंद्र कुमार पिता स्व. अयोध्या पासवान ने मसौढी थाने में लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई है कि हमारे लाल एवं काले रंग का होंडा साईन गाड़ी को दिनदहाड़े तिन युवकों के द्वारा चुराकर भाग गए हैं। हाल के ही दिनों में 14 8.2024 को एक मिस्त्री से उन्होंने बाइक खरीदी थी। इस मामले में पुलिस छानबीन में जुटी है।

# तेज रफ्तार स्कार्पियो ने पिता-बेटे को रौंदा, छह वर्षीय बेटे की मौत



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ-खगौल मार्ग पर हाई स्कूल के पास गुरुवार की दोपहर तेज रफ्तार स्कार्पियो ने स्कूटी पर जा रहे पिता और उनके छह साल के बेटे को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छह साल के बच्चे मो. ओसाफ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता मो. आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने स्कार्पियो और उसके चालक को पकड़ लिया, जिसकी बाद में पुलिस ने हिरासत ले ली. घटना मिल्लत कॉलोनी मोड़ के पास हुई, जहां मो. आसिफ की इलेक्ट्रिक दुकान भी है. पिता अपने बेटे ओसाफ को दोपहर बाद मिल्लत कॉलोनी सेक्टर-2 स्थित मदरसा ले जा रहे थे. बच्चा विद्यालय अल बुरूज में यूकेजी का छात्र था. जैसे ही वे दुकान के पास पहुंचे, तेज रफ्तार से आई स्कार्पियो ने सामने से स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी. दोनों कुछ दूर तक फेंका गए. मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोग तुरंत घायल पिता और बच्चे को नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां से बच्चे को एम्स रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पिता मो. आसिफ का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. लोगों ने दुर्घटना के बाद भागने की कोशिश कर रहे स्कार्पियो चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया. पुलिस ने वाहन और चालक को अपने कब्जे में ले लिया है. प्रभारी थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार ने बताया कि सिपारा निवासी अतुल कुमार अपने दोस्त की स्कार्पियो लेकर कहीं जा रहे थे और वाहन की तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हो गई. स्कार्पियो चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है. मो. आसिफ मूल रूप से दुल्हन बाजार के नबीनगर के रहने वाले हैं. वे पिछले 20 साल से फुलवारी शरीफ में परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं. फिलहाल मिल्लत कॉलोनी में मोहम्मद फैयाज के घर में रहते थे.

# मसौढी के सरकारी विद्यालयों में लिया गया बाल विवाह रोकने का सामूहिक संकल्प



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को मसौढी के सभी सरकारी स्कूलों में सामूहिक संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया. छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया.नवल किशोर प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय सहित कई विद्यालयों में संकल्प सभा आयोजित हुई शिक्षकों ने बच्चों को बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ दिलायी. उपस्थित शिक्षकों ने बाल विवाह के दुष्परिणामों शिक्षा बाधित होना, स्वास्थ्य जोखिम, मानसिक तनाव, सुरक्षा की कमी और बालिकाओं के सपनों के टूटना पर विस्तृत रूप से जानकारी दी.बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना है, ताकि समाज इस बुराई के प्रति संवेदनशील बने. उन्होंने कहा कि 27 नवंबर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम की शुरूआत की थी. तभी से हर वर्ष इस दिन बाल विवाह मुक्त प्रतिज्ञा दिवस मनाया जाता है. कार्यक्रम में छात्रों में सृष्टि कुमारी ,अंजली कुमारी, प्रिया कुमारी ,सिमरन कुमारी, स्नेहा कुमारी, खुशी कुमारी, सपना कुमारी, आकांक्षा कुमारी के अलावा शिक्षकों में प्रभारी शिक्षक कुमारी शोभा गुप्ता ,अर्चना गुप्ता, सजना कुमारी ,मधु प्रिया, रिंकी कुमारी ,अजीत एवं दिनेश कुमार पटेल आदि शामिल रहे।

## फरार तीन अभियुक्तों के घर पर साटा गया इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना के पभेडा गांव के चैतुनाथ हत्याकांड के फरार तीन अभीयुक्तों के घर पर धनरूआ पुलिस ने बुधवार को विधिवत रूप से इश्तेहार साटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। दरअसल यह घटना 10 8.2025 को धनरूआ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव के समीप घटना घटी थी, जहां तकरीबन 9:00 बजे रात को चैतूनाथ सपेरा को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी सुनैना देवी ने सन्नी कुमार पर गोली मार कर हत्या करने समेत तीन लोगों पर हत्या का प्राथमिकी दर्ज किया था और इस घटना का कारण गरमजरूआ जमीन का विवाद बताया था। इस मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों के घर पर विधवत रूप से धनरूआ पुलिस ने इश्तेहार साट कर सरेंडर की चेतावनी दी हैं।

# दानापुर में गंगा में डूबे युवक का दो दिन बाद शव बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले सोमवार को नाव से गिर कर बीच गंगा नदी में डूबे संजय नामक युवक का शव दो दिन के बाद परिजनों ने नवदियारी पानापुर घाट से बरामद किया गया. पानी में शव फूल जाने के कारण गुरूवार को ऊपर आ गया. दियारा के नकटा दियारा व नवदियारी पानापुर घाट के समीप गंगा नदी से शव बरामद किया गया. अकिलपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया. मृतक के परिजनों अस्पताल पहुंचे और शव को देखते चित्कार कर उठे.बताया जाता है कि अकिलपुर थाने के कासीमचक पंचायत के बिशुनपुर निवासी लालता साव के 35 वर्षीय पुत्र संजय साव पिछले सोमवार को देर शाम नासरीगंज घाट से नाव पर सवार होकर गंगा पार अपने गांव बिशुनपुर जा रहा था. इसी दौरान संजय मोबाइल देखने के दौरान बीच गंगा नदी में नाव से गिर गया और तेज धारा में बह गया. नाव पर सवार लोगों ने डूबे रहे संजय को बचाने का प्रयास किया. परंतु गंगा के तेज धारा में डूब कर बह गया . सूचना पर मंगलवार को एसडीआरएफ टीम ने दो दिन तक शव को खोजबीन किया. परंतु शव बरामद नही हुआ . जिसके बाद परिजनों गुरूवार को सुबह में नाव से खोजबीन कर रहे थे तो नवदियारी पानापुर -नकटा दियारा के पास गंगा घाट किनारे एक शव को देखा तो और जब शव को नजदीक से देखा तो संजय का शव था. पंचायत के पूर्व मुखिया दिनेश प्रसाद राय, पूर्व जिला पार्षद ओम प्रकाश यादव , पूर्व प्रमुख मनोज राय व मुखिया विनोद कुमार ने मृतक के परिजनों से मुलकात कर सांत्वना देते हुए मृतक के परिवार को आपदा प्रबंधन के तहत आर्थिक सहायता देने की मांग जिला प्रशासन से की है.पूर्व मुखिया दिनेश प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने शव को अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने लाया गया तो अस्पताल प्रशासन पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया. तब जाकर एसडीओ से लिखित आदेश के बाद पोस्टमार्टम किया गया है. थानाध्यक्ष विनोद राम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है.

## कृषि अनुसंधान परिसर पटना में संविधान दिवस मनाया गया



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में संविधान दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष उपाध्याय द्वारा किया गया। उन्होंने संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर संविधान के प्रति निष्ठा, सशक्त लोकतंत्र तथा कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई। डॉ. उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज ही नहीं, बल्कि भारत के समृद्ध लोकतांत्रिक मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्व का जीवंत संकल्प है। उन्होंने सभी से संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों का पालन करने, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं सेवा-भाव को अपने कार्यस्थल पर अपनाने का आह्वान किया।

**अपराह्न में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन**

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में अपराह्न में संविधान आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा आईएआरआई पटना हब के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में संविधान के निर्माण, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, संविधान सभा से जुड़े विषय, महत्वपूर्ण संशोधन, न्यायपालिका, विधायिका एवं प्रशासनिक तंत्र आदि से जुड़े विविध प्रश्नों को शामिल किया गया। पूरे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समन्वय प्रशासनिक अधिकारी श्री विपुल राज द्वारा किया गया।

## एसएनबी फाउंडेशन ग्रुप आॅफ इंस्टीट्यूसन में किया गया भूमि पूजन समारोह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएनबी फाउंडेशन ग्रुप आॅफ इंस्टीट्यूट्सन के नये भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर कॉलेज के निदेशक महोदय (डॉ विजय कुमार), प्राचार्य (अमित कुमार), समस्त शिक्षकगण (रंजीत कुमार, कमलेश कुमार, सूरज मधुकर, अनुष्का भारती, सुमित कुमार, मोहित कुमार,



अनुराग अमन, शुभम कुमार, गुलाब आलम, रुपेश कुमार, रौशन कुमार और गोकुला नंद दीक्षित एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस शुभारंभ से कॉलेज के विकास की एक नई शुरूआत हुई है, जो आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। सभी उपस्थित जनों ने मिलकर इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाया।

# अतिक्रमण पर नप प्रशासन का चला बुलडोजर, वसूला जुर्माना





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर एक बार फिर नगर परिषद प्रशासन ने सगुना मोड गोलंबर पर टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. गुरूवार को नप प्रशासन ने शहर के हर्ट जोन कहे जाने वाले सगुना मोड़ गोलंबर से अतिक्रमण हटाया गया. नप के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी विग्नेश टीए व इओ (व्यवस्था) रवि कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया. उन्होंने बताया कि सगुना मोड गोलंबर के चारों ओर अतिक्रमण के कारण अक्सर जाम लगा रहता है. जिसको देखते हुए अतिक्रमण अभियान चलाया गया है. प्रशासन ने बुलडोजर से सड़क किनारे स्थायी व अस्थायी रूप से झोंपड़ियों, गुमटियों को ध्वस्त किया. दुकानों को ट्रैक्टर में लादकर हटवाया गया. इस दौरान अतिक्रमणकारियों से 18 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया.उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस को लिखित सूचना दी गयी है कि दोबारा अतिक्रमण करने वाले पर सख्त कानूनी कार्रवाई करें.

## फरार चोरी आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चोरी के मामले में गिरफ्तार आर्यन उर्फ राजा ने बुधवार को पुलिस को चकमा देकर शौचालय से हथकडी सकरा कर फरार हो गया. पुलिस ने 12 घंटे के अंदर उसके घर द्रवी लेन से गिरफ्तार किया है. बता दे कि थाने के द्रवी लेन में सोमवार की देर रात मनोज दास के घर में घुसकर दस हजार नगद व दो मोबाइल , मोहम्मद रियाज के घर के सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर दिया था.सविता देवी के घर से मोबाइल चोरी कर लिया था और भाजपा नेता वीरेंद्र कुमार के घर में चोरी करने का प्रयास किया था.

# कृषि चौपाल में किसानों को रबी फसलों से जुड़ी तकनीक की दी जा रही जानकारी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वासंतिक महाअभियान के अंतर्गत मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में इन दिनों कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन पंचायत स्तरीय किया जा रहा है। हर पंचायत में किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक के माध्यम से किसानों को जानकारी दी जा रही है। रबी महाअभियान के तहत आयोजित इस चौपाल में किसानों को रबी बोआई एवं तिलहन फसल की खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान दी जा रही है। कृषि पदाधिकारियों ने किसानों से खेतों में रासायनिक खाद के बजाय जैविक खाद के प्रयोग पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि जीरो टिलेज विधि से गेहूं की बोआई करने पर कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त की जा सकती है. इसके अलावा विभिन्न फसलों में लगने वाली कीटों और रोगों के नियंत्रण के लिए कीटनाशक दवाओं के उचित उपयोग की जानकारी भी दी गयी. चौपाल में किसानों ने अपनी समस्याओं को कृषि पदाधिकारियों के सामने रखे जाने पर बताया कि कृषि विभाग द्वारा एक विशेष कृषि एप लांच किया गया है, जिसके माध्यम से किसान घर बैठे सब्सिडी, बीज उपलब्धता और कृषि से संबंधित समस्याओं के समाधान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. उन्होंने बताया कि गेहूं का बीज सब्सिडी दर पर कार्यालय में उपलब्ध है और किसान ऑनलाइन आवेदन कर सब्सिडी कटौती के बाद बीज प्राप्त कर सकते हैं. मसूर, हरा मटर, सफेद मटर सहित अन्य बीज भी उपलब्ध हैं।

# दानापुर में एक युवक ने स्कूल की प्राचार्य व शिक्षक की पिटाई, सोने का चेन छीना

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरूवार को दोपहर में लखनी बिगहा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य व शिक्षक के साथ मोहल्ले के एक युवक ने गाली-गलौज देते हुए मारपीट करने का मामला सामने आया है. शिक्षक के गले से सोने के चेन छीन लेने का आरोप लगाया है. यह घटना थाना क्षेत्र के लखनीबिगहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गुरूवार को दोपहर में घटी है. इस संबंध में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य निरंजन कुमार ने स्थानीय थाना में मोहल्ले के मनोज सिंह के पुत्र लड्डू कुमार के विरूद्ध नामजद लिखित शिकायत किया है. इस घटना के बाद स्कूल के बच्चों डर-सहमे हुए है. घटना के बारे में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य निरंजन कुमार ने बताया कि दोपहर स्कूल में मोहल्ले के मनोज सिंह के पुत्र लड्डू कुमार आया और मुझे गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार करने लगा तो स्कूल में पदस्थापित शारीरिक प्रखंड शिक्षक उमेश सिंह ने बीच बचाव करने आये तो उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और उनके गले से सोने के चेन छीन लेने का आरोप लगाया है. मुझे और उमेश को गोली मारने की धमकी देते हुए स्कूल नही आने की चेतावनी दी है. जिससे प्रभारी प्राचार्य , शिक्षक व बच्चों डर-सहमे हुए है. शिक्षक उमेश सिंह ने बताया कि सुरक्षा प्रदान नही मिलेगा तो स्कूल को बंद रखा जायेगा. प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

# वरिष्ठ पत्रकार जयकुमार झा, अशोक सिन्हा और अवधेश प्रीत को भावभीनी श्रद्धांजलि

## बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने किया सम्मानीय आयोजन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ओर से गुरुवार को वरिष्ठ पत्रकार जयकुमार झा, अशोक सिन्हा और अवधेश प्रीत के सम्मान में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया. समारोह की अध्यक्षता यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक कुमार ने की, जबकि संचालन महासचिव मुकुंद कुमार सिंह ने किया. स्वागत सचिव रजनीश कुमार आर्य ने किया. इस अवसर पर सवर्ण आयोग के अध्यक्ष महाचंद्र प्रसाद सिंह और बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रोफेसर रणवीर नंदन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि इन तीनों पत्रकारों ने अपनी निष्पक्ष पत्रकारिता से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया. सरकार के कार्यों व नीतियों को जनता तक पहुंचाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है. उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता. उन्होंने परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार, बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से- कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, संयुक्त सचिव अजीत कुमार, पटना जिला महासचिव प्रेम कुमार, बिहार राज्य किसान आयोग के सदस्य सुनील सेवक, पटना विश्वविद्यालय सिंडिकेट सदस्य सागरिका चौधरी, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरवन कुमार अग्रवाल, सीए संजय झा, कांग्रेस नेता रौशन कुमार सिंह, हम पार्टी के मुख्य प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण, यूनियन उपाध्यक्ष आफताब आलम सहित अनेक पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे.

# दो कमरे के जर्जर भवन में चल रहा है मसौढी का उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज, दहशत में होती है पढ़ाई

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर मुख्यालय का एक ऐसा विद्यालय जो कई वर्षो से जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। जहां न केवल छात्र-छात्रा बल्कि शिक्षक शिक्षिका भी दहशत के बीच पठन-पाठन कर रहे हैं। दरअसल उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज विद्यालय में दो कमरे हैं जहां कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई होती हैं। लेकिन दोनों कमरे काफी जर्जर हालत में हैं। छत का प्लास्टर गिर रहा है हाल ही में दो दिन पहले ही स्कूल परिसर में पढ़ाई हो रही थी उसी दौरान बाहरी



छज्जा टूट कर गिर गया जहां बरामदे मे.पढ रहे कई बच्चे चोटील होते-होते बच गए। ऐसे में कोई अप्रिय घटना न घट जाए जिसको लेकर लगातार छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच में दहशत बना हुआ रहता है। छत से प्लास्टर गिरने की कई बार घटनाएं घट चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई है। इसके अलावा जगह नहीं के रहने के कारण आज ही बच्चे जमीन पर दरी पर बैठकर ही पठन-पाठन करते हैं,स्कूल मे शौचालय की सुविधा भी नही है। उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज में तकरीबन 136 नामांकित बच्चे हैं और तकरीबन 6 शिक्षक शिक्षिकाएं हैं बावजूद आज तक विभागीय उदासीनता के कारण इस विद्यालय का भवन का पनी बदहाली का आंसू बहा रहा है। नतीजन छात्र-छात्रा शिक्षकों को बीच दहशत में पठन-पाठन चल रहा है। स्कूल में पढ़ रहे छात्राओं में तमजीम आलम, अब्दुल सलाम, फैजाम, मोहम्मद आरिफ,गुलशन,रकीबा प्रवीण जोया प्रवीण एवं शिक्षकों में अफसाना,अन्नपूर्णा कुमारी आदि शिक्षकों ने बताया कि कई बार जिला मुख्यालय को स्कूल के जर्जर हालत के बाद सूचना दी गई है,एवं ई शिक्षा कोष पोर्टल पर भी डाला गया है इसके अलावा त्राहिमाम संदेश भी दिए गए हैं बावजूद आज तक इस विद्यालय के भवन निर्माण के बारे में कोई पहल नहीं हो पाई है।

# हृदय रोगियों के लिए मसौढी अनुमंडल अस्पताल में शुरू हुआ ईसीजी की जांच की सुविधा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईसीजी जांच कराने के लिए अब मरीजों को पटना की दौड़ नहीं लगानी पडेगी, अब मसौढी के अनुमंडलीय अस्पताल में ईसीजी की सुविधा बहाल हो गई है । ऐसें में अब मसौढी वासियों को इससे न सिर्फ हृदय रोगियों बल्कि गंभीर मरीजों को जांच कराने में सुविधा मिलेगी। अब मरीजों को जांच कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य प्रबंधक चंद्रशेखर प्रसाद ने बताया कि अनुमंडल अस्पताल में स्वास्थ्य जांच व इलाज के लिए रोजाना अभी 20 से अधिक मरीज आते हैं। इनमें पांच-छह हृदय रोगी होते हैं।ईसीजी जांच से हृदय रोगियों के मर्ज के बारे में पता लगाया जा सकता है। हृदय रोगियों का उपचार करने में सुविधा मिलेगी। इलेक्ट्रो कार्डियो ग्राम (ईसीजी) जांच से हृदय की विद्युत गतिविधि, लय और दर का पता चलता है, जिससे हृदय संबंधी समस्याओं मसलन अतालता, दिल के दौरे, कोरोनरी हृदय रोग और हृदय की क्षति के बारे में पता चलता है और इलाज में मदद मिलती है। ईसीजी जांच से हृदय रोग का प्रारंभिक पता लगाना और समय पर उपचार शुरू करना संभव होता है, जो जानलेवा स्थितियों को रोकने में मदद कर सकता है। ईसीजी से यह पता चलता है अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी डॉ. नालिनी बताते हैं की ईसीजी जांच से हृदय कितनी तेजी से धड़क रहा है और इसकी लय नियमित है या अनियमित। हृदय के कक्षों के आकार और स्थिति का भी पता लगता है। ईसीजी यह दिखा सकता है कि हृदय को नियंत्रित करने वाली दवाएं या पेसमेकर जैसे उपकरण कैसा काम कर रहे हैं। इससे रोग का शीघ्र पता लग जाता है। इलाज में मदद करता है ईसीजी ईसीजी से छाती में दर्द या दिल की धड़कन तेज होने जैसे लक्षणों के कारण को समझने में डॉक्टर की मदद मिलती है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाली कस्तूरी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस और बरहरवा एसएसबी की संयुक्त करवाई मे बुधवार की मध्य रात्रि गस्त के दौरान गुप्त सुचना के आधार पर जमुनी पुल के सैनिक रोड पर छः बोरा मे लेकर जा रहे छ सौ नेपाली कस्तूरी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया उक्त शराब तस्कर की पहचान लखौरा थाना क्षेत्र के बड़का पकही गाँव निवासी कमलेश पासवान पिता जीवत पासवान राकेश कुमार पिता योगेंद्र पासवान के रूप मे किया गया जिसे गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरा कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया जानकारी जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी।

### आज होगा जॉब कैम्प का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 29.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है ' इस जॉब कैम्प में शिव शक्ति अग्री टेक द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन सेल्स ऑफिसर पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12 वीं / ग्रैजुएट पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 19 - 40 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल पूर्वी चम्पारण में होगा और मानदेय 8000 से 14000 ळब्ळ निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे ळअ, ऊअ, बोनस, इंसेंटिव, पीएफ, मेडिकल इत्यादि ' इस जॉब कैंप मे कुल - 150 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### शादी की नीयत से किशोरी का अपहरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोपालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर शादी के नीयत से गांव की 17 वर्षीय किशोरी को भगा ले गया है। मामले में किशोरी के पिता ने गोपालपुर थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी में बोलबम साह, अजय साह, बैजनाथ साह, बिजली साह, मुक्ति साह को आरोपित किया गया है। किशोरी के पिता ने पुलिस से बताया है कि 16 नवंबर की रात घर के लोग खाना खाकर सो गए। सुबह जगे तो देखें कि उनकी पुत्री गायब है। खोजबीन के दौरान पता चला कि कि उनके ही गांव के बोलबम साह अपने सहयोगी अजय साह, बैजनाथ साह, बिजली साह, मुक्ति साह के साथ मिलकर शादी के नियत से उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया है। इसकी जानकारी होने पर वे पूछताछ करने बोलबम साह के घर गए, लेकिन वे लोग कुछ नहीं बताएं और गाली गलौज देकर भगा दिए। किशोरी के पिता ने बताया है कि कुछ दिन पहले भी बोलबम साह उनकी पुत्री को भगा ले गया था। किशोरी के पिता ने आशंका जताया है कि आरोपित उनकी लड़की के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

### पांच अग्निपीड़ितों को मिला सहायता राशि का चेक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल अंतर्गत मनवा परसी पंचायत के हरपुर गाव में घटी आगलगी की घटना में शामिल चार एवं कुंडीलपुर पंचायत के सतवरिया गांव के एक अग्निपीड़ित को गुरुवार को अंचल प्रशासन द्वारा अनुदान अनुग्रह के तहत 12 -12 हजार की सहायता राशि का चेक दिया गया।अग्निपीड़ितों में हरपुर गाव निवासी संभु यादव, कमल यादव,विजय यादव,सुशील यादव एवं सतवरिया गाव निवासी आशा देवी शामिल है। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि हरपुर के चार एवं सतवरिया के एक अग्निपीड़ितों के बीच सहायता राशि के चेक का वितरण किया गया है। सीओ ने बताया कि घटना में शामिल अग्निपीड़ितों को पहले पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराया गया था। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को सभी अग्निपीड़ितों को 12 -12 हजार रुपये की राशि का चेक दिया गया है।

### बिजली चोरी करने के मामले में 13 नामजद

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम ने सघन छापेमारी की। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे बिजली विभाग के जेई वेद प्रकाश ओझा व राजीव कुमार सिंह ने 13 लोगों के खिलाफ विद्युत ऊर्जा की चोरी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। साथ ही निर्धारित प्रावधानों के तहत इनके खिलाफ जुमार्ना भी लगाया गया है। इस मामले में जेई वेद प्रकाश ओझा ने मुडिला गांव के विनोद यादव, सोनी देवी, नीरज यादव, मोतीलाल यादव, दहाडी यादव गोलाबाजार के सागर कुमार गुप्ता, इन्दरा नगर पईन टोला के मैना खातून, बीरेन्द्र चौधरी पर बिजली चोरी का आरोप लगा। उधर ग्रामीण जेई राजीव कुमार ने सोनखर गांव के सागर राम, बरवा बंजरिया के महंथ राम, सुन्नर महतो, मन्नू कुमार श्रीवास्तव, मेघवल मठिया के अमजद खान के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई। इनपर आरसीडीसी कटाए बिना ये चोरी की बिजली जला रहे थे।थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि दर्ज एफआईआर के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पति पत्नी के आपसी विवाद की सूचना पर पहुचीं शिकारपूर पुलिस ने घर से अवैध हथियार के साथ पति को गिरफ्तार किया है। मामला कटघरवा गांव का है। गिरफ्तार युवक की पहचान कटघरवा वार्ड 12 निवासी शेख सलाउद्दीन के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया की सलाउद्दीन और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो रहा था। पत्नी द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। सूचना के आलोक में पुलिस पहुंची तो पता चला कि उसके घर में दोनाली बंदूक रखा है। जिसके बाद इसके बाद उसके घर की गहन तलाशी की गई। इसी क्रम में घर में रखे बक्से से एक दोनाली बंदूक की बरामदगी की गई। जिसके बाद पुलिस ने सलाउद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक बंदूक से संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नही किया है। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# सोनपुर मेला में ग्राम श्री मंडप का मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा/सोनपुर (सारण)।** ग्रामीण महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता का नया आयाम इस वर्ष सोनपुर मेले के ग्राम श्री मंडप में देखने को मिल रहा है। कभी घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित रहने वाली जीविका दीदियाँ आज सफल उद्यमी बनकर न केवल अपने परिवारों की आर्थिक रीढ़ बनी हैं, बल्कि ग्रामीण बिहार की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही हैं।

ग्राम श्री मंडप का उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीविका से जुड़ी महिलाएँ यह साबित कर रही हैं कि अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर ग्रामीण महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में सफलता अर्जित कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिले की 4,93,621 जीविका दीदियों को 10,000 रुपए प्रति लाभुक की आर्थिक सहायता दी गई है, जिससे महिलाएँ स्वरोजगार की ओर तेजी से अग्रसर हो रही हैं। साथ ही सरकार द्वारा 2 लाख रुपए तक की राशि कम ब्याज दर पर एवं इच्छुक लाभुक दीदियों को 10 लाख रुपए तक का ऋण मात्र 7 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराने की भी घोषणा की गई। इस वर्ष मेले में 11 जिलों की जीविका दीदियों के कुल 45 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें 18 प्रकार के स्थानीय एवं पारंपरिक उत्पादों की बिक्री की जा रही है। इनमें ऊनी वस्त्र, लहठी चूड़ी, बाँस एवं सिक्की की कलाकृतियाँ, शिप ज्वेलरी, सोनपुर के दुग्ध उत्पाद, नालंदा के लेदर आइटम, सुपौल का खाजा तथा मशरूम आधारित उत्पादों ने खरीदारों का विशेष ध्यान आकर्षित किया है।

**जीविका दीदियों की चमक: ग्रामीण उद्यमिता ने बटोरीं सराहना**

**स्थानीय उद्यमिता बनी पहचान:**

बनियापुर प्रखंड की आनंदी देवी ने भूजा एवं आचार उत्पादों के माध्यम से न सिर्फ खुद आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है, बल्कि 12 अन्य महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध कराया है। उनके स्टॉल पर प्रतिदिन पाँच से आठ हजार रुपये की बिक्री दर्ज की जा रही है। वहीं सोनपुर की जयमाला देवी ऊनी वस्त्र एवं ट्राउजर की बिक्री से रोजाना 10 से 12 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। जीविका की सहायता से शुरू हुआ उनका छोटा उद्यम आज परिवार की मुख्य आर्थिक शक्ति बन चुका है। जिला परियोजना प्रबंधक अरुण कुमार ने कहा कि सोनपुर मेला केवल सारण जिले ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार की जीविका दीदियों के लिए एक बड़ा मंच है। यह न केवल उनके उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ता है, बल्कि उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को भी नई दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम में प्रबंधक गैर-कृषि अभिषेक श्रीवास्तव, प्रबंधक संचार दीपक कुमार, बीपीएम—सोनपुर, दिघवारा, दरियापुर, परसा सहित सोनपुर प्रखंड कार्यालय की पूरी टीम मौजूद रही। सोनपुर मेला का ग्राम श्री मंडप इस बात का प्रमाण है कि बिहार की ग्रामीण महिलाएँ अपने कौशल, मेहनत और उद्यमिता के बल पर न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी नई पहचान और नई गति दे रही हैं।

# छात्रा से दुष्कर्म में ट्यूशन टीचर को बीस वर्ष की सजा

**सत्तर हजार रुपया जुर्माना**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए रेप एंड पोक्सो एक्ट के अनन्य विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार गुप्ता ने दोषी कर दिए गए अभियुक्त रामायद यादव को बीस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही उसके ऊपर सत्तर हजार रुपया अर्थदंड भी लगाया है।अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर उसे अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। रामयाद यादव मानपुर थाने के बकुलिया गांव का रहने वाला बताया जाता है। पोक्सो एक्ट के अनन्य विशेष लोक अभियोजक जयशंकर तिवारी ने बताया कि घटना मई महीना 2023 की है। सजायाफ़्ता पीड़िता के गांव में एक निजी स्कूल में पढ़ाता था। इसी क्रम में पीड़िता के अभिभावक ने पीड़िता को ट्यूशन पढ़ाने के लिए रामयाद यादव को अपने घर बुलाने लगा। इसी क्रम में पीड़िता की मां जो कांड की सूचिका है, अपने पति के साथ अपने संबंधि के यहां चली गई। इसी मौके का फायदा उठाकर रामयाद यादव ने छात्रा के साथ दुष्कर्म करना शुरू किया। साथ ही उसने छात्रा को यह धमकी दी की इस संबंध में किसी को बताने पर उसके मां-बाप की हत्या कर दी जाएगी। कुछ दिन बाद पीड़िता की तबीयत खराब हो गई तब इलाज के दौरान यह पता लगा कि पीड़िता गर्भवती है। उसके बाद पूछताछ करने पर अपने मां-बाप से रो रो कर घटना के संबंध में विस्तार से बताया। इस संबंध में पीड़िता की मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी मामले की सुनवाई पूरी करते हुए विशेष न्यायाधीश ने यह फैसला सुनाया है।

# बारात से वापस लौट रही गाड़ी नहर में गिरी, पत्रकार रेयाज आलम की मौत

**घायल चार लोगों में से दो की हालत गंभीर**



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार की रात छौड़ादानो से वापस आ रही एक बारात की गाड़ी रक्सौल के त्रिलोकी नाथ मंदिर के पास अनियंत्रित होकर घोड़ासहन केनाल नहर में जा गिरी। हादसे में रमगढ़वा के चर्चित पत्रकार रेयाज आलम उर्फ लड्डू की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार गाड़ी अचानक संतुलन खो बैठी और नहर किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। हादसा देर रात होने के कारण काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को बाहर निकाला और नजदीकी एस.आर.पी. अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने पत्रकार रेयाज आलम को मृत घोषित कर दिया।डॉक्टरों के अनुसार, घायलों में से दो की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है, जिन्हें आईसीयू में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। घायलों की पहचान इस प्रकार की गई है। 1. दिलीप प्रसाद, पिता लक्ष्मण महतो, निवासी मंगलपुर पटनी, रामगढ़वा (चालक) 2. रामबाबू सिंह, पिता राजकुमार सिंह, निवासी झ मदनपरसौना, रामगढ़वा 3. ललन प्रसाद, पिता शत्रुधन प्रसाद, निवासी-सकरार, रामगढ़वा 4. कुणाल गुप्ता, पिता सुनील गुप्ता, निवासी- गोला रोड, रामगढ़वा। रेयाज आलम की मौत की खबर फैलते ही पत्रकार जगत और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कई सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

# बिहार राज्य विवि आयोग ने किया सहायक प्राध्यापक सुधांशु रंजन झा का चयन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतीहारी के जन्तु विज्ञान विभाग के शोधार्थी सुधांशु रंजन झा का चयन सहायक प्राध्यापक (पर्यावरण विज्ञान) के पद पर बिहार राज्य विश्वविद्यालय आयोग द्वारा किया गया है। श्री झा दिल्ली विश्वविद्यालय से पर्यावरण विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं तथा यूजीसी नेट, गेट एवं एएसआरबी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। पूर्व में इन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग में' सहायक प्राध्यापक (तदर्थ) के पद पर 4 वर्षों तक शिक्षण कार्य किया है। वर्तमान में शोधार्थी सुधांशु रंजन जंतु विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ० कुन्दन किशोर रजक के निर्देशन में पीएचडी शोधार्थी हैं। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने पी-एच.डी. शोधार्थी सुधांशु रंजन झा को पर्यावरण विज्ञान के सहायक प्रोफेसर पद पर चयनित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सुधांशु रंजन झा का चयन न केवल उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और कठोर परिश्रम का प्रमाण है, बल्कि यह विश्वविद्यालय के लिए भी गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री सुधांशु रंजन झा आगामी वर्षों में पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करेंगे। कुलपति ने सुधांशु रंजन झा को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की। सुधांशु रंजन झा की सफलता पर जन्तु विज्ञान विभाग तथा विश्वविद्यालय में हर्ष व्याप्त है। विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने इन्हें बधाई तथा उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर सड़क से अतिक्रमण खाली कराने पहुंचा प्रशासन, दिया गया अल्टीमेटम

**निर्माण कार्य में होगी तेजी**



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंडो-नेपाल बॉर्डर सड़क निर्माण कार्य को गति देने के लिए घोड़ासहन अंचल प्रशासन ने बुधवार को बेलगान, मौजा झरोखर थाना-1 स्थित खाता संख्या 252, खेसरा संख्या 185 एवं 186 पर चल रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया.अनुमंडल कार्यालय सिकरहना के ज्ञापांक संख्या-847 के आलोक में उक्त करवाई की गई. इस दौरान सीओ आनन्द कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल,राजस्व कर्मी, झरोखर थाना पुलिस तथा मोतिहारी पुलिस लाइन से उपलब्ध कराए गए अतिरिक्त दलबल स्थल पर पहुंचे साथ ही मौके पर आरडब्लूडी के सहायक अभियंता तथा निर्माण एजेंसी जे.के एन्फ्रा के अधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहे.

हालाकि इस दौरान अतिक्रमणकारियों द्वारा समय की मांग की गयी जिसपर प्रशासन द्वारा अंतिम मोहलत दिया गया.अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रभावित लोगों ने बताया कि उनके कपड़े, अनाज, चौकी, बर्तन आदि सामान अस्थायी मकान में रखे हुए हैं. जिन्हें तुरंत हटाना संभव नहीं है.लोगों ने अनुरोध किया कि यदि जेसीबी से संरचना हटाई गई तो उनका सामान नष्ट हो जाएगा.ग्रामवासियों के अनुरोध और सामाजिक समन्वय को देखते हुए प्रशासन ने उन्हें 30 नवंबर तक स्वयं अतिक्रमण हटाने की अंतिम मोहलत प्रदान की है.इधर कार्रवाई के दौरान लगभग तीन अतिक्रमित मकानों को तोड़ा गया.

**1 दिसंबर से सख्त कार्रवाई का अल्टीमेटम**

अंचल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि 30 नवंबर तक अतिक्रमण पूरी तरह खाली नहीं किया गया, तो 01 दिसंबर से पुलिस बल की उपस्थिति में विभिन्न संरचनाओं को ध्वस्त करते हुए इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड का निर्माण पुनः शुरू करा दिया जाएगा.

**बॉर्डर सुरक्षा व विकास के लिए महत्वपूर्ण परियोजना**

इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड सीमावर्ती क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी परियोजना मानी जा रही है.सुरक्षा, आवागमन, निगरानी एवं आर्थिक गतिविधियों को सुगम बनाने में यह सड़क अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी.वर्तमान में इस सड़क का लगभग 70% से 80% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है.शेष हिस्से में अतिक्रमण बड़ी बाधा था. सीओ श्री कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रशासन की प्राथमिकता को स्पष्ट करता है कि इंडो-नेपाल बॉर्डर रोड परियोजना हर हाल में समय पर पूरी की जाएगी।

# नशा मुक्ति दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**पोस्टर, नारे व मानव श्रृंखला से की नशा छोड़ने की अपील**



**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने हाथों में पोस्टर, बैनर व आकर्षक व प्रेरणादायक नारे लगाते हुए एक भव्य जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से बच्चों ने समाज से नशा छोड़ने की अपील की तथा नशा के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक किया। बीआरसी परिसर स्थित कन्या मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एकमा की प्रधानाध्यापिका सारिका द्विवेदी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर के प्रधानाध्यापक मनजीत कुमार तिवारी, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर में प्रधानाध्यापक मोहम्मद तौकीर अंसारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमडाढ़ी में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय टोला डोमन राय, कन्या प्राथमिक विद्यालय कर्णपुरा में प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार सिंह आदि के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने पोषक क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने 'नशा छोड़ो, जीवन संवारो', 'स्वस्थ समाज की पहली पहचान— नशा मुक्त हो अपना गांव', 'शराब, गुटखा, तंबाकू को कहें ना' जैसे नारे लगाते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया। गौसपुर विद्यालय के दिग्विजय कुमार गुप्ता, कमल कुमार सिंह, सनोज कुमार, अंजू कुमारी, सोनाली नंदा, रंजीत कुमार, रंजन कुमार, सुशील कुमार, अमित कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी जागरूकता रैली में साथ चलकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। एकमा सहित सदर प्रखंड क्षेत्र के कई स्कूलों में बीईओ योगेंद्र बैठा के निर्देशानुसार विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर-मेकिंग, भाषण, गीत व नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

# भूषण फैमिली फाउंडेशन का उद्घाटन: एक नए युग की शुरूआत

**खीरी, प्रयागराज:** आज खीरी ग्राम ढेरहन में भूषण फैमिली फाउंडेशन का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें फाउंडेशन के संस्थापक संजय भूषण ने अपने हाथों से इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्राम ढेरहन के प्रधान अनिल कुमार और गांव के निवासी अजय कुशवाहा, चंद्र भूषण, बिभा कुमारी, नीरज गुप्ता, रेशमा सिंह, अनीता सिंह, अयोध्या प्रसाद उपस्थित थे।




समारोह के दौरान, संजय भूषण ने कहा, "मैं अपने गांव के लिए विकास करना चाहता हूं, जो आज से शुरूआत कर चुका हूं। ढेरहन के हर घर में महिलाओं को मुफ्त में सिलाई-कटाई सिखाया जाएगा।" भूषण फैमिली फाउंडेशन के कार्य क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा शामिल हैं। फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में परिवर्तन लाना है और इसके लिए सभी को साथ आने का आह्वान किया गया है। समारोह के दौरान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भोजन वितरन का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 400 लोगों ने भाग लिया। संजय भूषण ने आगे कहा, "आने वाले समय में हम भूषण फैमिली फाउंडेशन की तरफ से ग्राम ढेरहन को मुफ्त में एंबुलेंस देने का प्रयास करूँगा ।" ग्राम ढेरहन के प्रधान अनिल कुमार ने कहा, "भूषण फैमिली फाउंडेशन के संस्थापक संजय भूषण अपने गांव ढेरहन के विकास के लिए अच्छा सोच रहे हैं। मैं उनके कार्य की प्रशंसा करता और बधाई देता हूं।" भूषण फैमिली फाउंडेशन एक गैर-सरकारी संगठन है जो समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के माध्यम से परिवर्तन लाने के लिए काम करता है। फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को सहायता प्रदान करना है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

# लटके बिजली के जर्जर तार से आपूर्ति को लेकर लोगो में आक्रोश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बरवा बरौली गांव में बिजली विभाग द्वारा बिना कवर के लटके हुए जर्जर तार से आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गुरूवार को विरोध प्रदर्शन किया है। आक्रोशित लोगों ने कहा कि वार्ड 10 में जर्जर और जानलेवा हो चुके बिजली के खुले तारों को अविलंब बदलने की मांग की है। बीडीसी शौकत अली, ग्रामीण अतिकुर रहमान, इरशाद आलम, ढोंढा साह, टुन्ना साह, अनिल साह,सरफे आलम,रागिब अनवर आदि ने बताया कि पिछले कई माह से बिजली के तार काफी नीचे लटके हुए हैं। बिना कवर के तार लटकने से दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने विभाग को लिखित आवेदन भी दिया गया है लेकिन विभाग ने अब तक कोई सुनवाई नहीं की है। अभी भी पुराने, जर्जर तारों से ही बिजली की आपूर्ति जारी है। जिससे तार टूटकर गिरने का डर बना रहता है.बता दे कि पंचायत समिति के बैठक में भी बीडीसी शौकत अली ने वार्ड संख्या 10, 12,13 और 15 में बिना कवर के जर्जर तार को बदलवाने को लेकर मुद्दा उठाया था।

# पंचायत में नहीं हो रहा है कचरे का उठाव, स्वास्थ्य पर पड़ रहा दूषप्रभाव

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के बनकटवा पंचायत में कचरा उठाने का कार्य पूरी तरह ठप है। पिछले साल बड़े ही ताम-झाम के साथ दर्जनों रिक्शा के साथ स्वच्छताग्रही को पंचायतों को साफ करने की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। स्वच्छताग्रही से कचरे की सफाई करवाने के लिए एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति मुखिया द्वारा किया गया था। लेकिन कुछ महीने बीतने के बाद ही उक्त योजना पुरी तरह दम तोड़ चुकी है। जिससे पंचायतों के वार्ड में कचरे का अंबार लगा हुआ है। जिसे उठाने वाला कोई नहीं है। सरकार ने वाडों में कचरे उठाने के लिए गीला एवं सुखा डिब्बे दिये थे। उसके बाद प्रत्येक वार्ड में स्वच्छताग्रही को पुरे ड्रेस के साथ रिक्शा एवं टोटो दिया गया था। कचरे को डंप करने लिए पंचायतों में डब्लूपीयू बनाया गया था। जिसकी छटाई कर सूखे एवं गीला कचरा को अलग करके सूखे कचरे को लोडकर उसे प्रखंड मुख्यालय में लगायें गये मशीन तक उसे पहुंचाना था।

# डॉ. एस के एस महाविद्यालय में संविधान दिवस पर व्याख्यान का आयोजन





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय, मे राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा भारतीय संविधान दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ दीपमाला श्रीवास्तव ने संविधान सभा के गठन और संविधान निर्माण की प्रक्रिया के बारे मे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा की संविधान दिवस लोकतंत्र, न्याय, स्वंतन्त्रता और समानता के मूल सिंद्धांतो को जानने और समझने का अवसर प्रदान करता हैं जो भारतीय शासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाता है। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान है। अर्थशास्त्र की विभाग अध्यक्ष डॉ मनोरम रॉय ने कहा कि संविधान दिवस जनता को अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूक करने का काम करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्शन शास्त्र विभाग की वरीय सहायक प्राध्यापिका ले० डॉ कल्पना सिंह ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य मे कहा कि डॉ भीम राव अम्बेडकर ने संविधान निर्माण मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । उन्होंने एक लोकतांत्रिक व समतामूलक संविधान का निर्माण किया जिसके कारण आज देश के सभी नागरिक राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. कु रोशनी विश्वकर्मा, कुमारी रंजना, रागिनी प्रिया , भोला मोहाली, डॉ अमित सहित सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दीपमाला श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय

**श्रीमान सिविल जज जूनियर डिवीजन**
**न्यायकर्ता बाढ़, पटना**
**स्वत्व वाद संख्या 51/2025**

श्री कृष्णा राम वगैरह........ वादीगण

बनाम

शिवजी राम चन्द्रबंशी वगैरह----प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम

1. शिवजी राम चंद्रवंशी वल्द स्वर्गीय हरीराम,
2. रामचंद्र शर्मा वल्द स्व. नारायण सिंह दोनों सकीनान ग्राम- सुल्तानपुर, वार्ड नंबर 5, पोस्ट कन्हाईपुर, थाना मोकामा, जिला पटना।

चुं बजरिया इस प्रकाशन आप लोगों को आगाह किया जाता है कि नजारत तथा निबंधित डाक द्वारा सम्मन के बावजूद भी आप लोग अभी तक मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं ।

अतः आप लोगों को निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 3. 12. 25 को समय 10:30 बजे मेरे न्यायालय में असालतन व वकालतन उपस्थित होकर जो कुछ उजुर करना है करें, अन्यथा आप लोगों की अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई कर उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा। इस ताकिद जाने ।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मोहर के साथ इसे आज दिनांक 18. 11. 25 को प्रकाशन हेतु निर्गत किया गया।

**सिविल जज जूनियर डिविजन**
**बाढ़ , पटना**

# जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का भव्य आगाज

## युवाओं में है समाज की सबसे बड़ी ताकत : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना तथा जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ अब्दुलबारी नगर भवन में धूमधाम से हुआ। दो दिवसीय इस सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित अधिकारियों और अतिथियों ने युवाओं को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया।






**"युवाओं में है समाज की सबसे बड़ी ताकत"—जिला पदाधिकारी**

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय ने कहा कि युवा किसी भी समाज के निर्माण में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजनों से न केवल उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होती है, बल्कि कला और संस्कृति के प्रति उनकी रुचि भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि जहानाबाद के युवा प्रतिभावान हैं और यह उत्सव उन्हें अपनी क्षमता साबित करने का बेहतर अवसर प्रदान करेगा।

**पहले दिन प्रतिभाओं ने दी शानदार प्रस्तुतियां**

उत्सव के पहले दिन जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रतिभागियों ने अपनी कला से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नृत्य, गायन, वादन, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, लोक नृत्य, कविता वाचन और सामूहिक प्रस्तुति जैसी प्रतियोगिताओं ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कई प्रस्तुतियों में सामाजिक संदेश भी शामिल थे, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया।

**रंग-बिरंगे पोस्टरों और झांकियों से सजा परिसर**

अब्दुलबारी नगर भवन परिसर सुबह से ही युवा ऊर्जा और रचनात्मकता से सराबोर दिखाई दिया। पूरे भवन को रंगीन पोस्टरों, आकर्षक सजावट और सांस्कृतिक झांकियों से सजाया गया था। जिला प्रशासन की टीम और कला-संस्कृति विभाग के कर्मी लगातार व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए थे ताकि किसी भी प्रतिभागी को किसी तरह की असुविधा न हो।

**दूसरे दिन होंगी प्रमुख प्रतियोगिताएं**

उत्सव के दूसरे दिन शास्त्रीय संगीत, लोकगीत, भाषण, वाद-विवाद, मॉडलिंग, नाट्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समापन समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम जिले का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय युवा उत्सव में करेगी।

**सफल आयोजन के लिए विभागों की टीम सक्रिय**

इस दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों के कर्मियों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं के उत्साह और उनकी भागीदारी ने आयोजन को और भी ऊर्जावान बना दिया।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 जहानाबाद के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने, प्रस्तुत करने और बड़ी उपलब्धियों की ओर कदम बढ़ाने का सुनहरा अवसर बनकर सामने आया है।

# अधिग्रहित भूमि का दस्तावेज किसान करें समर्पित : सीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। उत्तर कोयल नहर में में हो रहे कार्य में किसानों का भूमि अधिग्रहण के लिए अंचल कार्यालय में किसानों के भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा राशि देने हेतु पत्र के माध्यम से कागजात समर्पित करने हेतु कहा गया है। जिसका समय 27 एवं 28 नवंबर को रखा गया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी भारतेंदु ने कहा है कि अंचल रफीगंज अंतर्गत उत्तर कोयल नहर गया प्रमंडल गया अंतर्गत उत्तर कोयल नहर डबुर एवं गुलाब विगहा जलाशय परियोजना हेतु अग्रहित मौजो ओडियाचक, लोहरा,जकरिया,अहमदपुर, हाजीपुर, करमा मसूद, चौबडा, के हित बद्ध रैयतों को सूचित किया गया है कि दिनांक 27 नवंबर से 28 नवंबर तक अंचल कार्यालय रफीगंज में आकर संबंधित कागजात उपलब्ध कराकर एलपीसी एवं अन्य कागजात निर्गत करवाना सुनिश्चित करें। सीओ ने बताया कि उत्तर कोल परियोजना का कार्य जारी है संबंधित किसानों से कागजात मांगा गया है ताकि एलसी निर्गत किया जा सके। किसानों द्वारा कागजात निर्गत कराने के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए। अधिग्रहित भूमि का जल्द मुहावजे की राशि किसानों कोदिया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में फाइनेंस कर्मी घायल

**औरंगाबाद**। अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक फाइनेंस कर्मी घायल हो गया। घटना नगर थाना क्षेत्र के पिपरडीह मोड़ के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग - 19 की है। घायल फाइनेंस कर्मी की पहचान उत्तर प्रदेश के बनारस निवासी अखिलेश कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल अखिलेश ने बताया कि वह कैश फोर्स में फाइनेंसर का कार्य करता है। मदनपुर बाजार में किराए पर रूम लेकर रहता है। गुरुवार को वह मदनपुर से बाइक पर सवार होकर अपने घर जाने के लिए अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन जा रहा था। वहां से ट्रेन पकड़कर उसे बनारस जाना था।

# ऑटो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। ऑटो और बाइक की टक्कर दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चतरा पेट्रोल पंप के पास एनएच - 139 की है। घायलों में रिसियप के सुंदरगंज मेला निवासी फल कारोबारी सुमित कुमार और उनके स्टाफ धनंजय शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक अनियंत्रित ऑटो ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद ऑटो चालक मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य सदर अस्पताल पहुंचे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की गश्ती दल घटनास्थल पर



पहुंची। आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है। इस दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। लोगों का कहना है कि एनएच-139 हादसों का जोन बन गया है। प्रतिदिन कहीं ना कहीं सड़क दुर्घटना होते रहती है। जान माल का नुकसान होता है। सड़क पर क्षमता से अधिक वाहनों का परिचालन होता है। इसके बावजूद भी सड़क का चौड़ीकरण नहीं कराया जा रहा है।

# बाल विवाह कुप्रथा के पूर्ण उन्मूलन को ले जागरुकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। बारून प्रखंड के राजकीयकृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के पूर्ण उन्मूलन हेतु व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समुदाय को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराना एवं इसके विरुद्ध सामाजिक चेतना को सुदृढ़ बनाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक डा. राकेश कुमार, जिला जूनियर रेडक्रॉस के काउंसलर निरंजय कुमार द्वारा बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक शपथ दिलाने से की गई। विद्यार्थियों, शिक्षकों, शैक्षिक सहकर्मियों एवं विद्यालय स्टाफ ने बाल विवाह न करने, न होने देने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का दृढ़ संकल्प लिया। शपथ के दौरान बाल विवाह



निषेध अधिनियम के प्रावधानों तथा राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित जागरूकता अभियानों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। शपथ ग्रहण के पश्चात आयोजित मुख्य सत्र में विशेषज्ञ वक्ताओं, शिक्षकों तथा विद्यालय प्रशासन द्वारा बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और शैक्षणिक प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने यह स्पष्ट किया कि बाल विवाह न केवल कानूनन दंडनीय अपराध है, बल्कि यह बच्चों के भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर गंभीर प्रभाव डालता है। बताया गया कि किशोरावस्था में विवाह से मातृत्व मृत्यु दर, कुपोषण, घरेलू हिसा और विद्यालय छोड़ने जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं, जो राष्ट्र के समग्र विकास में बाधक है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बाल विवाह के विरुद्ध प्रभावी संदेशों को रचनात्मक माध्यम से प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यालय प्रशासन ने स्थानीय समुदाय को भी यह जानकारी दी कि बाल विवाह की सूचना होने पर तुरंत संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों, बाल संरक्षण यूनिट या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से संपर्क करना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि बाल विवाह रोकथाम से संबंधित ऐसे कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि विद्यालय एवं समुदाय स्तर पर बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस मौके पर प्रधानाध्यापक डा. राकेश कुमार, जूनियर रेडक्रॉस के जिला काउंसेलर निरंजय कुमार, शिवम कुमार, आलोक कुमार, संजय मेहता, विक्रम कुमार, गौतम जायसवाल, अजीत गौतम, सुशील कुमार, रवि रंजन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, चंदन कुमार सिह, सुनील कुमार सिह, अरुण कुमार, मो. वसीम आलम, जियाउद्दीन सहित मौजूद रहे।

# जन कल्याण चौपाल लगाकर किसानों को दिये गये खेती की गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उदेश्य से कृषि विभाग की आत्मा परियोजना की ओर हसपुरा प्रखंड के टाल गांव स्थित नहर पुल के समीप ठाकुरबाड़ी परिसर में जन कल्याण किसान चौपाल लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष व महिला किसान शामिल हुए। चौपाल में शामिल किसानों को प्रखंड कृषि तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) कुंदन कुमार ने रबी फसल लगाने से सबंधित नई तकनीक व वैज्ञानिक विधि की जानकारी दी। उन्होंने कहा नयी तकनीक व वैज्ञानिक विधि से अपने खेंतो में कोई भी फसल लगाएंगे तो कम लागत में कई गुना अधिक उत्पादकता बढ़ा सकते हैं। कुंदन कुमार ने कहा प्राकृतिक खेती रसायनिक उर्वरक पर निर्भरता कम करने, बदलते मौसम के अनुसार फसल लगाने, मिट्टी जांच अवश्य कराने, बुआई से पहले बिज उपचार करने को लेकर विस्तार से जानकारी दी।

**नगदी फसल सब्जी पर दिया बल**

किसानों को परंपरागत खेती से हटकर नगदी फसलों में सब्जी कि खेती करने पर बल देते हुए तकनीककी प्रबंधक कुंदन कुमार ने कहा बाजार में सब्जी कि बड़े पैमाने पर मांग हो रहा है। सब्जी कि खेती नगदी फसल है। तैयार होने पर बाजार में तुरंत कीमत मिलता है।

# मानस के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर कलारत्न, कलाश्री, विद्याभूषण पुरस्कार पाकर अपनी मेधा को किया साबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। मानस विद्यालय में "उपलब्धि दिवस" समारोह आयोजित कर राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में विजेताओं का उत्साहवर्धन किया गया। गौरतलब है कि अखिल भारतीय नागरिक विकास केन्द्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के चित्रकला, हस्त लेख एवं निबंध प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों का लाजवाब प्रदर्शन रहा। इसके तहत चित्रकला में वर्ग- IV के केशव कुमार एवं वर्ग नवम की सुहानी रंजन को कला रत्न पुरस्कार मिला। वहीं वर्ग दशम की उत्सव प्रिया को लेखन में कलाश्री पुरस्कार,सौम्या कौशिक को गद्द लेखन में विद्याभूषण पुरस्कार से नवाजा गया। मानस विद्यालय के शिक्षक शशांक रंजन को उत्कृष्ट कार्य



के लिए बेहतरीन शिक्षक पुरस्कार से नवाजा गया। अन्य 100 से अधिक छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों के प्रतिभा से उत्साहित संस्थान के चेयरमैन डा. नवल किशोर ने कहा कि यह हमारे मानस विचार को साबित करता है की हम प्रेरित होकर काम नहीं करते बल्कि काम करके ही प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि सफलता का रहस्य बच्चों के नित्य दिनचर्या में समाया हुआ है।निदेशक अभिषेक आनन्द ने कहा कि हमलोग ऐसे प्रतियोगिताओं में बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करते हैं, ताकि बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास हो ।प्राचार्य नीरज कुमार ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि ये बच्चे समाज में विद्यालय के असली संदेशवाहक हैं । कार्यक्रम में शिक्षक राजीव नयन, प्रभात रंजन, लवकुश कुमार, नवीन दीक्षित, दीपक कुमार, चंदन वेदुआ इत्यादि ने " उपलब्धि दिवस" को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## वाहन जांच के दौरान शराब के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा**। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए थाना पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस ने डुमरा गांव निवासी दीपक कुमार को मोटरसाइकिल की डिक्की में छिपाकर लाई जा रही 15 लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी थानाध्यक्ष सरोज कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक की डिक्की में अवैध शराब लेकर कोयलवा गांव की ओर से आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की और संदिग्ध बाइक को डुमरा गांव स्थित सूर्य मंदिर के पास रोककर जांच की। जांच में मोटरसाइकिल की डिक्की से महुआ शराब बरामद हुई।

# मिलेनियम कप टूर्नामेंट के लिए नई कमिटी गठित, शाहबाज पुनः अध्यक्ष

## उद्घाटन मैच में महिला टीम को लाने की हो रही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद )**। हसपुरा हाई स्कूल के बड़ी मैदान पर होने वाले मिलेनियम कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 की तैयारी के लिए गुरुवार को ड्रीम प्लेस के प्रांगण में नन्दन यादव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। सर्वसहमति से नई कमिटी गठित की गई जिसमें पुनःशाहबाज मिन्हाज को अध्यक्ष, नन्दन यादव, बबलू कुरैशी को उपाध्यक्ष, राजू भारती, रजत गुप्ता को सचिव, राणा यादव, निशांत कुमार को उपसचिव, अंकित पटेल, जयप्रकाश यादव को कोषाध्यक्ष, मो.सद्दाम, अमित कुमार को उपकोषाध्यक्ष एवं प्रिंस शौंडिक, पप्पू यादव को कार्यक्रम अध्यक्ष बनाया गया है। शिक्षक दीपक कुमार एवं अन्य सीनियर खिलाड़ियों को संरक्षक मंडल में रखा गया है।



बैठक में कमिटी गठित करने के बाद विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष शाहबाज ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग लेगी। टूर्नामेंट का पहला मैच 14 जनवरी को एवं फाइनल मैच 26 जनवरी को होगा। बताया कि इस बार का आयोजन भव्य एवं यादगार बनाने के लिए उद्घाटन मैच महिला टीम के द्वारा करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

गौरतलब हो कि मगध वर्ल्ड कप के नाम से विख्यात इस टूर्नामेंट की ख्याति औरंगाबाद जिले के अलावा अन्य दूसरे जिला एवं राज्यों तक है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सांसद, मंत्री तक की पैरवी लगाई जाती है। सचिव राजू भारती ने बताया कि शेड्यूल तैयार कर ली गई है। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बिहार के अलावा अन्य राज्यों के खिलाड़ियों से बातचीत चल रही है। बताया कि इस साल भी पैसों की बरसात होगी,क्योंकि इनामों की राशि बढ़ाई गई है। रजत गुप्ता ने बताया कि हमारी कमिटी का प्रयास रहेगा कि इस बार टूर्नामेंट में सभी टीमें बाहर की हो और खिलाड़ी चर्चित हों। मिलेनियम कप जिस नाम के लिए जाना जाता है,प्रयास रहेगा कि इस बार भव्यता के साथ टूर्नामेंट को सफल बनायें। कमिटी अभी से हीं तैयारी में लग गई है।

# मुरलीधर उच्च विद्यालय में विधिक जागरुकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष ब्रजेश कुमार के निर्देशानुसार मुरलीधर उच्च विद्यालय, जहानाबाद में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सक्सेना ने विभिन्न राष्ट्रीय विधिक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अधिवक्ता सक्सेना ने पीड़ित मुआवजा योजना के तहत अपराध पीड़ितों एवं उनके आश्रितों को मिलने वाली वित्तीय सहायता के बारे में बताया। यह सहायता भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357(ए) के



अंतर्गत दी जाती है, जिससे पीड़ितों को नुकसान या हानि की भरपाई तथा पुनर्वास में मदद मिल सके।

उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान एवं नशा मुक्ति डाउन योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशे के दुरुपयोग से पीड़ित व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता, विद्यालयों एवं समुदायों में जागरूकता, तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना इसका मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर नालसा जागृति योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि इसका उद्देश्य कमजोर एवं वंचित वर्गों तक मुफ्त कानूनी सहायता एवं उनके अधिकारों की जानकारी पहुँचाना है। अधिवक्ता ने नालसा आशा योजना के अंतर्गत बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 और किशोर न्याय अधिनियम 2015 से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना माता-पिता, अभिभावकों तथा समुदाय को बाल विवाह के खिलाफ सशक्त बनाने तथा पीड़ित बच्चों के पुनर्वास हेतु आवश्यक कदम उठाने पर केंद्रित है।

साथ ही नालसा संवाद योजना के माध्यम से समाज के हाशिए पर रहने वाले समुदायों तक न्याय पहुंचाने एवं नशामुक्त भारत अभियान के तहत संवाद बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं एवं समुदाय को अत्यधिक लाभ होता है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम में अधिकार मित्र आशा देवी, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत जिलाधिकारी ने की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा गुरुवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस सुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल पांच मामलों पर विचार किया गया और चार मामलों का तत्काल निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। गुरुवार को सुनवाई में संबंधित प्राधिकारियों की उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लेकर जिला पदाधिकारी ने न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया। कुछ प्रकरणों में तकनीकी तथ्यों के गहन परीक्षण की आवश्यकता महसूस की




गई। ऐसे कुछ मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन की मांग करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित प्राधिकारियों को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामले अतिक्रमणवाद , भूमि विवाद, नाले की उडाही, भुगतान संबंधित इत्यादि अपीलीय मामले है।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत जिला पदाधिकारी द्वारा की गई सुनवाई मे श्री सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा भूमि विवाद के कारण दीवार निर्माण कार्य मे बाधा आ रहा था, जिसके लिए जिला पदाधिकारी द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मामले का निष्पादन करने तथा जमीन का मापी कराकर अंचल अधिकारी, जहानाबाद के नेतृत्व मे दीवाल उठाने और न्याय दिलाने के लिए धन्यवाद दिया गया।सुनवाई में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं परिवादीगण उपस्थित रहे।

# 560 ली. कच्चा स्प्रिट बरामद, बोलेरो जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज पुलिस ने रफीगंज शिवगंज पथ के रेगानिया मोड़ के पास बोलेरो गाड़ी पर लदे 560 ली कच्चा स्प्रिट एवं बोलेरो गाड़ी जेच 15 के 7888 को जब्त किया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की बड़ी पैमाने पर शराब निर्माण हेतु कच्चा स्प्रिट बाहर से रफीगंज की ओर लाया जा रहा है। त्वरित करावाई करते हुए। अपर थानाध्यक्ष शम्भू कुमार, एसआई ध्रुव कुमार, आकाश कुमार, एकराम खान, एएसआई बबनजीत कुमार



सहित जिला पुलिस बल का टीम गठित किया गया और रेगानिया मोड़ के समीप घेराबंदी की गई सड़क के किनारे बोलोरो गाड़ी खड़ी दिखाई दी। पुलिस बल ने गाड़ी की जांच किया, नीले रंग का 14 गैलन प्रत्येक गैलन में 40 लीटर कच्चा स्प्रिट बरामद किया। वहीं पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी गाड़ी छोड़कर फरार होने में सफल हो गए। सभी बरामद सामग्री को थाना लाया गया। बोलेरो गाड़ी के मालिक एवं चालक को आरोपित बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि भारी मात्रा में कच्चा स्पीड कहीं से शराब निर्माण के लिए ले जाया जा रहा था। इसपर लदा स्प्रिट किसका है पता लगाया जा रहा है। जानकारी के बाद इनपर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

# विभिन्न मामलों में दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले की उमता धरनई की पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र बेलदारी बीघा गांव में छापेमारी कर शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि बेलदारी बिगहा गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे आरोपी देवा मांझी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। वहीं टेहटा थाना की पुलिस ने पूर्व के केस में फरार चल रहे आरोपी सोनू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष सुरूची शर्मा ने बताया कि टेहटा रजाइन निवासी सोनू शर्मा पूर्व के मारपीट के केस में फरार चल रहा था जिसके विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर टेहटा रजायन से गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया है।

# रफीगंज के विद्यालयों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज**। प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों स्थित माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में गुरुवार को दीप ज्योति कल्याण संस्थान के बैनर तले बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बाल विवाह की सामाजिक बुराइयों, इसके दुष्परिणामों और अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया गया। संस्थान के सदस्यों ने बताया कि वे 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चला रहे हैं, जिसका लक्ष्य बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना है। इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों के साथ-साथ धार्मिक स्थलों, विवाह समारोहों में सेवाएं देने वाले पेशेवरों, पंचायतों और नगरपालिका वार्डों में विशेष जनजागरण पर जोर दिया जा रहा है। सामुदायिक सोशल वर्कर ने कहा कि यह अभियान देश की दिशा बदलने की क्षमता रखता है और प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। संगठन ने यह भी बताया कि केवल पिछले एक वर्ष में उन्होंने 300 बाल विवाह रुकवाने में सफलता हासिल की है। अभियान को नई ऊर्जा देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल का उन्होंने स्वागत किया।

## एक नजर

### तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**वीरपुर**। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से वीरपुर पुलिस ने गुरुवार को तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायालय भेज दिया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के डीह पर वार्ड संख्या 3 गांव निवासी रामप्रसाद राम के पुत्र रंजन और पकड़ी वार्ड संख्या 2 गांव निवासी स्व सीताराम दास के पुत्र ललन कुमार एवं सुभाष कुमार उर्फ सुभाषचंद्र रमन नामजद अभियुक्त थे।

### उर्वरक दुकानों का किया निरीक्षण

**नावकोठी**। प्रखंड क्षेत्र में रबी फसल बुआई में किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक तथा बीज उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय है। इसके लिए कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार विभिन्न उर्वरक दुकानों का गुरूवार को निरीक्षण किया। उन्होंने पहसारा स्थित भगवती ट्रेडर्स तथा विष्णु कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया। इस क्रम में ई पॉश मशीन का अवलोकन किया। इसमें प्रदर्शित स्टॉक मिलान करने गोदाम पहुंचे तो बोरी बेतरतीब तरीके से मिली, जिससे स्टॉक मिलान नहीं हो पाया। उन्होंने उर्वरक विक्रेता को स्पष्टीकरण कर इसका उचित जबाब 24 घंटे के अंदर देने को कहा है। उपस्थित किसानों को कहा कि रबी फसल बुआई के लिए उर्वरक की कमी नहीं है। किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर उर्वरक मिलेगा। यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत लेता है तो इसकी शिकायत करें। ऐसे विक्रेताओं पर कार्रवाई की जाएगी।

### उच्चकों ने उड़ाया महिला की चेन

**बीहट**। चकिया थाना क्षेत्र के नगर परिषद मल्हीपुर-विष्णुपुर में गुरुवार को बाइक सवार उच्चको ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद महिला ने शोर मचाया तबतक अपराधी जीरोमाइल की ओर भागने में सफल रहे। पीड़ित महिला की पहचान अरविंद कुंवर की पत्नी के रूप में हुई। जो बीहट ग्रामीण बैंक आई थी। गोलू मेडिकल हाल के पास विमला देवी मारुति से उतर रही थी तभी बाइक सवार दो लूटेरे उनके गलें से सोनें की चेन लेकर जिरोमाईल की ओर बाइक से फरार हो गये। घटना की सुचना पाकर पुलिस पहुंचकर मामले की खोजबीन शुरू कर दी है।

### शराब बनाने के उपकरण के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना की पुलिस ने बुधवार की रात्रि खैरा बरवाडीह गांव में छापेमारी कर महुआ निर्मित शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार किया। धंधेबाज की पहचान उक्त गांव निवासी बाबुलाल भुईयां की पत्नी अनिता देवी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि छापेमारी के दौरान धंधेबाज अनिता देवी के घर से पचास लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई। वहीं शराब निर्माण के लिए रखी हुई एक हजार लीटर जावा महुआ घोल को विनष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि धंधेबाज के घर से देसी शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाले उपकरण भी जप्त किए गए हैं। इसी क्रम में पड़ोस के घर में भी छापेमारी की गई जहां से अस्सी लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुई। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही गृहस्वामी घर छोड़कर फरार हो गया, परन्तु फरार धंधेबाज की पहचान कर ली गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त दोनों धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### विभिन्न अपराधों में 61 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 61 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 33 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 21, शराब कांड में 5 एवं अन्य शीर्ष कांड में 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 160 लीटर देसी बरामद किया गया है। इसी क्रम में 7 वारंट का निषादन एवं 2 कुर्की वारंट निष्पादन किया गया है। 11०० लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1127 वाहनों की जांच की गई जिसमें 66000 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा विभिन्न अपराधों के खिलाफ चलाए गए अभियान के फलस्वरूप विभिन्न अपराधों में 61 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके।

### एस.एस. कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन



**जहानाबाद**। स्वामी सहजानंद सरस्वती महाविद्यालय, जहानाबाद में संविधान दिवस बड़े ही गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दर्ज की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार राय ने संविधान निर्माताओं के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक जीवन का मूलाधार है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधान को अंगीकृत किए जाने का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक मील का पत्थर है।

डॉ. राय ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य तभी सार्थक होगा जब हम स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और पंथनिरपेक्षता जैसे संवैधानिक मूल्यों को अपने आचरण और दैनिक जीवन में पूर्णतः उतारेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों तथा कर्मियों से इन मूल्यों को आत्मसात करने का आग्रह किया।इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक एवं सस्वर पाठ किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक प्रेरणादायी बन गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एन.एस.एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अशु कुमार मलिक ने किया।

### किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**दनियावां(पटना)**। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण(आत्मा) अन्तर्गत में किसान गोष्ठी का आयोजन दनियावां प्रखंड कृषि कार्यालय में बुधवार को किया गया।जिसमें खेतों में गेहूं, मसूर,चना और तिलहनी फसलों पर लगने वाले बीमारियों और उसके निदान पर उपस्थित किसानों को बीच कृषि विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। साथ ही इसके अलावा गाय,भैंस और बकरी पालन पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम सह गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञ यदुनंदन प्रसाद, राजेन्द्र राय, शैलेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अनीता कुमारी, डॉ सोनी कुमारी व 50 से अधिक किसान उपस्थित थे।

### बाइक की चपेट में आने से महिला घायल

**औरंगाबाद**। नगर थाना क्षेत्रःराष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर केके सिंह अस्पताल के समीप बाइक की चपेट में आने से एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान देव प्रखंड के अनंतपुरा बसडीहा गांव निवासी रेणु देवी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि महिला किसी काम से बाजार जा रही थी। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग -19 पार करने के दौरान बाइक की चपेट में आने से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

### बच्चों ने ली बाल विवाह पर शपथ

**भगवानपुर**। प्रखंड के मध्य विद्यालय मेहदौली, अतरुआ,प्रखंड कलोनी, महेशपुर,पालीडीह, सहित अन्य विद्यालयों में गुरुवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को ले बच्चों को शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक ने समाज में बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी साझा की। कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है।देश को इससे पूरी तरह मुक्त करना होगा। उन्होंने अपील की कि यदि कहीं बाल विवाह की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह,रईस उद्दीन,संजीव कुमार चौधरी,शिक्षक शानू नुपूर,पूनम कुमारी,श्वेता कुमारी,संगीता कुमारी,अजनीश कुमार,अनिल रजक,सलीम आदि मौजूद थे।

# एक साल में बनाएंगे बाल विवाह मुक्त भोजपुर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा**। पूरे देश से बाल विवाह को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 100 दिवसीय विशेष कार्य योजना से उत्साहित गैरसरकारी संगठन दिशा एक प्रयास ने संकल्प लिया। कहा है कि वह भोजपुर जिले को आने वाले एक वर्ष के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य पूरा करेगा। संस्था विभिन्न सरकारी विभागों और समुदायों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी। '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' जिसे 'बाल विवाह मुक्त भारत' कार्यक्रम के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुरू किया गया है। जो एक सुव्यवस्थित रणनीति पर आधारित है। इस अभियान में स्कूल, शैक्षणिक संस्थान, विवाह संपन्न कराने वाले धार्मिक स्थलों, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं तथा अंतिम चरण में पंचायतों एवं नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ताकि बच्चों के खिलाफ इस सदियों पुराने छुपी हुई परंपरा का अंत सुनिश्चित किया जा सके। दिशा एक प्रयास देश में बाल अधिकारों के संरक्षण से जुड़े नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। इस नेटवर्क के 451 जिलों में 250 से अधिक सहयोगी संगठन सक्रिय हैं, जिन्होंने पिछले एक वर्ष में देशभर में एक लाख से अधिक बाल विवाह रोके हैं।

'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिशा एक प्रयास द्वारा भोजपुर जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों, ग्रामीण समुदायों, संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह, जागरूकता संवाद और रैलियों का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन ने जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की कानूनी जानकारी प्रदान की और बताया कि बाल विवाह में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होने, सहयोग करने या सुविधा उपलब्ध कराने वाले चाहे वे शादी में आए मेहमान हों, कैटरर्स, टेंट हाउस संचालक, बैंड-बाजा वाले, सजावट वाले या विवाह सम्पन्न कराने वाले पुरोहित, सभी को कानूनन दंडित किया जा सकता है। जिला प्रशासन और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के साथ करीबी समन्वय में कार्य करते हुए दिशा एक प्रयास ने पिछले एक वर्ष में भोजपुर जिले में 1200 बाल विवाह रुकवाएं हैं। सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए दिशा एक प्रयास की प्रतिनिधि कुमारी सुनिता सिंह ने कहा, यह 100 दिवसीय गहन अभियान देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा और हमें प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य के करीब ले जाएगा। सदियों से हमारी बेटियों को अवसरों से वंचित किया गया है और विवाह के नाम पर उन्हें शोषण, अत्याचार और आजीवन पीड़ा की ओर धकेला गया है। अब जब जनप्रतिनिधि, सरकारी विभाग, संस्थान और समुदाय अभूतपूर्व रूप से एकजुट हो रहे हैं, तब यह अभियान बाल विवाह उन्मूलन के प्रयासों को नई ऊर्जा और गति देगा। हमें विश्वास है कि सामूहिक भागीदारी और संकल्प से भोजपुर आने वाले वर्ष में बाल विवाह मुक्त जिला बनेगा और इस अपराध को छिपने के लिए कहीं कोई जगह नहीं मिलेगी।

अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास निगम भोजपुर, सखी वन स्टॉप सेंटर सह महिला हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई भोजपुर, बाल कल्याण समिति भोजपुर, चाइल्डलाइन भोजपुर, युथ फॉर सेवा भोजपुर बिहार और राजकीय पर्दा कन्या मध्य विद्यालय आरा के सहयोग से शपथ अभियान और हस्ताक्षर अभियान भी संचालित किया गया। इस महाअभियान में दिशा एक प्रयास भोजपुर से रजत कुमार, कुणाल गुप्ता, अरुण निषाद, विजय निषाद, संजीत कुमार सिंह, बीरेंद्र सिंह, रंजू कुमारी, अखिलेश कुमार यादव शामिल थे।

## एनसीसी कैडेट ने परेड के साथ किया ध्वजारोहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर**। बिहार एवं झारखंड निदेशालय एनसीसी केडेट्स ने गुरूवार को आइकनिक बेगूसराय.पटना पुल पर एक परेड का आयोजन किया। यह विशेष आयोजन वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया जिसमें सभी कैडेट्स ने अद्भुत उत्साह, उमंग एवं देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। परेड के उपरांत कैडेट्स का दल सिमरिया घाट पहुंचा जहां ससम्मान राष्ट्रध्वज का ध्वजारोह्ण किया गया। कैडेट्स द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। ध्वजारोह्ण समारोह के दौरान कैडेट्स ने देशभक्ति गीतों, देशप्रेम के नारों तथा अनुशासित मार्च-पास्ट के माध्यम से अपने जज्बे का उत्.ष्ट परिचय दिया।इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारीगण एवं नागरिकों ने कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की भावना की सराहना की। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा कन्टिंजेंट कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल पीके चौधरी तथा कैप कमांडेंट कर्नल अमित अहलावत, कमांडिंग अफिसर, 35 बिहार बटालियन एनसीसी, पूर्णिया के कुशल समन्वय एवं नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## दो दिवसीय जिला युवा उत्सव का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर**। बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आज दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। स्थानीय नगर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा, जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण कुमार एवं जिला कला संस्कृति पदाधिकारी अंकित रंजन मौजूद थे। कलाकारों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी



ने कहा कि जो युवा होते हैं उनमें सदैव उत्साह होता है। और ईश्वर ने प्रत्येक व्यक्ति को अलग-अलग विषय में विशेषज्ञता दी है। सभी में मेघा का अलग-अलग स्तर है और इस स्तर की पहचान के लिए जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें कई विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की गई है जिनमें समूह लोग गायन, समूह लोक नृत्य, वक्तृता, कविता, कहानी लेखन और चित्रकला शामिल है। मेरी इच्छा है कि इन विधाओं में भागलपुर जिले के कलाकार बिहार और पूरे देश में परचम लहराएं। उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि प्रकृति हर व्यक्ति को कोई ना कोई प्रतिभा का उपहार देता है जिसे उभारने की जरूरत है और यदि इस समय पर उसे प्रतिभा को नहीं निखार पाए तो वह सांसारिक कार्यों में दब जाती है जिला स्तरीय युवा उत्सव उन्हें प्रतिभा को उभरने का अवसर देती है। इसके पहले जिला कला संस्कृति पदाधिकारी अंकित कुमार ने अपने स्वागत संबोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

## बाल विवाह के खिलाफ अनुग्रह स्कूल के बच्चों ने ली शपथ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चों को विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बाल विवाह को एक सामाजिक बुराई बताते हुए कभी भी बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई।

अध्यक्ष ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे बाल विवाह के खिलाफ हर संभव प्रयास करें। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बच्चों से अपील की कि वह यह जरूर प्रयास करें कि आसपास में बाल विवाह नहीं हो। यदि ऐसे विवाह होने की सूचना प्राप्त हो तो स्थानीय पंचायत या नगर इकाई या सरकार के किसी प्रतिनिधि को इसकी सूचना अवश्य दें। प्राचार्य ने बाल विवाह से होनेवाले नुकसानों को विस्तार से बताते हुए कहा कि शिक्षा और अपनी सुरक्षा के लिए बच्चे सजग बने। सभी के प्रयासों से ही भारत को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाया जा सकता है। बाल विवाह को निषेधित करने वाले कानूनों के बारे में भी बच्चों को बताया गया। वर्ग अष्टम की छात्राओं ने कार्यक्रम के आरम्भ में कई गीतों का गायन किया जिसमें बाल विवाह के दुष्प्रभावों को रेखांकित किया गया था। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## गृह मंत्री ने किया डीएसपी सदर को सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर**। उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने जिले के डीएसपी सदर-1 आनंद कुमार पांडेय को आतंकवादी निरोधात्मक कार्यवाई के लिए चार प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। एटीएस में पदस्थापन के दौरान इन्होने विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम 1967 (यूएपी एक्ट 1967) के चार विभिन्न कांडों में उत्कृष्ट अनुसंधान के लिए चार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कांड के उत्कृष्ट अनुसंधान के परिणाम स्वरूप अभियुक्तों को दो कांडों में आजीवन कारावास तथा एक कांड में 10 वर्ष की सजा हुई। चौथे कांड में छह वर्ष की सजा न्यायाधीश द्वारा अधिरोपित किया गया है। ज्ञात हो की एटीएस दिवस के अवसर पर उक्त काय के लिए पुरे विहार से आठ पदाधिकारियों का चयन किया गया था। जिसमे श्री पांडेय को ही सिर्फ चार प्रसस्ति पत्र से सम्मनित किया गया। आरोपित को आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई गई। ज्ञात हो की बांग्लादेश से जाली नट लाकर देश में हथियार एवं मादक द्रव्यों का कारोबार किया जाता था। इसके विरुद्ध सरकार ने एटीएस थाना का गठन किया था। उस समय डीएसपी आनंद पांडेय एटीएस में पदस्थापित थे। उसी समय इन्होने चार कांड का अनुसन्धान कर आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया था। जिसमे सभी को सजा हुई। श्री पांडेय के सम्मानित होने की सुचना मिलते ही लोगो ने दूरभाष एवं सदेह उपास्थित होकर बधाई देने का काम किया।



## जिले में बाल विवाह मुक्त अभियान पर शपथ ग्रहण

**बेगूसराय नगर/नबिटा ब्यूरो**। जिले में महिला एवं बाल विकास निगम तथा आईसीडीएस द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत पुलिस लाइन, विभिन्न विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर शपथ ग्रह्ण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बाल विवाह के दुष्प्रभाव तथा इसकी रोकथाम संबंधी कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कायक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी, आइसीडीएस एवं नोडल पदाधिकारी, मिशन शक्ति, रश्मि कुमारी, ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र का लड़का यदि विवाह करता है तो इसे बाल विवाह माना जाता है। जो कि एक कानूनी अपराध है।

## महागठबंधन के नेताओं ने की समीक्षात्मक बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के रानी कुआं के समीप एक सभागार में गुरुवार को विधानसभा चुनाव में राजद व महागठबंधन के उम्मीदवार के हार के बाद कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक की गई जिसमें रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से गुलाम शाही की हार के कारणों पर चर्चा की गई। बैठक में महागठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के हौसला अफजाई की, तथा संगठन की मजबूती पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि चुनाव आयोग के गलत नीतियों से आज लोकतंत्र ख़तरे में है। साथ ही हार से सीख लेते हुए कमियों को दूर करने की बात नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कही। इस दौरान हार के कारणों पर की गयी विस्तृत समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने एक-एक कर चुनावी हार के कारणों पर अपनी राय रखी। निम्न प्रमुख कारणों को सामने लाया गया। परिश्रम में कमी, चुनावी अभियान में अपेक्षित परिश्रम और बूथ-स्तर पर मजबूती की कमी को बड़ी वजह माना। व्यवहार को लेकर फैली भ्रांतियां। बैठक में महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार गुलाम शाही, जिला परिषद सदस्य शंकर यादव, मदनपुर प्रखंड राजद अध्यक्ष सरोज राम, राजद वरीय राजद नेता रामेश्वर कुमार रौशन, वरीय नेता रवीन्द्र यादव, पूर्व मुखिया राम सुंदर यादव उर्फ लंबू यादव, मुखिया धनंजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि विजय यादव उर्फ गोलू यादव, राजू सिद्धि यादव, जसपाल यादव, रमीज राजा, पूर्व मुखिया सरफराज आलम, सभी पंचायत अध्यक्ष, राजू यादव एवं प्रखंड की सभी कार्यकर्ता, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष लालदेव यादव, बैठक में निर्णय लिया गया है कि आने वाले चुनाव चाहे वह पंचायती राज का चुनाव हो, विधानसभा या लोकसभा का चुनाव हो, सभी एक होकर चुनाव लड़ने का आह्वान किया गया।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। महिला एवं बाल विकास निगम, जहानाबाद के तत्वावधान में बाल विकास परियोजना कार्यालय, घोसी एवं जहानाबाद ग्रामीण परियोजना में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में परियोजना अंतर्गत आंगनवाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं तथा स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, श्रीमती शबाना परवीन ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। कम उम्र में होने वाले विवाह से बच्चों का शारीरिक विकास बाधित होता है, जिससे विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है। इसके साथ ही मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएँ भी उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान कर्मी शैलेश कुमार द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को जहानाबाद जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका गायत्री कुमारी, वीना कुमारी, स्नेह लता, कोमल कुमारी, संजू कुमारी, कंचन कुमारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर गिरजेश कुमार, प्रखंड समन्वयक गजल परवीन तथा प्रधान लिपिक विकास रंजन सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## जहानाबाद को बाल विवाह मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए तटवासी समाज न्यास ने ऐलान किया है कि वह आने वाले साल भर में पूरे जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य लेकर सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य करेगा। यह संकल्प भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य देश भर में बाल विवाह की कुप्रथा को जड़ से खत्म करना है।देशभर में 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के एक वर्ष पूरे होने पर 27 नवंबर को यह '100 दिवसीय गहन




जागरूकता पहल' शुरू की गई है। अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों, विवाह सेवा प्रदाताओं, पंचायतों और नगर वार्डों को विशेष रूप से शामिल किया जा रहा है ताकि इस अपराध पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। तटवासी समाज न्यास, जो देश में बाल अधिकार संरक्षण के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है, ने जिले में जागरूकता कार्यक्रमों और शपथ स मारोहों का व्यापक आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया। संगठन के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह में किसी भी प्रकार की भागीदारी—चाहे मेहमान, कैटरर्स, टेंट हाउस, बैंड, डेकोरेटर या विवाह कराने वाले पुरोहित—सभी को सजा का प्रावधान है।संगठन की ओर से बताया गया कि पिछले एक वर्ष में 1155 बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है, जो जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के साथ मजबूत समन्वय का परिणाम है। सरकार के इस बड़े अभियान का स्वागत करते हुए तटवासी समाज न्यास ने कहा—"यह 100 दिवसीय अभियान देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा। हमारी बेटियों को सदियों से अवसरों से वंचित किया गया है। अब जन प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, कानून लागू कराने वाली एजेंसियों और समुदायों के अभूतपूर्व सहयोग से बाल विवाह को जड़ से खत्म करने की दिशा में बड़ा परिवर्तन देखने को

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा सं. डीटीई_जेएमपी_09/25-26 के संबंध में शुद्धिपत्र जो **सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला -मुंगेर, बिहार-811214** द्वारा "एटीई/जमालपुर के अधीन स्क्रैप यार्ड को शिफ्ट करने के लिए धोबीघाट की तरफ बाउंडरी का विस्तार" हेतु पूर्व में प्रकाशित की गई थी, उक्त निविदा के लिए, **बयाना राशि** रु. 3,23,700/- के बदले **रु. 3,35,300/-** पढ़ी जाएगी। इसके अलावा, निविदा मूल्य रु. 3,47,28,147/- के बदले रु. **3,70, 59,147/-** पढ़ा जाएगा। सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

MISC-309/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. एफ-वैगन-डोरएमडीएफएन25-26, दिनांक 24.11.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन), पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में अनुसूची के अनुसार या कार्य की अनुसूची के अनुसार बीओएक्सएन किस्म के वैगनों के दरवाज़ों की ऊंचाई में कमी और ब्लॉकिंग। **कार्य स्थल:** लोकोमोटिव वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर। **निविदा मूल्य:** रु. 16,16,25,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **प्रस्ताव की वैधता** : 90 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि** : दिनांक 02.12.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 16.12.2025 को 15.00 बजे। **समापन अवधि:** 24 माह। विवरण यहाँ उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**

MISC-307/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू/इलेक्ट/एएसएन /2025/06, दिनांक 25.11.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इलेक्ट, गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस और निम्नलिखित कार्य के निष्पादन में वित्तीय संपन्नता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-06, कार्य का नाम:** कार्य के विद्युत (सामान्य) अंश हेतु खुली निविदा- आसनसोल मंडल: (क) तुलसीटांड़ में अप लूप, (ख) छोटा अमबोना में अप द्वितीय लूप का प्रावधान, (ग) तापसी में डीडी-2 लाइन के लिए/से डायरेक्ट रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड की रिमॉडलिंग और (घ) गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के अधीन सोनाचारा में आइसोलेशन के साथ पूर्ण लंबाई का लूप। **निविदा मूल्य :** रु. 2,49,82,954.16, **बयाना राशि :** रु. 2,74,900/-, **बंद होने की तिथि और समय** : दिनांक 22.12.2025 को 12.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता** : खुलने की तिथि से 45 दिन। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-256/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मां तुतला भवानी इको पर्यटन स्थल बना बदहाली की मिसाल

## गंदगी, बदबू, शराब और कीचड़ में तब्दील हो रहा आस्था का केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** तिलौथू प्रखंड स्थित प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन स्थल मां तुतला भवानी इको पर्यटन क्षेत्र इन दिनों घोर उपेक्षा और प्रशासनिक बेरुखी का शिकार बना हुआ है। श्रद्धालुओं की आस्था का यह प्रमुख केंद्र अब गंदगी, बदबू और अव्यवस्था का अड्डा बनता जा रहा है। परिसर में जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है। कहीं शराब की बोतलें पड़ी हैं तो कहीं सड़ा हुआ मांस और दुर्गंध फैलाता कूड़ा। हालात ऐसे हैं कि यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को नाक ढककर चलना पड़ रहा है। गंदगी इतनी भयावह है कि कोई सामान्य व्यक्ति शौचालय या स्नानागार की ओर जाए तो उल्टी आ जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिसर में घूम रहे सभी कुत्ते विशेष प्रकार के संक्रमण और गंभीर रोगों की चपेट में हैं। गंदा और सड़ा हुआ मांस खाने से उनके शरीर पर घाव, संक्रमण और बीमारी तेजी से फैल रही है जिससे आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। बताया जाता है कि यहां बना शौचालय व स्नानागार करीब दस लाख रुपये की लागत से तैयार किया गया था, लेकिन आज उसकी हालत किसी खंडहर से कम नहीं है। साफ-सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। जिम्मेदार समिति, वन विभाग के कर्मी और जिला प्रशासन पूरी तरह मौन साधे हुए हैं।

विडंबना यह है कि जहां एक ओर मौजूदा व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है, वहीं इस क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के नाम पर 12 करोड़ रुपये की नई योजना की खेप आने वाली है। सवाल यह उठता है कि जब पहले की राशि का सही उपयोग नहीं हुआ तो नई करोड़ों की राशि जनता के भले में जाएगी या फिर ठेकेदारों की जेब में? श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस क्षेत्र की साफ-सफाई, नियमित निगरानी और जवाबदेही तय की जाए। ताकि मां तुतला भवानी का यह पवित्र स्थल अपनी गरिमा और स्वच्छता को पुनः प्राप्त कर सके।

## आज होगा खेलो इंडिया स्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** खेलो इंडिया, भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वावधान में रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा कल से 28 नवम्बर को खेलो इंडिया 'स्मिता महिला एथलेटिक्स लीग' का आयोजन जिला मुख्यालय सासाराम के एसपी जैन महाविद्यालय के खेल मैदान में होगा जिसकी सारी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में विशेष जानकारी देते हुए रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों, क्लबों, प्रखंडों से लगभग 250 ढाई सौ बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले रहे ही जिन्होंने अब तक पंजीयन कराया है। पंजीयन की तिथि अंतिम तिथि 26 नवंबर थी किसके पश्चात इतनी संख्या में खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया।

# आरपीएफ ने लावारिस 10 किलोग्राम गांजा बरामद कर रेल थाना सोन नगर को किया सुपुर्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे निरीक्षक प्रभारी राम विलास राम (रे.सु.ब.-डिहरी ऑन-सोन) एवं निरीक्षक प्रभारी चंदन कुमार (अ.आ.शा.-गयाजी) के नेतृत्व में रे.सु.ब.-डिहरी ऑन-सोन के उप निरीक्षक कुमार गौरव, सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षी बृजभूषण मिश्रा, आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवं आरक्षी अजीत कुमार एवं अ.आ.शा.- गयाजी के सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी की टीम ने अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर गाड़ी संख्या-12801 अप के आगे के जनरल कोच में लावारिस हालत में एक पिट्ठू बैग एवं एक थैला बरामद किया गया। कोच के अन्य यात्रियों से पूछताछ किया गया, किन्तु किसी भी यात्री ने अपना मालिकाना हक नहीं जताया। थैलों से गांजा जैसी महक आ रही थी जिससे स्पष्ट था कि इनके अंदर गांजा भरा हुआ है। मामला मादक पदार्थ का होना पाकर अंचलाअधिकारी औरंगाबाद सदर अनुज कुमार को आगे की कार्यवाही हेतु मौके पर पहुंचने पर उनकी उपस्थिति में विधिक कार्यवाही करते हुए हमराह बल सदस्यों को गवाह बनाकर पिट्ठू बैग एवं थैला की तलाशी ली गई तो उसमें सेलो टेप में लपेटा 10 बंडल वजन-10 किलोग्राम जिसका अनुमानित कीमत पांच लाख रुपए का बरामद हुआ। बाद में मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्त कागजी कार्यवाही के उपरांत जब्त कुल गांजा को अग्रिम कार्यवाही हेतु राजकीय रेल थाना सोन नगर लाया गया एवं सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी रेलवे सुरक्षा बल, अपराध आसूचना शाखा-गयाजी द्वारा एक टंकीत शिकायत पत्र के साथ जब्त कुल 10 किलोग्राम गांजा को अग्रिम कार्यवाही हेतु राजकीय रेल थाना सोन नगर को सुपुर्द किया गया।

# डीएम ने जनता दरबार में फरियादियों की समस्याओं के त्वरित समाधान को ले अधिकारियों को दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा बुधवार को आम जनता से साक्षात्कार किया गया जिसमें 7 आम नागरिकों से लोक साक्षात्कार किया गया। आवेदक दिनेश कुमार सिंह पिता स्व. राधा प्रसाद सिंह, ग्राम-पो.-मलवार, थाना-शिवसागर के द्वारा रैयती जमीन पर उत्पन्न विवाद को सुलझाने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ जिसे अविलंब निष्पादन करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम को अग्रसारित किया गया। आवेदिका सुनिता पटेल, ग्राम-डिहरा, पो.-मुंजी, थाना-काराकाट के द्वारा चरित्र सत्यापन करने हेतु आवेदन दिया गया जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु पुलिस अधीक्षक रोहतास को भेजा गया। इसी प्रकार आवेदक रामफल प्रसाद, मुहल्ला-दलेलगंज, थाना-दरिगांव, पो-सिकरियां के द्वारा जिला भू-अर्जन के द्वारा अर्जित भूमि एन एच-19 सड़क निर्माण भूमि विवाद के संबंध में आवेदन प्राप्त किया गया जिसे अविलंब निष्पादन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रोहतास को अग्रसारित किया गया। इसी प्रकार अन्य प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित पदाधिकारियों को समुचित आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

# आहर में 29 वर्षीय युवक की डूबने से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** मउ थाना क्षेत्र के चितौखर ग्राम स्थित आहर में बुधवार की रात्रि शौच क्रिया करने करने गए एक 29 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी स्वजनों को गुरुवार की सुबह मिली। मृतक की पहचान चितौखर ग्राम निवासी जानकी मांझी के पुत्र बसंत मांझी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार बसंत बुधवार की रात्रि शौच क्रिया करने आहर के समीप गये थे जिसके बाद नहीं लौटे थे। गुरुवार की सुबह स्वजनों को आहर में शव होने की सूचना मिली जिसके बाद घटनास्थल पर स्वजनों ने पहुंच शव की शिनाख्त की। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय ग्रामीण की मदद से शव को बाहर निकाला व कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल भेजा। स्वजनों ने आशंका जताई कि अंधेरे में आहर में पैर फिसलने के कारण डूब गया व रात होने के कारण किसी को खबर नहीं लगी जिससे बसंत की मौत हो गई। मउ थाना के प्रभारी सुशांत कुमार रजक ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया।

# डीआरडीए सभागार से नशा मुक्ति दिवस का दिखाया गया लाइव स्ट्रीमिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सासाराम।** नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर सासाराम रेलवे स्टेशन से सरकारी छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी में 'बिहार की बेटियां करे पुकार, नशामुक्त हो अपना बिहार', नशे का जो हुआ शिकार, उजड़ा उसका घर परिवार', 'हमने यह ठाना है, बिहार को नशामुक्त बनाना है' नशे की लत एक बीमारी है, इससे दूर रहना समझदारी है' नारों के साथ शहर के पुरानी जीटी रोड होते हुए फजलगंज स्टेडियम गयी। इसमें जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, मद्य निषेध विभाग के सभी क्षेत्रीय पदाधिकारीगण एवं कर्मी उक्त प्रभातफेरी पर उपस्थित रहे। फजलगंज स्टेडियम पहुंचने पर पदाधिकारियों द्वारा सभी बच्चों को शराब का सेवन नहीं करने संबंधित शपथ दिलायी गयी। जीविका दीदियों द्वारा 'महिलाओं की यही पुकार, नशामुक्त हो अपना बिहार' का नारा पंचायतों एवं वार्डों में दिया गया। साथ ही अभिभावकों को शराब नहीं पीने से संबंधित शपथ दिलवायी गयी। पंचायत विभाग के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने पंचायत में शराब का सेवन नहीं करने संबंधित शपथ दिलवायी गयी। कला-जत्था के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशीले पदार्थो और जहरीली शराब या ताड़ी से हुए मौत के पूर्वोदाहरण की जानकारी के साथ-साथ उसके सेवन के अन्य दुष्परिणामों का सम्पूर्ण जिला में 26.11.2025 को पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया। नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से महिलाओं की यही पुकार, नशामुक्त हो अपना बिहार अभियान चलाकर शराब, तम्बाकू एवं गुटखा के दुष्प्रभावों से आमजनों को जागरुक करने हेतु 26 नवंबर 2025 को प्रचार-प्रसार किया गया। तत्पश्चात प्रातः 10 बजे से नशा मुक्ति दिवस पर डीआरडीए सभागार, सासाराम में नशा मुक्ति दिवस का कार्यक्रम के लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग की व्यवस्था एनआईसी, रोहतास द्वारा प्रस्तारित किया गया। इसमें प्रबुद्ध व्यक्तियों, जीविका दीदियों, जिलाधिकारी रोहतास, डीडीसी रोहतास, जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहतास, सहायक आयुक्त मद्य निषेध रोहतास एवं अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारीगण आदि उपस्थित रहे। नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर निबंध लेखन में प्रथम स्थान नंदनी कुमारी, द्वितीय स्थान सोनम कुमारी एवं तृतीय स्थान प्रीति कुमारी, चित्रकला में प्रथम स्थान रिया राज, द्वितीय स्थान पूजा कुमारी, तृतीय स्थान सावनी कुमारी, वाद-विवाद में प्रथम स्थान शब्बा नुरी एवं लक्की कुमार, द्वितीय स्थान श्रेया कुमारी तथा तृतीय स्थान वर्षा कुमारी को नेशनल बुक ट्रस्ट स्वतंत्रता संग्राम/ महापुरुषों की जीवनी से संबंधित ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें पुरस्कार स्वरुप जिलाधिकारी रोहतास के द्वारा डीआरडीए सभागार में प्रदान किया गया।

# बाल विवाह हमारे समाज की गंभीर कुप्रथा : उर्मिला देवी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के पहले वर्षगांठ के अवसर पर सुमन कार्यालय में 100 दिवसीय सघन अभियान के शुभारम्भ-सह-शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमन की सचिव उर्मिला देवी ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बाल विवाह हमारे समाज की एक गंभीर कुप्रथा है जिसकी जड़ अशिक्षा में है जब तक समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक इस प्रथा को समाप्त करना कठिन है। बाल विवाह बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना देता है, इसलिए हमें एकजुट होकर इसे रोकने के लिए प्रयासरत रहना होगा। उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। 'हम न तो बाल विवाह करेंगे, न किसी को करने देंगे और हर बच्चे के सुरक्षित भविष्य की रक्षा हेतु सदैव खड़े रहेंगे।' इस अवसर पर सुमन के अध्यक्ष डॉ ठाकुर रवींद्र नाथ ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर धर्मवीर कुमार, सिंटू कुमार, नीलू कुमारी, नीलम कुमारी, अवध बिहारी, प्रिंयका कुमारी, सोनी कुमारी, शीतल कुमारी, मधु कुमारी सहित कई उपस्थित थे। सभी ने मिलकर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# बाल विवाह मुक्त भारत पर परिचर्चा का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम समन्वय बिहार शिक्षा परियोजना के आदेशानुसार स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए विद्यालय के छात्राओं के बीच परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस क्रम में बच्चों को यह बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र में शादी बाल अपराध होती है तथा इस कार्य में संयुक्त व्यक्तियों को कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अतः बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए हमें लोगों को जागरूक करना होगा और उन्हें बताना होगा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है जो बालिकाओं की शिक्षा सुरक्षा स्वास्थ्य और विकास में बाधा है तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र और शिक्षक ने शपथ ली और बाल विवाह के किसी भी प्रयास की सूचना पंचायत और सरकार को देने का शपथ लिया तथा बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करने और बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का शपथ लिया। बाल विवाह मुक्त भारत के प्रतिज्ञा दिवस के अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका चंचल द्विवेदी नरेश प्रसाद, सुजाता प्रसाद, मोनू गुप्ता, नसरीन उपस्थित रही।

# आरपीएफ की सक्रियता से बची वरिष्ठ व्यक्ति की जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बुधवार को गाड़ी संख्या-13306 डाउन (सासाराम-धनबाद एक्सप्रेस) डिहरी ऑन-सोन स्टेशन प्लेटफार्म संख्या-04 पर समय-16.15 बजे आई और ट्रेन के ठहराव के दौरान एक वृद्ध व्यक्ति जिनके पैर में प्लास्टर लगा हुआ था को उनके पुत्र द्वारा उतारने का प्रयास किया ही जा रहा था कि ट्रेन खुलकर गंतव्य को प्रस्थान कर गयी। ट्रेन के खुलते ही वृद्ध व्यक्ति अपना संतुलन खो दिये और गिरकर चलती ट्रेन एवं प्लेटफार्म के बीच जाने ही वाले थे कि ड्यूटी में तैनात रेलवे सुरक्षा बल के प्रधान आरक्षी बनवारी लाल चंदवारा द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया और ट्रेन के नीचे जाने नहीं दिया। यह देखकर आरक्षी विकास कुमार ट्रेन मैनेजर की ओर ट्रेन रोकने के लिए चिल्लाते हुए दौड़ पड़े। भीड़ भाड़ देखकर एवं चिल्लाने की आवाज सुनकर कार्यरत ट्रेन मैनेजर ने प्रेशर ड्रॉप कर ट्रेन को तुरंत रोक दिया जिसके बाद वृद्ध व्यक्ति को खिंचकर सुरक्षित प्लेटफार्म पर किया गया जिससे की वृद्ध व्यक्ति की जान बचाई जा सकी। पूछने पर वृद्धि व्यक्ति ने अपना नाम -पता शिवकुमार सिंह, उम्र करीब-81 वर्ष, पिता स्वर्गीय रामस्वरूप सिंह, ग्राम मकराईन वार्ड नंबर 12, थाना-डालमियानगर, जिला-रोहतास बताते हुए बताए कि मैं अपने पोते संतोष कुमार के साथ सदर अस्पताल सासाराम से पैर में प्लास्टर लगवाकर वापस डिहरी आ रहा था निर्धारित समय में मैं गाड़ी से नहीं उतर पाया और उतरने के प्रयास में मैं गिरने ही वाला था कि आप लोगों द्वारा मुझे बचाया गया। बल सदस्यों की सूझबूझ एवं प्रयास से उक्त वृद्ध व्यक्ति की जान बचाई गई जिसके लिए वहां मौजूद यात्रियों एवं पीड़ित महिला यात्री शिव कुमार सिंह द्वारा आरपीएफ के कार्य की सराहना करते हुए जान बचाने के लिए धन्यवाद दिया।

# मध्य विद्यालय मौडीहा के छात्रों ने बाल विवाह के विरुद्ध ली शपथ, समाज में जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** मध्य विद्यालय मौडीहा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली जहां कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के सभी छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ दृढ़ संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने शपथ ली कि वे स्वयं कभी बाल विवाह नहीं करेंगे और न ही किसी को इसके लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने समाज में जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी भी अपने कंधों पर ली। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कमल रंजन, शिक्षक कुमार वासुदेव, रमेश कुमार तथा शिक्षिका रिंकी कुमारी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के इस साहसिक और संवेदनशील निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि बाल विवाह समाज और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक बड़ी बाधा है। यदि बच्चे स्वयं इस लड़ाई में आगे आएंगे तो निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव होगा। प्रधानाचार्य कमल रंजन ने कहा कि यह पहल दर्शाती है कि मौडीहा विद्यालय के विद्यार्थी केवल शिक्षा ही नहीं प्राप्त कर रहे, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझते हुए समाज सुधार में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट पुलिस ने बुधवार की रात गुप्त सूचना पर बेरकप गांव में छापेमारी कर 15 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को धर दबोचा। इस संबंध में थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि बुधवार की रात गुप्त सूचना मिली कि बेरकप गांव निवासी स्वर्गीय जगदीश पासवान के 36 वर्षीय पुत्र विमलेश कुमार के द्वारा शराब की बिक्री किया जा रहा है। वहीं सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर घेराबंदी कर छापामारी किया गया जहां 15 लीटर देसी महुआ शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# बाल विवाह निषेध दिवस पर राजेंद्र विद्यालय में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** आईसीएसई राजेंद्र विद्यालय, सासाराम में बाल विवाह निषेध शपथ दिवस बड़े ही संवेदनशीलता एवं जागरूकता के उद्देश्य से मनाया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति की उपस्थिति में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया तथा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें सभी ने यह संकल्प दोहराया कि वे समाज में बाल विवाह की प्रथा को रोकने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सोच-परिचर्चा सत्र से हुई जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है बल्कि एक बच्चे के भविष्य, शिक्षा और मानसिक विकास पर गंभीर प्रभाव छोड़ता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों निखि, सौरभ, अमन, अमृत, प्रगति, सिम्मी, कल्याणी, स्नेहा, श्रेया, अक्षिता, मनु, श्रिष्टि, कृष्णा, अनुष्का सहित कई छात्रों ने मंच पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा समाज से बाल विवाह समाप्त करने का आह्वान किया।


**e-Procurement Cell**
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**
Tender Ref. No.-20/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26-Date: 26.11.2025

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Six (06) court Rooms at Second (2nd) Floor of Civil Court, Palamu at Daltonganj. | 51,83,100.00 | 06 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 06-12-2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 13-12-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 16-12-2025 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer,**
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 367212 (Building) 25-26 (D)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-19/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 06.12.2025 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 08.12.2025 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 08.12.2025 From 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle - No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Four (04) Court Rooms at First (1st) Floor of Civil Court Palamu at Daltonganj. | 3384101.00 | 68000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Renovation of Four (04) Chambers, Ten (10) Offices and Munsaf Office at Second (2nd) Floor of Civil Court, Palamu at Daltonganj. | 3400400.00 | 68500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3. | Renovation of Floor in Inner and Outer Corridors of 1st and 2nd Floor and all Stairs of Main Civil Court Building at Civil court, Palamu at Daltonganj. | 2492500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

PR 367209 Building (25-26)_D

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj**

# लंबित वारंटों के निष्पादन में लाएं तेजी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** नीलाम पत्र वादों एवं ऋण वसूली की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला अंतर्गत लंबित वादों के निष्पादन, तामिला की स्थिति, वारंट निष्पादन एवं बकायेदारों पर की जा रही कार्रवाई की समग्र समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी थाना प्रभारियों से बीडब्लू वारंट निष्पादन की अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया गया। अवलोकन के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि मदनपुर एवं हसपुरा थाना क्षेत्रों में 60 से अधिक बीडब्लू वारंट अभी तक लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए थाना प्रभारियों को दो दिनों के भीतर सभी लंबित बीडब्लू वारंट पर आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में यह भी प्रतिवेदित किया गया कि जिले में कुल 704 तामिला थाना प्रभारियों द्वारा वापस कर दिया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि तामिला लौटाना किसी भी स्थिति में समाधान नहीं है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि बकायेदारों की पहचान सुनिश्चित कर प्रभावी कार्रवाई के माध्यम से ऋण की वसूली करें ताकि नीलाम पत्र वादों में ठोस प्रगति सुनिश्चित हो सके। जिला एवं प्रखंड स्तरीय नीलाम पदाधिकारियों की समीक्षा में यह पाया गया कि चुनावी व्यस्तता के कारण वादों के निष्पादन की गति प्रभावित हुई है। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया कि सभी संबंधित पदाधिकारी अविलंब लंबित वादों की समीक्षा कर नियमित सुनवाई सुनिश्चित करें तथा उच्च राशि वाले मामलों में त्वरित तामिला जारी कर उसके पश्चात आवश्यक चेतावनी एवं वसूली की कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी कहा कि वसूली नहीं होने की स्थिति में वारंट जारी कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि सरकारी राजस्व एवं ऋण वसूली कार्य प्रभावित न हो। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, नीलाम पत्र शाखा के प्रभारी पदाधिकारी रितेश कुमार यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैक से दो अज्ञात शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रेलवे ट्रैक से दो अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। पहली घटना नवीनगर थाना क्षेत्र के रजौरिया अंडर पास का है जहां से क़रीब 55 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई लेकिन कोई भी व्यक्ति मृतक की पहचान नहीं कर सका। पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर अनुमान लगाया है कि अधेड़ व्यक्ति की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई होगी। पुलिस शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजकर जांच में जुटी है। दूसरी घटना जम्होर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर के समीप की है। जहां रेलवे ट्रैक से बुधवार की देर शाम 60 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी



फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, परंतु मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर मृतक की पहचान और घटना की परिस्थितियों का सुराग जुटाने में लगी हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों शव को पोस्टमार्टम करवा कर 72 घंटों के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। पुलिस आसपास के थाना यथा विभिन्न स्त्रोतों से शव का शिनाख्त करने में जुटी है। इस दौरान पुलिस पता लगा रही है। ये दोनों कहां के रहने वाले थे और कहां जा रहे थे। वावजूद यदि शव का पहचान नहीं होता है तो सरकारी प्रक्रिया के तहत शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

# सदर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल में इलाज के दौरान 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के बरियावां गांव निवासी ललित नारायण सिंह की पत्नी बबिता देवी के रूप में हुई है। वैसे, परिजनों ने ठंड से मौत की आशंका जताई है। जबकि सदर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा ठंड से मौत की पुष्टि नही है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व बबिता बिल्कुल पूरी तरह स्वास्थ्य थी। इधर, कुछ दिनों से ठंड अपनी कहर बरपा रही है। कड़ाके के ठंड और कनकनी लोगों को सताने लगी है। अचानक महिला को उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। स्थिति बिगड़ने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देव पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पता चला कि सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हालांकि महिला की मौत के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम नही कराया। सदर अस्पताल प्रबंधक प्रफुल्ल कांत निराला ने बताया कि एक महिला की मौत हुई है, लेकिन ठंड से मौत की पुष्टि नही है। परिजनों ने पोस्टमार्टम भी नही कराया। अगर पोस्टमार्टम कराया जाता तो महिला की मौत कैसे हुई इसकी स्पष्ट जानकारी मिल सकती थी। पोस्टमार्टम में ठंड से मौत की बात सामने आने पर सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा राशि का भी प्रावधान है।

# आधा दर्जन से अधिक अवैध आरा मिलों को किया सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा(औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में अवैध रूप से संचालित आरा मिलों के खिलाफ वन विभाग ने गुरुवार को कार्रवाई की। बिना लाइसेंस के चोरी-छिपे जंगलों से लकड़ी काटकर आरा मशीन चलाने वाले संचालकों पर अब विभाग का शिकंजा कस गया है। डीएफओ रुचि सिंह के निर्देश पर की गई इस संयुक्त कार्रवाई में विभाग की टीम ने कुटुंबा और नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के संडा, रामनगर, टंडवा, खपरमंडा, बेला, नवीनगर, बड़ेम और तिवारी बिगहा समेत कई स्थानों पर छापेमारी कर आधा दर्जन से अधिक अवैध आरा मिलों को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान संडा में राहुल शर्मा और प्रमोद शर्मा, रामनगर में गया शर्मा, खपरमंडा में कन्हाई शर्मा व मोहनलाल शर्मा, बेला में बसंत मेहता और बड़ेम और तिवारी डीह में उपेंद्र सिंह के आरा मिल को उखाड़कर जब्त कर लिया गया। टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से कई मशीनों और लकड़ी चिराई से संबंधित उपकरणों को उखाड़ दिया। बड़ी मात्रा में कीमती लकड़ी भी जब्त की। जैसे ही छापेमारी की भनक लगी अधिकांश आरा मिल मालिक और



मजदूर वहां से फरार हो गए। विभाग ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड बॉर्डर से लगे इलाकों में लंबे समय से अवैध आरा मिल संचालित किए जा रहे थे। जांच के बाद आरोप सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। संबंधित मशीन मालिकों के खिलाफ बिहार काष्ट चिरान विनियमन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वन विभाग की टीम में महाराजगंज वन प्रक्षेत्र के आरओएफ अविनाश कुमार, वनपाल निरंजन कुमार, विकास कुमार, वनरक्षी सूरज कुमार, राजू कुमार, मिथिलेश कुमार, प्रशांत कुमार, संतोष कुमार और मांडवी कुमारी सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे। अवैध मिलों के कारण लाइसेंसधारी संचालकों को भारी आर्थिक क्षति झेलनी पड़ रही है। पलामू और आसपास के जंगलों से चोरी की लकड़ी कम दामों पर अवैध मिलों में बिकती है जिससे फर्नीचर बाजार का संतुलन बिगड़ता है और सरकार को भी हर साल लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान होता है। वन विभाग की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और आगे भी ऐसी छापेमारी अभियान जारी रहने की संभावना है।

# जनता दरबार लगा एसपी ने लोगों की सुनी समस्याएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाया। उन्होंने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आये लोगों की फरियाद सुनी। कई मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये। फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस का काम सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को सुलझाना भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी मामलों में निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता के लिए पुलिस के दरवाजे हमेशा खुले हैं। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर संबंधित थानों को सूचना दे सकते हैं। थाना स्तर पर मामलों की सुनवाई नहीं होने पर वरीय अधिकारियों से इसकी शिकायत कर सकते हैं। जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निदान के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की छात्राओं ने ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** गुरुवार को दीप ज्योति कल्याण संस्थान के बैनर तले बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड के ग्राम पंचायत एरकीकला के उच्च माध्यमिक विद्यालय एरकीकला प्रोजेक्ट जय प्रभा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय मदनपुर, राजकीय कृत अनुग्रह +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय मदनपुर समेत अन्य विद्यालय में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य और महत्व के बारे में बताया गया। संस्थान के जिला समन्वयक रितेश कुमार ने बताया कि वे 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चला रहे हैं, जिसका उद्देश्य बाल विवाह को उखाड़ फेंकना है। इस अभियान के तहत स्कूलों, धार्मिक स्थलों, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। रितेश कुमार ने कहा कि यह 100 दिवसीय गहन अभियान देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा और हमें प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य के करीब लाएगा। संगठन ने बताया कि उन्होंने पिछले एक वर्ष में 300 बाल विवाह रुकवाए हैं और इस अभियान को और गति व मजबूती देने के लिए सरकार की घोषणा का स्वागत करते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। शपथ में कहा गया कि वे बाल विवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे।

## उर्दू भाषी छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता 6 को

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** उर्दू भाषा के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने हेतु उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना अंतर्गत जिला स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 6 दिसंबर को सुबह 10 बजे से नगर भवन में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों के लिए आधार कार्ड आदि प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# विभिन्न मामलों में पांच वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** न्यायलय के निर्देश पर वारंट मामले में पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई तीन थानों की पुलिस द्वारा की गई है जिसमें बारून थाना की पुलिस द्वारा दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के शेख बिगहा निवासी मुजाहिद हुसैन एवं पितनुआ निवासी अजय कुमार सिंह के रूप में की गई है। वहीं गोह पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप भी दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के अकुरी गांव निवासी बसंत पासवान एवं नरेश पासवान को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा नवीनगर पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी सूर्यदेव सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक ये चोरों अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे थे। मामले में लंबे समय से फरार रहने के कारण न्यायलय से वारंट निर्गत किया गया था। इसी क्रम में चारों पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया।

# नशामुक्ति को ले कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय टाइप थ्री मे नशा मुक्ति अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रधानाध्यापक नागेंद्र सिंह ने नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने को लेकर आहवान किया और सभी उपस्थित छात्राओं से कहा कि आप अपने आस पास के क्षेत्रों एवम अभिभावकों को किसी प्रकार की नशा सेवन करने से बचने का आहवान करें। कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक बीमारियां उत्पन्न होती है। इसे निपटने हेतु सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता मंत्रालय ने 15 अगस्त 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुवात



की है। नशीली चीजों और पदार्थों के निवारण के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है। इसके प्रति जागरूक होकर लोगों को प्रेरित करे और नशा मुक्त समाज बनाने को दृढ़ संकल्पित रहे। मौके पर शिक्षक पीयूष आनंद, लता कुमारी, सायदा फातमा, नंदनी भारद्वाज, मुना कुमार, सत्यप्रकाश कमलेश कुमार समेत विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

## वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सदर प्रखंड परिसर में स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का गुरुवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में वेयर हाउस की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार प्रत्येक माह ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा वेयरहाउस में रखे गए ईवीएम एवं वीवीपैट के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था एवं अभिलेखों की गहन जांच की गई। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-01 विनोद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली, सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्य उपस्थित रहे।

# बाल विवाह व लैंगिक असमानता के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के कन्या उच्च विद्यालय, मदनपुर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डीएचईडब्ल्यू, दीप ज्योति, बेटी बचाओ आंदोलन संस्था तथा महिला एवं बाल विकास निगम औरंगाबाद के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान डीएचईडब्ल्यू से कंचन कुमारी (एफएलएस) एवं चन्दन कुमार (जीएस) द्वारा बाल विवाह, जेंडर आधारित हिंसा तथा लैंगिक भेदभाव के दुष्परिणामों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जिले में बाल विवाह से संबंधित किसी भी सूचना



पर बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत जिला प्रशासन द्वारा तत्क्षण कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। समाज के सभी वर्गों में जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न स्तरों पर विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही विद्यालय एवं समुदाय स्तर पर बाल संरक्षण संबंधी पहलों को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की बात कही गई। समारोह में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बेटी बचाओ आंदोलन एवं दीप ज्योति संस्थान से मंजीत कुमार, संस्थान के कर्मी, मुकेश कुमार (लेखा सहायक), माधुश्री (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एनएनएम), विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

बिहार सरकार
कृषि विभाग
**किसान भाइयों एवं बहनों से अपील**
फसल अवशेष जो जलायें । पर्यावरण, उर्वरा, उत्पादकता खोयें ।।

सामान्यतया यह देखा जा रहा है कि किसान भाई/बहन फसलों के अवशेष (पुआल, खुँटी आदि) को खेतों में जला देते हैं। ऐसा करने से मिट्टी एवं पर्यावरण को निम्नांकित नुकसान पहुँचता है:–

- फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ता है जिसके कारण मिट्टी में उपलब्ध जैविक कार्बन जो पहले से ही हमारी मिट्टी में कम है और भी जल कर नष्ट हो जाता है। फलस्वरूप मिट्टी की उर्वरा-शक्ति कम हो जाती है।
- फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी का तापमान बढने के कारण मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्म जीवाणु, केंचुआ आदि मर जाते हैं। इनके मिट्टी में रहने से ही मिट्टी "जीवन्त" कहलाता है। अवशेषों को जलाने से हम मिट्टी को "मरनासन्न" अवस्था की ओर ले जा रहे हैं।
- जमीन के लिए जरूरी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं।
- अवशेष को जलाने से मिट्टी में नाइट्रोजन की कमी हो जाती है, जिसके कारण उत्पादन घटता है।
- फसल अवशेषों को जलाने से वायुमंडल में कार्बनडाइऑक्साइड ($CO_2$) की मात्रा बढ़ती है, जिसके कारण वातावरण प्रदूषित होता है एवं जलवायु परिवर्तन का कारण बनता है।
- एक टन फसल के अवशेष जलने से लगभग 60 किलोग्राम कार्बन मोनोऑक्साइड, 1460 किलोग्राम कार्बन डाईऑक्साइड तथा 2 किलोग्राम सल्फर डाईऑक्साइड गैस निकलकर वातावरण में फैलता है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुँचता है।





PR No.- 018477 (Agriculture)D. 2025-26

**अतः आप किसान भाइयों एवं बहनों से अपील है कि**

- यदि फसल की कटनी हार्वेस्टर से की गई हो तो खेत में फसलों के अवशेष पुआल, खुँटी आदि को जलाने के बदले खेत की सफाई हेतु बेलर मशीन का प्रयोग करें।
- अपने फसल के अवशेषों को खेतों में जलाने के बदले वर्मी कम्पोस्ट बनाने, मिट्टी में मिलाने, पलवार विधि (Mulching) से खेती आदि में व्यवहार कर मिट्टी को बचायें तथा संधारणीय कृषि पद्धति में अपना योगदान दें।

**पुआल कूड़ा नहीं, खेती का गहना है। इसे मिट्टी में मिलाना है, कभी नहीं जलाना है। यह अवशेष नहीं, विशेष है।**